दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | देश विदेश

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 25 फरवरी 2024, वर्ष-13 अंक- 19 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

एमएसपी की गारंटी देने की मांग को लेकर किसान आंदोलन की राह पर हैं। सरकार से अपनी मांग मनवाने के लिए सभी को आंदोलन करने का अधिकार है। किसान भी ऐसा कर रहे हैं। तो इसमें कोई बुराई नहीं है। वैसे किसान इस जद्दोजहद से बच सकते हैं। आसान रास्ता चुन सकते हैं। उन्हें चाहिए कि वे आंदोलन खत्म कर वापस लौट जाएं और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने पूरी ताकत से जुट जाएं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वादा किया है कि उनकी सरकार बनी तो एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। हर्रा लगेगा न फिटकरी रंग चोखा।

देश के विकास में छत्तीसगढ़ का विशेष योगदान : मोदी

- पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ में 34 हजार 427 करोड़ रुपए की योजना का किया लोकार्पण-शिलान्यास
- मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में प्रतिबद्ध, छत्तीसगढ़ को बना रहे सशक्त- विष्णु देव साय

बिलासपुर/रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी रायपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रदेश में 34 हजार 427 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इनमें 18 हजार 897 करोड़ रुपए की लागत वाली 9 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 15 हजार 530 करोड़ रुपए की एक परियोजना का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के विकास में छत्तीसगढ़ का विशेष योगदान है। विकसित छत्तीसगढ़ से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पास परिश्रमी किसान हैं। प्रतिभाशाली नौजवान हैं और प्रकृति का खजाना है। यहां विकसित होने की सारी संभावना मौजूद है। आज छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़ी लगभग 35 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इनमें कोयले से जुड़े, सौर ऊर्जा से जुड़े और कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी पर हो रहा तेजी से काम : साय

सीएम विष्णु देव साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में मोदी जी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ को संवारने का काम तेजी से हो रहा है। मोदी जी ने छत्तीसगढ़ के लोगों को गारंटी दी थी कि हमारी सरकार आने पर सुशासन स्थापित करते हुए नागरिकों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लायेंगे। इसके परिपालन में सरकार ने पहले ही दिन से ही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

धर्म, संस्कृति और आध्यात्म का संगम
राजिम कुंभ कल्प 2024 का शुभारंभ

- माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी

राजिम/नवप्रदेश। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुन्नी स्नान के पुण्य लाभ प्राप्त किया। इसी के साथ राजिम कुंभ कल्प मेला का भी शुभारंभ हो गया। आज माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर अचंल सहित प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पैरी सोढूर और महानदी में तडके सुबह से डुबकी लगाकर अपने आप को धन्य किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ श्री राजीव लोचन और कुलेश्वरनाथ महादेव के मंदिर पहुंचकर दर्शन कर अपने परिवार की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। दोनों मंदिरों के अलावा श्रद्धालु लोमश ऋषि आश्रम, राजिम भक्तिन माता मंदिर, मामा-भांचा मंदिर, राजराजेश्वर, दानदानेश्वर, बाबागरीब नाथ महादेव के दर्शन किए।

कई महिलाएं एवं युवतियां तीनों नदी, पैरी, सोढूर और महानदी की धार में डुबकी लगाने के बाद नदी के रेत में शिवलिंग बनाकर उसमें नारियल, बेल पत्ता, धतुरे का फूल, दूध चढ़ाकर पूजा अर्चना किया और नदी के धार में दीपदान किए। सूर्योदय के पूर्व पुन्नी स्नान का बड़ा महत्व है। दीप दान किए जाने का भी धार्मिक महत्व है, इसलिए नदी की धार में दीप दान कर श्रद्धालु सीधे श्री राजीव लोचन और भगवान श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन के लिए लोग पहुंचे।

चुनावी रणनीति के लिए गृह मंत्री शाह आज रहेंगे मध्यप्रदेश के दौरे पर

भोपाल (वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 फरवरी को एक दिवसीय मध्यप्रदेश यात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लोकसभा चुनाव संबंधी तैयारियों के मद्देनजर बैठकें करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार शाह रविवार सुबह दिल्ली से विशेष विमान से रवाना होकर ग्वालियर पहुंचेंगे। शाह ग्वालियर में ग्वालियर और चंबल क्लस्टर की प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित कर लोकसभा चुनाव संबंधी आवश्यक दिशानिर्देश पार्टी नेताओं को देंगे। इसके बाद शाह खजुराहो पहुंचकर वहां पर लोकसभा बूथ समिति सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा के विजन पर चर्चा करेंगे। सूत्रों ने कहा कि शाह इस बैठक के बाद विशेष विमान से भोपाल आएंगे। वे भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित वृहद प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल होंगे और अपना संबोधन देंगे। इसके बाद वे विशेष विमान से वापस रवाना हो जाएंगे।

अब दिल्ली कूच के लिए 11 मार्च को 500 ट्रेक्टरों के साथ पहुंचेंगे जयपुर

जयपुर (वार्ता)। राजस्थान में किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की गारंटी का कानून बनाने की मांग को लेकर अब दिल्ली कूच के लिए 11 मार्च को 500 ट्रेक्टरों के साथ जयपुर पहुंचेंगे। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि एमएसपी पर खरीद की गारंटी के कानून के आंदोलन के क्रम में 11 मार्च को 500 से अधिक ट्रैक्टर जयपुर पहुंचेंगे और इसके बाद दिल्ली कूच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली कूच के लिए गत 21 फरवरी को टोंक जिले से 106 ट्रैक्टरों के द्वारा जयपुर कूच किया गया था, जिन्हें पुलिस थाना बरौनी के क्षेत्र में रोकने पर पड़ाव डाला गया, जो रात साढ़े बारह बजे तक चला ।

गुपचुप खाने से 60 लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ा, 16 लोग अस्पताल में भर्ती

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले के ग्राम डंगनिया में एक धार्मिक कार्यक्रम में गुपचुप खाने से 60 लोगों की हालत बिगड़ गई। जिनमें से 16 लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बेमेतरा के चीफ मेडिकल हेल्थ ऑफिसर डॉ. एसआर चुरेन्द्र से मिली जानकारी अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) ग्राम कारेसरा अंतर्गत आने वाले ग्राम डंगनिया में एक धार्मिक कार्यक्रम था। कार्यक्रम स्थल के बाहर

गुपचुप की दुकान में लोगों ने गुपचुप खाया था। इसके बाद धीरे-धीरे कई लोगों को उल्टी-दस्त होने लगी। 16 लोग ज्यादा प्रभावित हुए। इनमें से 8 लोगों को थानखम्हरिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी आज करेंगे सुदर्शन सेतु का लोकार्पण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 फरवरी को जामनगर, देवभूमि द्वारका और पोरबंदर जिलों में 4153 करोड़ रुपये की 11 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। सरकारी सूत्रों ने बताया कि द्वारका में पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट 'सुदर्शन सेतु' (सिग्नेचर ब्रिज) का लोकार्पण होना है। इससे अब द्वारका से बेट द्वारका जाने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

सुकमा (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटनास्थल से हथियार भी मिले हैं। कुछ नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना है। इस क्षेत्र में और पुलिस बल बुलाकर तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि सुकमा जिले के बुर्कालंका इलाके में तड़के तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ हुयी। एक नक्सली मारा गया। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने कहा कि संबंधित क्षेत्र में तलाशी अभियान और तेज किया गया है।

छत्तीसगढ़ में तीन दिनों में करोड़ों की जीएसटी चोरी का खुलासा

- स्टेट जीएसटी विभाग ने 11 व्यापारियों के यहां छापा मारा था

रायपुर (वार्ता)। छत्तीसगढ़ में राज्य के जीएसटी विभाग ने पिछले तीन दिनों में कई स्थानों पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों में छापा मारकर करोड़ों रुपयों के टैक्स की चोरी पकड़ी है। विभाग द्वारा न केवल आई टी टूल्स का प्रयोग कर चोरी पकड़ने में किया जा रहा है, बल्कि ई-वे-बिल की जांच से प्राप्त सूचनाओं, फील्ड से एकत्र की जा रही सूचनाओं के आधार पर भी कार्यवाई की जा रही है। स्टेट जीएसटी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, जांजगीर और मनेन्द्रगढ़ में 11 व्यापारियों आरएआईएस पेट्रोलियम रायपुर, ए. एस. माइनिंग मनेन्द्रगढ़, स्काइ अलोय एंड पावर लिमिटेड रायगढ़, केंडिड सिक्योरिटी रायपुर, पिलानिया स्टील दुर्ग, पिलानिया इंडस्ट्रीज़ दुर्ग, रेफ्क्स इंडस्ट्रीज़ जांजगीर, अग्रवाल स्टील एंड पाइप रायपुर, श्याम स्टील इंडस्ट्रीज़ रायपुर, ईश्वर इस्पात, रायपुर एवं ईश्वर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 22 श्रद्धालुओं की मौत

कासगंज (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में कासगंज जिले के थाना पटियाली क्षेत्र में दरियावगंज के पास बड़ी दर्दनाक घटना घटी है। शनिवार को माघ पूर्णिमा के दिन कादरगंज गंगा घाट पर गंगा स्नान करने जाते समय श्रद्धालुओं से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली के तालाब में गिरने से 22 लोगों की मौत हो गयी। वहीं कई अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दुर्घटना का शिकार हुए लोग एटा के जैथरा थाना क्षेत्र के कसा गांव के बताये जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। मृतकों में सात बच्चे और आठ महिलाएं हैं। मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गयी है। प्राप्त सूचना के अनुसार मृतकों के परिजनों से मिलने और उनको ढांढस बंधाने के लिए तथा मृतकों का सम्मानजनक दाह संस्कार की निगरानी के लिए आगरा जोन की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अनुपम कुलश्रेष्ठ एटा जिले के जैथरा थाना क्षेत्र के कसा गांव पहुंचे। दुर्घटना की खबर मिलते ही पटियाली के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कासगंज की पुलिस अधीक्षक (एसपी) अपर्णा रजत कौशिक और जिला अधिकारी सुधा वर्मा भी मौके पर मौजूद रहे।

ट्रक से लहसुन की लूट, 11 गिरफ्तार

बड़वानी (वार्ता)। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र में ट्रक से ले जा रहे लहसुन लूटने के मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र के 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़वानी के एसपी पुनीत गहलोद ने लहसुन से भरे ट्रक की डकैती के मामले में अंतरराज्यीय गैंग के 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि देर रात आगरा मुंबई नेशनल हाईवे के बिजासन घाट पर लहसुन से भरे वाहन को 15 हथियार बन्द लोगों ने अपना ट्रक अड़ा कर रोका था। इसके बाद कांच तोड़ते हुए उसके ड्राइवर को उतार कर उसके हाथ पैर बांध दिए थे और उसे अपने वाहन में मारपीट करते हुए करीब 2 घंटे तक घुमाते रहे।

गरमा-गरम

केबिनेट का निर्णय... उत्तराखंड तो यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन चुका है

असम में भी यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू

गुहावाटी (वार्ता)। एक देश एक कानून के तहत उत्तराखंड के बाद असम में भी यूनिफॉर्म सिविल कोड की ओर कदम बढ़ा दिया गया है।

राज्य सरकार द्वारा बड़ा फैसला लेते हुए मुस्लिम मैरिज एक्ट को खत्म कर दिया गया है। ये अपने आप में एक बड़ा फैसला गया है क्योंकि इसे यूसीसी का पहला कदम माना जा रहा है। उत्तराखंड तो यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन चुका है, अब असम भी उस लिस्ट में शामिल होने की तैयारी कर रहा है। असल में असम सरकार ने शुक्रवार को बैठक बुलाई और मुस्लिम मैरिज और डिवोर्स एक्ट 1930 को खत्म कर दिया। अब राज्य सरकार का तर्क है कि बाल विवाह को रोकने के लिए ये कदम उठाया गया है, लेकिन जानकार मान रहे हैं कि इसका असर बड़े स्तर पर पड़ने वाला है। इसे यूसीसी लागू होने के पहले कदम के रूप में देखा जा रहा है। अभी तक सरकार ने इसे लेकर कुछ नहीं बोला है, लेकिन चर्चा तेज है। जानकारी के लिए बता दें कि बिस्वा सरकार ने कुछ समय पहले ही एक कमेटी का गठन किया था। उस कमेटी को हाई कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में बनाया गया था, तब कहा गया था कि इस्लाम में भी बहुविवाह अनिवार्य नहीं है। ऐसे में इस प्रथा को तोड़ने के लिए एक कानून बनाने की बात कही जा रही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जितनी मर्जी हो, कानून बना लो; मुस्लिम सिर्फ शरीयत मानेंगे : सपा सांसद

समाजवादी पार्टी के सांसद एसटी हसन ने असम सरकार द्वारा मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम को रद्द करने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि उनकी चाहे जितनी मर्जी हो, उतने कानून बना लेने दो, लेकिन मुसलमान सिर्फ शरीयत और कुरान ही मानेंगे। सपा सांसद ने कहा कि सारे टारगेट केवल मुस्लिम हैं।

इंफाल कॉलेज के पास बम विस्फोट में एक छात्र की मौत, दूसरा घायल

इंफाल (वार्ता)। मणिपुर की राजधानी इम्फ़ाल में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर में शुक्रवार रात हुए बम विस्फोट में एक छात्र की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने कहा कि विस्फोट परिसर के अंदर ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन (एएमएसयू) के कार्यालय की दीवार के पास हुआ। बम विस्फोट में दो छात्र, ओइनम केनेगी और सलाम माइकल घायल हो गये। दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां केनेगी ने दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में कल रात यहां तेरा में एक बम विस्फोट हुआ, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने कहा कि शनिवार तड़के अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक पत्रकार पर हमला करने और दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगाने की खबरें मिलीं। पुलिस ने कहा कि यहां लाम्फेलपत और माचा लीमा स्कूल में यूनाइटेड कमेटी मणिपुर (यूसीएम) के कार्यालयों को भी अज्ञात व्यक्तियों ने आग के हवाले कर दिया। आग पर काबू पाने के लिए शनिवार तड़के दमकल की गाड़ियां पहुंचीं।

दुविधा में टीएमसी, गठबंधन पर नहीं ले पा रही फैसला

नई दिल्ली(ए.)। लोकसभा चुनाव से पहले जिस इंडिया ब्लॉक में लगातार टूटने की खबरें आ रही थी उसने दोबारा रफ्तार पकड़ ली है. शुक्रवार को जहां लखनऊ में कांग्रेस और सपा गठबंधन का ऐलान हुआ, तो वहीं आज दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में पांच राज्यों के लिए चुनावी गठबंधन का ऐलान किया गया है।

लगातार हो रहे गठबंधन से विपक्षी दल खुश नजर आ रहे हैं और बीजेपी पर हमला कर रहे हैं. लेकिन इन सबके बीच बंगाल में अभी तक टीएमसी और कांग्रेस में बात नहीं बन पाई है। टीएमसी के साथ गंठबंधन को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, 'ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी है कि वह बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेंगी। पता नहीं फिर भी वो अभी क्यों दुविधा में है।

वो आधिकारिक रूप से कह नहीं पा रहे हैं कि बंगाल में गठबंधन नहीं हो सकता क्योंकि टीएमसी के नेता जानते है कि अगर इंडिया अलायंस में चुनाव नहीं लड़ा तो बंगाल के अल्पसंख्यक समुदाय के लोग टीएमसी को वोट नहीं करेंगे. बंगाल के MINORITY मानते है कि बीजेपी को हराना है. अगर टीएमसी इंडिया ब्लॉक से अलग होकर चुनाव लड़ती है तो उन्हें अल्पसंख्यक वोट नहीं मिलेंगे।'

अनिर्णय की स्थिति में टीएमसी : अधीर रंजन

टीएमसी को निशाने पर लेते हुए अधीर रंजन चौधरी ने कहा, 'अल्पसंख्यक लोगों की राय स्पष्ट है कि किसी भी हालत में सांप्रदायिक बीजेपी को हराना है. साथ ही बंगाल के आम हिंदुओं की भी ये राय है कि बीजेपी को हराना है. वहीं टीएमसी का एक वर्ग चाहता है कि गठबंधन बना रहे. और दूसरे वर्ग के मन में डर है कि अगर बंगाल में गठबंधन को ज्यादा तवज्जो दी जाती है तो मोदी की सरकार ईडी सीबीआई का इस्तेमाल हमारे खिलाफ करना शुरू कर देंगे. इसलिए ये दो दुविधा के बीच में फंसी टीएमसी कोई निर्णय नहीं ले पा रही है... हो सकता है दिल्ली में कुछ और बात हो रही है, लेकिन मैं बंगाल का अध्यक्ष हूं, मेरे पास इस तरह की कोई जानकारी नहीं है।'

जन संवाद यात्रा में अमेठी पहुंची स्मृति

अमेठी(वार्ता)। उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीट अमेठी में भारतीय जनता पार्टी अपना परचम लहराने के लिए पूरी जोर शोर से जुट गई है। केंद्रीय मंत्री एवं सांसद स्मृति ईरानी दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को यहां पहुंची। लोकसभा चुनाव से पहले लगातार जन संपर्क अभियान से राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। श्रीमती ईरानी ने जन संवाद यात्रा में सरकारी योजनाओं का लिया जायजा, लोगों से उनकी समस्याएं पूछीं तथा अधिकारियों को समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

न्यूज गैलरी

इंफाल कॉलेज के पास बम विस्फोट में 1 की मौत, दूसरा घायल

इंफाल(वार्ता)। मणिपुर की राजधानी इम्फाल में डीएम यूनिवर्सिटी परिसर में शुक्रवार रात हुए बम विस्फोट में एक छात्र की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया।पुलिस ने कहा कि विस्फोट परिसर के अंदर ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन (एएमएसयू) के कार्यालय की दीवार के पास हुआ। बम विस्फोट में दो छात्र, ओइनम केनेगी और सलाम माइकल घायल हो गये। दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां केनेगी ने दम तोड़ दिया।एक अन्य घटना में कल रात यहां तेरा में एक बम विस्फोट हुआ, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने कहा कि शनिवार तड़के अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक पत्रकार पर हमला करने और दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगाने की खबरें मिलीं।पुलिस ने कहा कि यहां लाम्फेलपत और माचा लीमा स्कूल में यूनाइटेड कमेटी मणिपुर (यूसीएम) के कार्यालयों को भी अज्ञात व्यक्तियों ने आग के हवाले कर दिया। आग पर काबू पाने के लिए शनिवार तड़के दमकल पहुंचें। वांगखेई में एक पत्रकार पर भी हमला किया गया। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

कश्मीर में बारिश, हिमपात के आसार

श्रीनगर(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में मंगलवार से मौसम मे होने वाले बदलाव से फिर बारिश और हिमपात होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को बताया कि इस सप्ताह जम्मू-कश्मीर में तीन दिनों तक लगातार बारिश और हिमपात हुआ। यहां अगले दो दिनों तक अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश और हिमपात के आसार हैं। एक-तीन मार्च तक अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या हिमपात का अनुमान है। इन तीन दिनों के दौरान कुछ स्थानों पर तेज़ हवाओं के साथ और ओलावृष्टि होने के भी आसार हैं।

राजधानी श्रीनगर में शुक्रवार देर रात का तापमान शून्य से कम 3.1 डिग्री सेल्सियस, गुलमर्ग में शून्य से कम नौ डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में शून्य से कम 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि जम्मू में न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस, कटरा में 5.4 डिग्री सेल्सियस, बटोटे में 0.1 डिग्री सेल्सियस, भद्रवाह में शून्य से कम 2.2 डिग्री सेल्सियस और बनिहाल में शून्य से कम 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

गृह मंत्री शाह आज एमपी में

भोपाल(वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 फरवरी को एक दिवसीय मध्यप्रदेश यात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लोकसभा चुनाव संबंधी तैयारियों के मद्देनजर बैठकें करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार श्री शाह रविवार सुबह दिल्ली से विशेष विमान से रवाना होकर ग्वालियर पहुंचेंगे। श्री शाह ग्वालियर में ग्वालियर और चंबल क्लस्टर की प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित कर लोकसभा चुनाव संबंधी आवश्यक दिशानिर्देश पार्टी नेताओं को देंगे। इसके बाद श्री शाह खजुराहो पहुंचकर वहां पर लोकसभा बूथ समिति सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सूत्रों ने कहा कि श्री शाह इस बैठक के बाद विशेष विमान से भोपाल आएंगे। वे भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित वृहद प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल होंगे और अपना संबोधन देंगे। इसके बाद वे विशेष विमान से वापस रवाना हो जाएंगे। मध्यप्रदेश में भाजपा ने इस बार सभी 29 सीटों पर पार्टी का परचम लहराने का लक्ष्य रखा है। पिछले चुनाव में उसने छिंदवाड़ा को छोड़कर शेष 28 सीटों पर विजय हासिल की थी।

एशियाई खेलों में सशस्त्र बलों के पदक विजेताओं की प्रोत्साहन राशि को मंजूरी

नई दिल्ली(वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गत सितंबर-अक्टूबर में चीन के हांगझू में आयोजित 19 वें एशियाई खेलों और चौथे एशियाई पैरा खेलों में पदक जीतने वाले सशस्त्र बलों के कर्मियों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन को मंजूरी दे दी है। एशियाई खेलों के साथ-साथ एशियाई पैरा खेलों के स्वर्ण पदक विजेताओं को 25 लाख रुपये, रजत पदक विजेताओं को 15 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 10 लाख रुपये का नकद इनाम मिलेगा।सशस्त्र बलों के अनेक एथलीटों ने इन खेलों में देश को गौरवान्वित किया था। रक्षा मंत्री ने उनकी वापसी पर उन्हें सम्मानित किया और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने सात पैरा एथलीटों सहित 45 पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देने की भी मंजूरी दी थी। इन 45 एथलीटों ने एशियाई खेलों में 09 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य पदक और एशियाई पैरा खेलों में 01 स्वर्ण, 04 रजत और 02 कांस्य पदक जीते।

जुलाई से लागू होंगे 3 नए क्रिमिनल लॉ राजद्रोह की जगह देशद्रोह का इस्तेमाल

नई दिल्ली। देश में तीन नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) 1 जुलाई से लागू होंगे। इन्हें भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने वाला बताया जा रहा है। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानून को अपनी सहमति दी थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी तीन अधिसूचनाओं के अनुसार, नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है।

संसद में तीनों विधेयकों पर हुई चर्चा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सवालों के जवाब दिए थे। उन्होंने कहा कि इन विधेयकों का जोर पूर्ववर्ती कानूनों की तरह दंड देने पर नहीं, बल्कि न्याय मुहैया कराने पर है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों और उनकी सजा को परिभाषित करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव लाना है। इनमें आतंकवाद की स्पष्ट परिभाषा दी गई है, राजद्रोह को अपराध के रूप में खत्म कर दिया गया है और राज्य के खिलाफ अपराध शीर्षक से एक नया खंड जोड़ा गया है।

कानून को लेकर क्या कहा

ये विधेयक सबसे पहले अगस्त में संसद के मॉनसून सत्र में पेश किए गए थे। गृह मामलों पर स्थायी समिति की ओर से कई सिफारिशें किए जाने के बाद सरकार ने विधेयकों को वापस लेने का फैसला किया। इसके बाद इन्हें नएपन के पेश किया गया था। शाह ने कहा था कि तीनों विधेयकों को व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है।

उन्होंने इन्हें सदन में पेश किए जाने से पहले मसौदा विधेयक के प्रत्येक अल्पविराम और पूर्णविराम पर गौर किया है। भारतीय न्याय संहिता अलगाववाद के कृत्यों, सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियां, अलगाववादी गतिविधियां या संप्रभुता या एकता को खतरे में डालने जैसे अपराधों को देशद्रोह कानून के नए अवतार में सूचीबद्ध किया गया है।

अखंडता को खतरे में डालने पर उम्रकैद

कानूनों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति अगर शब्दों या संकेतों या दृश्य प्रतिनिधित्व या इलेक्ट्रॉनिक संचार या वित्तीय या अन्य माध्यम से जानबूझकर अलगाववाद या सशस्त्र विद्रोह या विध्वंसक गतिविधियां भड़काता या भड़काने की कोशिश करता है या अलगाववादी गतिविधियों की भावना या संप्रभुत्ता व एकता और भारत की अखंडता को खतरे में डालने के लिए उकसाता है। ऐसे कृत्य के लिए उम्रकैद की सजा हो सकती है या 7 साल तक की सजा हो सकती है। साथ ही उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। देशद्रोह से जुड़ी भारतीय दंड संहिता की धारा 124 के अनुसार, अपराध में शामिल व्यक्ति को उम्रकैद की सजा या 3 साल की जेल की सजा का प्रावधान है। नए कानूनों के अनुसार, राजद्रोह के स्थान पर देशद्रोह शब्द लाया गया है।

एकनाथ शिंदे सरकार चालबाज कर रही साजिश : मनोज जरांगे

मुंबई। मराठों का आरक्षण देने की मांग पर लंबे समय तक अनशन करने वाले मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार सरकारी नौकरियों और शिक्षा में समुदाय को आरक्षण के लिये उनके द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को कमजोर करने के लिए 'चालबाजी और साजिश' कर रही है। जरांगे ने जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि वह रविवार को अपनी अगली कार्रवाई का खुलासा करेंगे साथ ही उन्होंने समुदाय के लोगों से वहां इकट्ठा होने को कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आरक्षण के लिए उनके प्रयासों को विफल करने के वास्ते 'चालबाजी और साजिश' कर रही है। जरांगे ने कुनबी मराठों के 'रक्त संबंधियों' पर अधिसूचना को कानून में बदलने में देरी पर सवाल उठाया।

जरांगे ने पुलिस पर राज्य के गृह मंत्री के इशारे पर मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामले दर्ज करने का भी आरोप लगाया। कार्यकर्ता ने मराठा समुदाय के सदस्यों से शनिवार को अपने-अपने स्थानों पर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न एक बजे तक 'रास्ता रोको' अभियान चलाने का आग्रह किया और सुबह या शाम के समय इस तरह का प्रदर्शन करने के अपने पहले के आह्वान में बदलाव किया।

योगी सरकार का बड़ा फैसला यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा हुई रद्द

लखनऊ। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा 2024 रद्द कर दी है। इसके साथ ही सरकार ने कहा है कि SIT पेपर लीक मामले की जांच करेगी। जानकारी के अनुसार, 6 महीने में दोबारा परीक्षा कराई जाएगी। सीएम आदित्यनाथ योगी ने मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। सीएम योगी ने इसे युवाओं के हित का फैसला बताया है। बता दें कि 16 और 17 फरवरी को यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा कराई गई थी। परीक्षा के बाद ऐसी खबरें सामने आईं थीं कि परीक्षा से पहले ही इसका पेपर लीक हो गया था। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के 50 हजार पदों पर भर्ती निकाली गई थी। जिसके लिए लगभग 50 लाख लोगों ने आवेदन किया था। सीएम योगी ने मामले में पोस्ट कर कहा, पुलिसभर्ती के रिक्त पदों पर चयन के लिए आयोजित परीक्षा-2023 को निरस्त करने और आगामी 06 माह के भीतर ही दोबारा परीक्षा कराने के आदेश दिए हैं।

राजपाट : बसपा के अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने के ऐलान से सांसद असमंजस में

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का एलान करके पार्टी सांसदों को सांसत में डाल दिया है। पिछला लोकसभा चुनाव सपा और बसपा ने उत्तर प्रदेश में मिलकर लड़ा था। बसपा के दस सांसद जीत गए थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में तो पार्टी का खाता भी नहीं खुल पाया था। 2019 के लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद मायावती ने सपा से अपना गठबंधन तोड़ दिया था जिसकी कोई तार्किक वजह नहीं थी। बहरहाल 2022 के विधानसभा चुनाव में तो उनकी बुरी गत हुई। दस लोकसभा सदस्यों में दो तो पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं। अमरोहा के दानिश अली राहुल गांधी का समर्थन कर चुके हैं तो गाजीपुर के अफजाल अंसारी सपा में जा चुके हैं। बिजनौर के मलूक नागर रालोद से जुगाड़ बिठा रहे हैं तो जौनपुर के श्याम सिंह यादव भी पार्टी लाइन से अलग राह पर हैं। लालगंज की संगीता आजाद अपने पति के साथ पिछले साल प्रधानमंत्री से मिलने गई थी।

पार्टी सांसदों को लगता है कि अव्वल तो उन्हें टिकट की गारंटी नहीं, मिल भी गया तो अकेले जीतना असंभव होगा। कांग्रेस की तरफ से बसपा के लिए दरवाजे सपा के विरोध के बाद भी खोले गए थे पर मायावती ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसलिए बसपा के सांसदों को लग रहा है कि बहिनजी अपनी गलत नीतियों से पार्टी का खुद ही बंटाधार कर रही हैं। सो वे दूसरा ठिकाना तलाशेंगे ही।

छापेमारी के दौरान सीबीआइ ने पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के पैतृक गांव हिसावदा के अब खंडहर हो चुके पुश्तैनी घर को भी नहीं बख्शा। खुद मलिक छापेमारी के समय दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती थे। हिसावदा बागपत जिले का एक जाट बहुल गांव है। मलिक अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं। वे बच्चे थे तभी उनके पिता बुद्ध सिंह का स्वर्गवास हो गया था। छात्र राजनीति में कूदने और 1974 में विधायक बन जाने के बाद मलिक का अपने गांव से खास नाता नहीं रहा। पुश्तैनी घर के अपने हिस्से के चार कमरों में तो उन्होंने पिछले चालीस साल में शायद एक रात भी न गुजारी होगी। सीबीआइ का खुफिया तंत्र मुस्तैद होता तो सात-आठ अफसरों को दिनभर हिसावदा के मलिक के खंडहर हो चुके चार कमरों की तलाशी की जरूरत ही न पड़ती।

हल्द्वानी हिंसा का मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक गिरफ्तार, उत्तराखंड पुलिस ने दिल्ली से दबोचा

नई दिल्ली। उत्तराखंड के हल्द्वानी में कुछ हफ्ते पहले भीषण हिंसा देखने को मिली थी। नगर निगम की टीम बनभूलपुरा में अवैध मस्जिद और मदरसा गिराने गई थी और इसके चलते आक्रामक भीड़ ने नगर निगम टीम और पुलिसकर्मियों पर जोरदार हमला हुआ था। इस हिंसा का मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक था जो कि लंबे वक्त से फरार था। आज उत्तराखंड पुलिस ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी के वकील अजय बहुगुणा और शलभ पांडे ने दावा किया है कि 8 फरवरी से फरार अब्दुल मलिक को उत्तराखंड पुलिस ने ही गिरफ्तार किया है।

बता दें कि हल्द्वानी के बनभूलपुरा कांड के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी के बाद जमानत याचिका दाखिल की गई है। सेशन कोर्ट में एडीजे फर्स्ट की कोर्ट में अब्दुल मलिक की अग्रिम जमानत याचिका दाखिल हुई है। इस याचिका पर 27 फरवरी को अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई होगी।

कश्मीर : आतंकवादी मामले में चार अचल संपत्तियां कुर्क

श्रीनगर(वार्ता)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को दो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) से जुड़े, नार्को-आतंकवाद मामले में शामिल आरोपियों की चार अचल संपत्ति को कुर्क किया और करीब 2.27 करोड़ रुपये नकद जब्त किये। एनआईए के अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा तहसील में चार आरोपियों की संपत्तियां कुर्क की गईं। कुर्क की गयी संपत्तियों में से अफाक अहमद वानी का दो मंजिला घर, मुनीर अहमद पांडे का एक मंजिला घर, सलीम अंद्राबी का घर और इस्लाम उल हक का दो मंजिला घर शामिल है।

दिल्ली चलो' मार्च टला, किसानों ने बनाया 4 दिनों का नया प्लान

नई दिल्ली। किसान नेताओं ने अब 29 फरवरी तक के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च को टालने का ऐलान किया है। साथ ही घोषणा की है कि वे शनिवार को कैंडल मार्च निकालेंगे और 26 फरवरी को केंद्र सरकार का पुतला जलाएंगे। पंजाब-हरियाणा सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों ने अपने आंदोलन के अगले कदम पर चर्चा के लिए शुक्रवार शाम को एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के बाद संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) द्वारा यह निर्णय लिया गया। खनौरी में झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिनों के लिए रोक दिया था। अब उसी तारीख को और आगे बढ़ा दिया गया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि किसानों ने 29 फरवरी तक दिल्ली चलो मार्च को रोकने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि आगे की रणनीति की घोषणा 29 फरवरी को की जाएगी।

वहीं, एसकेएम नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई मौतों पर शनिवार को किसान कैंडल मार्च निकालकर सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे और पूरे देश में शोक सभाएं आयोजित की जाएंगी।

ये है किसानों के आगे का प्रोग्राम

- 24 फरवरी- शाम को 21 वर्षीय किसान शुभकरण सिंह और तीन अन्य किसानों की मौत पर श्रद्धांजलि देने के लिए देश भर में कैंडल मार्च निकाला जाएगा।
- 25 फरवरी: शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों को विश्व व्यापार संगठन की नीतियों से अवगत कराया जाएगा।
- 26 फरवरी: देशभर के गांवों में डब्ल्यूटीओ के पुतले जलाए जाएंगे और दोपहर 3 बजे के बाद दोनों सीमाओं पर पुतले जलाए जाएंगे।
- 27 फरवरी: एसकेएम (गैर राजनीतिक) की राष्ट्रीय समिति और किसान मजदूर संघर्ष समिति की दोनों सीमाओं पर बैठक होगी और अगले दिन उनकी संयुक्त बैठक होगी।

मुंबई से मॉरीशस जा रही फ्लाइट में 5 घंटे तक फंसे रहे यात्री

नई दिल्ली। एयर मॉरीशस की उड़ान में सवार यात्री शनिवार को मुंबई हवाई अड्डे पर 5 घंटे से अधिक समय तक विमान में फंसे रहे। एक यात्री ने बताया कि बाद में एयरलाइन ने इसे रद्द करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि मुंबई से मॉरीशस के लिए एयर मॉरीशस की उड़ान एमके 749 को सुबह 4.30 बजे प्रस्थान करना था और यात्री 3.45 बजे से विमान में चढ़ गए। यात्री ने आरोप लगाया कि विमान में लगभग 200 यात्री सवार थे। एक 78 वर्षीय यात्री को विमान का एयर कंडीशनिंग सिस्टम काम नहीं करने के कारण सांस लेने में समस्या हो गई थी।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने संत रविदास जयंती की दी बधाई



रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महान संत एवं समाज सुधारक संत शिरोमणि रविदास जी की 24 फरवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को संत रविदास जयंती की बधाई देते हुए कहा है कि संत रविदास जी ने समाज में एकता और भाईचारा स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने अपने उपदेशों के माध्यम से समाज में मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी। सामाजिक कल्याण और उत्थान के लिए उनके उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं।

पक्का आवास का सपना साकार रोजगार के मिले अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम राजधानी के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुआ। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करते हुए प्रमाण-पत्र सौंपा। इन हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया और आम नागरिकों से भी शासन की योजना का लाभ लेने के लिए आग्रह किया। संतोषी नगर निवासी श्रीमती मांडवी कौशिक को शासन के एक ही नहीं तीन-तीन योजनाओं का लाभ मिला है। उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक (मोर जमीन, मोर आवास) के तहत उत्कृष्ट आवास निर्माण के लिए सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

वे कहती है कि उनका अपनें घर का सपना साकार हो गया हैं। वे कहती हैं कि पहले उनको किराए के मकान में रहना पड़ता था। जब से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बना है, तब से पैसों की बचत भी हो रही है और भविष्य की चिंताए भी दूर हुई है। साथ ही घर पर अमृत मिशन योजना के तहत नल कनेक्शन भी मिला है, अब पानी के लिए दर-दर भटकने की जरूरत नहीं पड़ती है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से पहली बार 20 हजार रूपए और दूसरी बार 10 हजार रूपए की राशि मिली। इस राशि से उन्हें अपना कारोबार शुरू करने में मदद मिली है। टिफिन का व्यवसाय शुरू कर बेहतर जीवन-यापन कर रही है, जिससे उनकी तरक्की की राहें आसान हो गई। अब राज्य शासन की महतारी वंदन योजना के तहत श्रीमती मांडवी फॉर्म भरकर काफी खुश है, वे कहती हैं कि अब छोटी-मोटी खर्च की जरूरत के लिए परिवार पर आश्रित रहने की जरूरत नहीं होगी।

महाराष्ट्र मंडल में मुफ्त राशन कार्ड नवीनीकरण शिविर आज

रायपुर/नवप्रदेश। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में रविवार को सुबह 10:30 बजे नि:शुल्क राशन कार्ड नवीनीकरण शिविर लगाया जा रहा है। चिरहुलडीह वार्ड के पार्षद दीपक जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि शिविर का उद्घाटन करेंगे। सह सचिव परितोष डोनगांवकर ने बताया कि राशन कार्ड नवीनीकरण की प्रक्रिया से पहले परिवार के किसी भी सदस्य का ई- केवायसी होना अनिवार्य है। ई- केवायसी अपने संबंधित राशन दुकान में करवाना अनिवार्य है और बिना ई- केवायसी के राशन कार्ड का नवीनीकरण संभव ही नहीं है। महाराष्ट्र मंडल के शिविर में भी लाभार्थियों को राशन कार्ड लाना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए 99260-00300 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

सरेआम शराब पीते 32 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडिय़ों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 32 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी रामु मिश्रा 42 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी आकाश ध्रुव 27 वर्ष व लोकेश निषाद 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने आरोपी शशीकांत यादव 35 वर्ष एवं डीडीनगर पुलिस ने आरोपी शिवेंद्र सिंह 35 वर्ष व दीनेश शर्मा 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी संतोष गुप्ता 36 वर्ष एवं गुढियारी पुलिस ने आरोपी उमेंद्र मोदी 40 वर्ष, उमेश सिंह 65 वर्ष व जोगेंदर सिंह 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी चंद्रशेखर यादव 27 वर्ष व मोनेश साहू 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी जाफर शफीक 35 वर्ष व अमील खान 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी आदित्य सोनी 19 वर्ष, सुरेन्द्र पटेल 32 वर्ष व जीव राखन ध्रुव 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

निधन

हंसराज भाई

रायपुर। हंसराज भाई हरजी भाई पटेल का 24 फरवरी 2024 शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 फरवरी रविवारको प्रात: 9:30 बजे निवास स्थान पोकार भाई एण्ड ब्रदर्स, न्यू टिंबर मार्केट , फाफाडीह, रायपुर से देवेंद्रनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे बृजेश पटेल, पौत्र-प्रयाग, वेद के संबंधी थे।

श्री रामलला दर्शन योजना : हर सप्ताह छत्तीसगढ़ के 850 श्रद्धालु जाएंगे अयोध्या धाम

- **पर्यटन मंत्री अग्रवाल की उपस्थिति में पर्यटन मंडल और आईआरसीटीसी के बीच हुआ एमओयू**

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति में आज यहां विधानसभा परिसर में श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल और आईआरसीटीसी के बीच विशेष ट्रेन चलाने और आवश्यक व्यवस्था के लिए एमओयू हुआ। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव विशेष रूप से उपस्थित थे।

श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए छत्तीसगढ़ से अयोध्या तक चलाई जा रही विशेष ट्रेन प्रत्येक सप्ताह चलेगी। 12 कोच वाली इस ट्रेन में एक बार में छत्तीसगढ़ के करीब 850 श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा सकेंगे। इस विशेष ट्रेन का संचालन 5 मार्च से प्रारंभ हो रहा है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार बड़ी तेजी से मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने,

वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि एमओयू हस्ताक्षर होने के बाद 5 मार्च से ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। यह एमओयू 3 साल के लिए हस्ताक्षर किया गया है जिसे 2 साल बढ़ाया भी जा सकता है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने बताया कि सभी जिला कलेक्टर हितग्राहियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त कर उनकी जांच करेंगे और जिलेवार निर्धारित कोटे के अनुसार यात्रियों की सूची तैयार करेंगे। सूची आईआरसीटीसी और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल नोडल एजेंसी को भेजी जाएगी। प्रत्येक जिले से 40 यात्रियों पर एक अनुरक्षक भी भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में अयोध्या के साथ-साथ इस ट्रेन के माध्यम से काशी में भगवान विश्वनाथ के दर्शन और प्रयागराज में तीर्थ स्थान की व्यवस्था भी कराई जाएगी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक श्री जितेन्द्र शुक्ला और आईआरसीटीसी के उप महा प्रबंधक श्री सुभाष चन्द्र ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। कार्यक्रम में विधायक श्री सुशांत शुक्ला, श्रीमती गोमती साय, श्री डोमेनलाल कोर्सेवाडा, पूर्व विधायक डॉ. कृष्ण कुमार बांधी के साथ ही छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के उप महाप्रबंधक श्री श्रीरंग पाठक, आईआरसीटीसी के एजीएम श्री कौशिक बनर्जी, चीफ सुपरवाइजर श्री भानु प्रकाश, एग्जीक्यूटिव श्री राजीव कुमार भी उपस्थित थे।

साक्षरता मिशन से जुड़ा हर अधिकारी-कर्मचारी स्वयंसेवी बनकर असाक्षरों को पढ़ाएं

- **प्रशिक्षण में देश के लगभग 50 हजार लोगों ने यूटूयूब के माध्यम से की ऑनलाइन भागीदारी**

रायपुर/नवप्रदेश।,राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ द्वारा केंद्र प्रवर्तित योजना 卐उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम卐 के क्रियान्वयन के लिए वेब पोर्टल, उल्लास एप्प में सर्वे हेतु उल्लास मोबाइल एप्प और पोर्टल का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन समग्र शिक्षा के सभागार में किया गया। प्रशिक्षण में देश के लगभग 50 हजार लोगों ने यूट्यूब के माध्यम से आनलाईन भागीदारी की।

संचालक राजेंद्र कुमार कटारा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि हमें वास्तविक धरातल पर गुणवत्तापूर्ण लोगों को साक्षर किया जाना है, भले ही उसमें समय लगे, किंतु हम यदि व्यक्ति को साक्षर कर उसे मुख्य धारा में लाएंगे तभी हम उस पीढ़ी के साथ न्याय कर पाएंगे। शिक्षा व साक्षरता से जुड़े प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी शिक्षक अब 10-10 व्यक्तियों को साक्षर करेंगे तभी वह इस कार्यक्रम को सफल कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस दिन ढूढने से भी एक असाक्षर न मिले वो दिन हमारे लिए उपलब्धि का होगा। प्रशिक्षण में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों से उन्होंने अपील किया कि साक्षरता से जुड़ा हर एक व्यक्ति पहले स्वयं स्वयंसेवी बनकर अपने घर, कार्यस्थल के आसपास के असाक्षरों को पढाएं और साक्षर बनाए।

संचालक श्री कटारा ने कहा कि राज्य के सभी जिले निर्धारित समय-सीमा के भीतर चिन्हांकित सर्वेयर, अनुदेशक व शिक्षार्थियों का पंजीयन उल्लास एप्प में कर लेंगे ताकि कार्यक्रम का संचालन समयावधि के भीतर किया जा सके। साक्षरता कार्यक्रम के प्रेरकों को इस उल्लास कार्यक्रम में जोड़ने का प्रयास करें, ताकि उनके अनुभव का लाभ इस कार्यक्रम के लिए लिया जा सके। कालेजों, स्कूलों के बच्चों को स्वप्रेरणा से उल्लास कार्यक्रम के अनुदेशक के रूप में जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। बेहतर होगा कि डीएड और बीएड कालेजों के छात्राध्यापकों को प्रोजेक्ट कार्य के रूप में 10-10 असाक्षरों को साक्षर बनाने का कार्य दिया जाय। उन्होंने कहा कि हमारे लिए महत्वपूर्ण है कि चिन्हांकित शिक्षार्थी जब उल्लास केंद्र तक आए तो उनको सीखने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करे और लेखन सम्बन्धी अभ्यास कराया जाय। गणित संबंधी संक्रियाओं को बेहतर ढंग से सिखाया जाय ताकि वे अपने दैनिक जीवन में व्यवहारिक लेनदेन कर सके। उल्लास केंद्र में पठन पाठन के अतिरिक्त क़ानूनी साक्षरता की भी जानकारी उपलब्ध कराया जाय, ताकि वे अपने अधिकारी से परिचित हो सके। साथ ही आज-कल हो रहे ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए भी शिक्षार्थियों को जागरूक किया जाय।

मेकाहारा के पेइंग वार्ड में लगेंगे एसी गर्मी में मिलेगी मरीजों को राहत

- **कमिश्नर डॉ. अलंग की अध्यक्षता में हुई प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर संभाग आयुक्त डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में आज पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय और डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में चिकित्सा महाविद्यालय और चिकित्सालय के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट और प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई। संभाग आयुक्त ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मरीजों के लिए पेईंग वार्ड में ए.सी. लगाए जाए। उन्होंने महाविद्यालय सहित अस्पताल में मशीनों से होने वाली जांच के लिए जल्द शुल्क निर्धारण करने पर भी चर्चा की। कमिश्नर डॉ. अलंग ने स्वीकृति प्राप्त आवश्यक उपकरणों की खरीदी करने के निर्देश दिए है। संभाग आयुक्त ने चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित बजट प्रावधानों, कुशल, अर्ध-कुशल, अकुशल श्रमिकों के ई.पी.एफ राशि जमा करने, लेक्चर हॉल 6 व 7 के निर्माण एवं उन्नयन कार्य, स्किल लैब के उन्नयन कार्य, सीनियर रेसीडेंट के संविदा वेतनमान के निर्धारण, संविदा चिकित्सा शिक्षकों के वेतन विसंगति समेत 10 प्रमुख एजेंडे पर चर्चा की। डॉ. अलंग ने सभी प्रशासनिक कार्यों को समय सीमा निर्धारित कर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में रायपुर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णु दत्त, स्वशासी समिति की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया, अम्बेडकर अस्पताल के संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. एस. बी. एस. नेताम, प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती रंजना ध्रुव, ईएनटी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मान्या ठाकुर, प्राचार्य फिजियोथेरेपी महाविद्यालय डॉ. रोहित राजपूत समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

चेंबर का आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण के लिए टीम गठित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी के दिशा-निर्देशानुसार चेंबर महामंत्री श्री अजय भसीन द्वारा चेंबर सदस्यता प्रमाण पत्र एवं परिचय पत्र वितरण हेतु रायपुर सहित प्रदेश इकाइयों में टीम का गठन किया गया है ।

टीम के सदस्यों द्वारा चेम्बर की सदस्यता ग्रहण कर चुके नवीन व्यापारियों को यथासंभव उनके व्यापारिक प्रतिष्ठानों तक पहुंचकर सदस्यता प्रमाण पत्र एवं परिचय पत्र मुहैया कराएगी। चेम्बर से जुड़े नवीन सदस्य इस संबंध में चेंबर के नंबर 9340389971 पर संपर्क कर सकते हैं या चेंबर भवन जाकर सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं।

फिजियोथेरेपी की अत्याधुनिक मशीनों के साथ सेवा में जुटा महाराष्ट्र मंडल

- **लगातार बढ़ रहे मरीज, अभी और भी बढ़ेंगी सुविधाएं**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में भारतीय जीवन बीमा निगम के सौजन्य से शुरू हुए फिजियोथेरेपी सेंटर में प्रतिदिन पहुंच रहे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मंडल के फिजियोथेरेपी सेंटर में हाटपैक, टेंस, आईएफ्टी, लेजर, अल्ट्रासाउंड और स्ट्रीम्यूलेशन जैसी अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस फिजियोथेरेपी सेंटर में शाम पांच बजे तक खुला रहता है।

फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. डिंपल अग्रवाल ने बताया कि जैसे-जैसे अत्याधुनिक फिजियोथैरिपी की मांग बढ़ रही है, चिकित्सा पद्धतियां अपनी पेशकश को बढ़ाने और अपने रोगियों के लिए तेजी से उपचार को बढ़ावा देने के लिए अल्ट्रासाउंड मशीनों जैसी उन्नत तकनीकों की ओर तेजी से बढ़ रही हैं।

अल्ट्रासाउंड मशीनें उपयोग, उपचार, दर्द प्रबंधन, गतिशीलता और समग्र रोगी संतुष्टि में उल्लेखनीय सुधार लातीं हैं।

डॉ. अग्रवाल के अनुसार अल्ट्रासाउंड थेरेपी लक्षित उतकों में रक्त के प्रवाह को प्रभावी ढंग से बढ़ाती है। इससे मरम्मत के लिए आवश्यक ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की डिलीवरी को बढ़ावा मिलता है।

इंडियन डेंटल एसोसिएशन राज्य शाखा की नई कार्यकारिणी गठित

रायपुर/नवप्रदेश। इण्डियन डेंटल एसोसिएशन राज्य शाखा की नयी कार्यकारिणी गठित इण्डियन डेंटल एसोसिएशन राज्य शाखा द्वारा AGM एवं Installation program का होते क्लार्क इन सुइट्स में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल रहें। कार्यक्रम में डॉ राजीव सिंह अध्यक्ष सेक्रेटरी डॉ विवेक लाठ एवं अन्य एग्जीक्यूटिव मेंबर्स ने अपने अपने पद की शपथ ली। डॉ विद्या वैद्य को छत्तीसगढ़ वोमेन डेंटल कौंसिल का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। मंत्री श्री श्याम बिहारी जी ने अपने उदबोधन में नर्सिंगहोम एक्ट के तहत आने वाली दिक्कतों के निवारण के बारे में आश्वस्त किया। गाव ग़रीब एवं किसानों के लिए सरकारी व्यवस्था में डेंटल सेवाओ की वृद्धि के लिए प्रावधान बनाने की बात कही।

छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार मोदी की गारंटियों को पूरा कर रही है

रायपुर/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के लाखो लाभार्थी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी की आधुनिक जरूरतों को पूरा करने वाले विकास के कामों से विकसित छत्तीसगढ़ का सपना पूरा होगा। छत्तीसगढ़ विकसित होगा, तो भारत को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता। आने वाले पाँच वर्षों में जब भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनेगा तो छत्तीसगढ़ भी विकास की नई बुलंदियों पर होगा। श्री मोदी ने कहा कि यह विशेष रूप से फर्स्ट टाइम वोटर्स के लिए स्कूल-कॉलेज में पढ़ रहे युवा साथियों के लिए बहुत बड़ा अवसर है। विकसित छत्तीसगढ़ उनके सपनों को पूरा करेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी शनिवार को 'विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में नौ परियोजनाओं के लोकार्पण व एक परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जब भ्रष्टाचार रुकता है तब विकास की योजनाएँ शुरू होती हैं। रोजगार के अनेक अवसर मिलते हैं।,साथ ही आसपास के क्षेत्रों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य की आधुनिक सुविधाएँ भी जुटती हैं। आज जो ये चौड़ी सड़कें बन रही है, नई रेल लाइनें बन रही हैं, यह भाजपा सरकार के सुशासन का ही नतीजा है। अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को बहुत आशीर्वाद दिया है। जनता के इसी आशीर्वाद का परिणाम है कि आज हम विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ आपके बीच में हैं। 'भाजपा ने बनाया है, भाजपा ही सँवारेगी' यह बात आज के इस आयोजन से और पुष्ट हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण गरीब, किसान, युवा और महिला सशक्तीकरण से ही होगा। विकसित छत्तीसगढ़ की नींव आधुनिक अधोसंरचना से मजबूत होगी।

न्यूरोसर्जरी में नई तकनीक के उपयोग पर जोर

- **एम्स में एनएसएसआईकॉन-2024 प्रारंभ, दुनियाभर के 400 से अधिक न्यूरोसर्जन ले रहे भाग**



रायपुर/नवप्रदेश। न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में आ रहे परिवर्तनों और नई तकनीक के बारे में न्यूरोसर्जन्स को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में न्यूरोलॉजीकल सर्जन्स सोसाइटी ऑफइंडिया की 12वीं वार्षिक कांफ्रेंस 'एनएसएसआईकॉन-2024' प्रारंभ हुआ। इसमें दुनियाभर के वरिष्ठ न्यूरोसर्जन्स ने नई तकनीक की मदद से न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में आने वाले परिवर्तनों पर चर्चा की।

विश्व के वरिष्ठ न्यूरोसर्जन में से एक अमेरिका स्थित रुटजर्स-न्यूजर्सी मेडिकल स्कूल एंड रॉबर्ट वुड जॉन्सन मेडिकल स्कूल के न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रो. अनिल नंदा ने इस क्षेत्र में आ रहे परिवर्तनों और स्वयं के अनुभवों को नए सर्जन्स के साथ साझा किया। प्रो. नंदा अब तक 16 हजार से अधिक सर्जरी कर चुके हैं और उन्हें 1996 से 2018 के मध्य अमेरिका में सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक का अवार्ड मिल चुका है। प्रो. नंदा ने बताया कि एशिया और अफ्रीका में अगले कुछ वर्षों के अंदर 23 हजार से अधिक न्यूरोसर्जन्स की आवश्यकता होगी।

अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 53 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 750 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने लोहराभाठा के पास अवैध शराब के साथ आरोपी जीवन साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 13 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 550 रुपए जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी सूरज हलधर 18 वर्ष के पास से 18 पाव देशी शराब जब्त किया है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. (लाखों में)
1	2	3
240/152902	B.T. PATCH REPAIR (VARIOUS ROAD) (1) BHAISA-BHANDAR-TELASI-SIRPUR ROAD (MDR-159) L. 6.20 KM. (2) SAMODA-SAKRI-CHORBHATTI ROAD (MDR-178) L. 10.10 KM. (3) KOSRANGI-CHAKWE-CHORBHATTI ROAD (MDR-159) L. 6.20 KM. (4) CHAKWE-PARSADA ROAD (V.R.) L. 2.00 KM. UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG) RAIPUR	रु. 99.35 लाख
242/152904	B.T. PATCH REPAIR (VARIOUS ROAD) (1) SIMGA-TILDA KHARORA-ARANG-NAYAPARA- KURUD (SH-20) L. 30.00 KM. (2) MATH AMETY COLLEGE ROAD (V.R.-265) L. 1.25 KM. (3) ACCHOLI APPROACH ROAD (V.R.-95) L. 1.20 KM. UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG) RAIPUR	रु. 99.92 लाख
243/152905	B.T. PATCH REPAIR (VARIOUS ROAD) (1) BHAISA-KORASI-CHORBHATTI ROAD (MDR-297) L. 8.00 KM. (2) SAMODA-BANRASI-TULSI ROAD (MDR-306) L. 9.60 KM. (3) KANKI-DEWARTILDA-PANDA- PARASWANI ROAD (MDR-304) L. 8.00 KM. UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG) RAIPUR	रु. 54.16 लाख

डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.03.2024 समय सायं 5.30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी- 08024/4

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि., मंडल क्र. 1, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम कंजी प.ह.नं. 19

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार साहू पिता सहदेव साहू जाति तेली निवासी ग्राम कंजी तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक अपने पिता सहदेव साहू वल्द रामलाल साहू का मृत्यु दिनांक 24/05/2007 को स्थान कंजी घर में हुआ है । जिसका भूलवश ग्राम पंचायत कंजी में मृत्यु पंजीकरण अभिलेख में पंजीयन नही कराया था। जिसका मृत्यु पंजीकरण किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन के साथ मय दस्तावेज संलग्न किया है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 07/03/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बलौदाबाजार

न्यायालय नजूल अधिकारी, बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

ऑनलाईन क्रमांक/ 202402210200122
अ-20 (3) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका राजीम यादव पति स्व. पुनीतराम यादव निवासी पहंदा रोड बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित भूखण्ड क्रमांक 818/2 क का भाग क्षेत्रफल 26X18 = 468 वर्गफीट भूमि का पट्टा राजीव गांधी आश्रय योजना वर्ष 1998 में पट्टाधारक पुनीतराम पिता जुगुतराम को शासन द्वारा प्रदाय किया गया था। पट्टा धारक पुनीतराम पिता जुगुतराम यादव की मृत्यु दिनांक 02.05.2013 को हो जाने के कारण उनके वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदिका द्वारा पट्टे की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/ दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 11.03.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
बलौदाबाजार

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// उदघोषणा //

रा.प्र.क्र. 202402210200097
अ/2 वर्ष 2023-24
ग्राम पनगांव प.ह.नं. 20 तहसील लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पनगांव प.ह.नं. 20 तहसील लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा मे इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 20202210200097 अ/2 वर्ष 2023-24 आवेदक अमित वर्मा पिता महेन्द्र कुमार वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पनगांव प.ह.नं. 20 तहसील लवन स्थित भूमि ख.न. 1828/3, 1829, 1830/3 रकबा 0.065, 0.036, 0.040 हे0 कुल ख.न. 03 कुल रकबा 0.141 भूमि राजस्व अभिलेख आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा व्यवसायिक प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित कर छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, पी-2 खसरा नक्शा ब्लू प्रिन्ट बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूमि के संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 06/03/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 16/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बलौदाबाजार

सुनो भाई उधो

रामचन्द्र कह गए सिया से...

परमानंद वर्मा

बड़ी-बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए बड़े-बड़े डॉक्टर, सर्जन और विशेषज्ञ हैं, मोटी-मोटी फीस होती हैं उनकी। गंभीर से गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगी ठीक होकर अस्पतालों से घर लौट आते हैं। उसी तरह मानसिक बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों के इलाज के लिए बड़े-बड़े पंडित, ज्ञानी, कथावाचक हैं, इनकी भी फीस कोई कम नहीं है। यज्ञ, तप, हवन, पूजन, मंदिर निर्माण भी करते, करवाते हैं। इसके बाद भी पापाचार दिनों-दिन बढ़ रहा है। लंका में तब एक रावण, अहिरावन, मेघनाथ थे। आज तो गांव क्या पूरा देश लंका बन गया है। खुले सांड की तरह घूमते निशाचर नजर आ रहे हैं। इसी को कलयुग कहते हैं। इसी पर आधारित है यह छत्तीसगढ़ी आलेख...

सिया-वर रामचंद्र की जय, सत्य सनातन धरम की जय। रमायन शुरू होय के पहिली कथावाचक महाराज ह हारमोनियम म सुर लमा के भजन गाथे। ओकर लम्बा-लम्बा चूंदी, जब मुड़ी ल गोल के घुमाथे तब चूंदी मन घला हवा-तूफान मं पेड़-पौधा के पाना, फूल-फल मन घला 'झुमर जा रे पड़की झुमर जा रे कस गाना गावत नाचे-कूदे-फांदे ले धर लेथे। हारमोनियम संग तबला, ढोलक, बेंजो, गिटार, मंजीरा अउ झांझरा घला सुर मं सुर मिलावत अइसे लगथे जना-मना सहिच के बहुत बड़े संगीत सभा होवत हे। भजन सिरागे। अब शुरू होथे कथा। अब ये कथावाचक कोन हे, कोन तीर के प्रसंग हे एला सुने खातिर श्रोता मन के कान अइसे टेड़ागे जइसे बिलई के आहट ल सुन के मुसुआ अपन कान ल टेड़ (खड़ा) देथे। पंचवटी मेर के कथा हे। भगवान राम ल नर लीला करना रिहिसे, तब सीता ल आगी मं समाय (प्रवेश) के पहिली का-का करना हे ओ सब चरितर ल सुना देथे अउ कलजुग मं का-का होही उहू ल अकउहा बता देथे, एकर सेती, के बाद मं समे मिलिस ते नइ मिलिस। तब सीता ल बतावत रामजी के हे रिहिसे- हे सीते, कलजुग मं एक समे अइसन आही के सब मनखे भ्रष्टाचारी, कदाचारी, अनीति, अधरम अपन चरम सीमा मं हो जही, बेटी, बहू, महतारी अइसन रस्दा मं रेगे ले धर लिही के झन पूछ। दाई-ददा मन ल मुंह देखाय के लइक नइ रहि जही। पइसा, पद, प्रतिष्ठा के खातिर अपन इज्जत, आबरू सरेआम बेच दिही। रामजी कहिथे- सीते, अइसन कलमुंही, कलमुंहा मन बड़े-बड़े पद मं रइही, चाहे नेता-मंत्री होय, साधु-संत, महात्मा, ज्ञानी, योगी, तपस्वी, उद्योगपति, डॉक्टर, इंजीनियर, नौकरशाह होय, पूरा एकमई हो जही, ये कलजुग काजल के कोठरी बन जही, जिहां खोजे मं एक मनखे आरुग, बेदाग नइ मिलही, कंडिल-दीया धर के गली-गली खोजबे फेर ये कलिजुग अपन जुग के मनखे मन, ओ एक ठन गाना गाथे नहीं- 'हम तुम्हें अपने रंग में रंग लेंगे, देखना एक दिन'... तइसने कस हाल कर के रख दिही। भगवान राम कथा सुनावत आघू कहिथे- कलजुग मं एक दिन फिलिम बनही तेमा 'तोर-मोर' कहिनी ल जोड़ के गाना बनाही। ओ गाना के बोल रइही- 'रामचंद्र कह गए सिया से, ऐसा कलजुग आएगा, हंस चुगेगा दाना-तिनका, कौआ मोती खाएगा। संगीत के बोल ल जब सीताजी सुनिस तब हंसे बिगन नइ रेहे सकिस अउ किहिस- सिरतोन म अइसने होही भगवान?

रामजी कहिथे- का नइ होही कलजुग मं सीते- 'करहिं अनीति जाय नहिं बरनी, अशुभ वेश भूषण धरे भक्ष्याभक्ष जे खोही, ते जोगी ते सिद्ध नर पूजित कलिजुग माही। अइसन सब चरित्तर होही।

भगवान के बात ल सुनके सीता जी कहिथे- भइगे स्वामी, झन सुना मोला ओ कथा ला, मोर माथा चकराय ले धर लिस। अब आगू का करना हे तेला बता। पूरा कथा सुना के माता सीता ल आगी मं समवा देथे। ये सब चरितर हो जथे फेर लछिमन कांही गम नइ पाइस, के कइसे का होइस। जौन भगवान के मरम ल कभू नइ जान सकय, तइसने कस हाल लछिमन के होगे। 'लछिमन हू यह मरम न जाना'। (रामायन)

इही कथा ला ओ दिन ओ झुलपाहा महाराज सुनावत काहत रिहिसे- 'कलजुग केवल नाम आधारा'। पाप झपागे हे। का छोटे कहिबे, का बड़े, का राजा कहिबे, का परजा, सब मातगे हे, घर-घर पाप समागे हे। चोर, बदमाश, लुटेरा, डकैत, भ्रष्टाचारी, अनाचारी, अत्याचारी, गली-गली, गांव-गांव, शहर-शहर सब जघा खुल्ला सांड बरोबर किंजरत हे। कोनो दिन अइसे आरुग नइ मिलही, जउन कोनो अनीति, अनियाय अउ कुकरम के खबर नइ मिलही, बहू-बेटी, महतारी मन के इज्जत खतरा मं हे।

महाराज जी हा कथा ल थोकन राजनीतिक रूप देवत बताथे- भ्रष्टाचार तो ये देश मं सुरसा असन मुंह फार के बइठे हे। 'ईडी अइसे हनुमान बरोबर बन गे हे, जेकर ऊपर ओहर हाथ डारथे, लाखों-करोड़ों के काला धन, संपत्ति, सोना-चांदी मिलथे। ए सब ला देख के जनता अकबकागे हे। ओमन काहत फिरत हे- अतेक धन भरे हे भारत मं, फेर ओ गरीब कइसे हे। महाराज जी श्रोता मन कोती इशारा करत पूछथे- अतेक काला धन, रुपया जोर-जोर के रखे हे तेला बाबा अन्ना हजारे अउ योग रिसि स्वामी रामदेव बाबा कइसे जान डरे रिहिसे, ओमन आंदोलन घला चलइस फेर काबर नइ निकाल सकिन। टांय... टांय... फिस्स होगे ओकर मन के आंदोलन। बिना सही योजना के, दृढ़ इच्छा के कोनो काम सफल नइ होवय। अब देख कइसे लाखों, करोड़ों, अरबों के नोट, सोना-चांदी सब उछरत हें। खाना ओतके खाना चाही, जेन हा पच जाय। ओ कोन काम के खाना हे जेन अलकर हो जाय, उछरे ले पर जाए। कथा के बाद आरती होथे, परसाद बंटथे। कोनो-कोनो रतिहा महाराज करा जाके कहिथे- मजा आगे महाराज आज के कथा मं। फेर हमर मन के एक ठन संखा हे ओला पूछे खातिर आय हन। महाराज कहिथे- पूछव- अतेक अनीति, अत्याचार, अनाचार, भ्रष्टाचार होवत हे, तब ये बीमारी रुकत कइसे नइहे? देशभर मं अतेक मंदिर हे, यज्ञ, हवन, पूजन, गीता, भागवत, रामायन होवत हे।

सनातन धर्म में हर दिवस का संबंध किसी न किसी देवता से है। रविवार को भगवान

भास्कर की उपासना की जाती है। मंगलवार को भगवान् मारूतिनन्दन का दिन माना जाता है। कहीं कहीं इसे मंगलमूर्ति गणपति का भी दिवस मानते हैं। बुधवार को बुध की पूजा का विधान है क्योंकि यह शांति का दिवस है। बृहस्पतिवार को कदली वृक्ष में गुरु की पूजा की जाती है। शुक्रवार भगवती संतोषी का दिवस प्रसिद्ध है तो शनिवार को महाकाल रूप भैरव एवं महाकाली की सपर्या संपन्न की जाती है।

ठीक ऐसे ही भगवान् शंकर सोमवार को सबसे ज्यादा पूजे जाते हैं। हर सनातनधर्मी का आग्रह होता है कि और किसी दिन शिव मंदिर जाएँ या न जाएँ लेकिन सोमवार को दर्शन अवश्य करेंगे। आखिर ऐसा क्यों? शिव के लिए सोमवार का आग्रह ही क्यों? आईए! इस पर कुछ विचार करें।

सबसे पहले दिनों की उत्पत्ति के सन्दर्भ में विचार करते हैं। वास्तव में ये सारे दिवस भगवान् शंकर से ही प्रकट माने जाते हैं।

शिव-महापुराण के अनुसार प्राणियों की आयु का निर्धारण करने के लिए भगवान् शंकर ने काल की कल्पना की। उसी से ही ब्रह्मा से लेकर अत्यन्त छोटे जीवों तक की आयुष्य का अनुमान लगाया जाता है। उस काल को ही व्यवस्थित करने के लिए महाकाल ने सप्तवारों की कल्पना की। सबसे पहले ज्योतिस्वरूप सूर्य के रूप में प्रकट होकर आरोग्य के लिए प्रथमवार की कल्पना की-

संसारवैद्यः सर्वज्ञः सर्वभेषजभेषजम्।
आय्वारोग्यदं वारं स्ववारं कृतवान्प्रभुः॥

अपनी सर्वसौभाग्यदात्री शक्ति के लिए द्वितीयवार की कल्पना की। उसके बाद अपने ज्येष्ठ पुत्र कुमार के लिए अत्यन्त सुन्दर तृतीयवार की कल्पना की।

तदनन्तर सर्वलोकों की रक्षा का भार वहन करने वाले परम मित्र मुरारी के लिए चतुर्थवार की कल्पना की। देवगुरु के नाम से पञ्चमवार की कल्पना कर उसका स्वामी यम को बना दिया। असुरगुरु के नाम से छठे वार की कल्पना करके उसका स्वामी ब्रह्मा को बना दिया एवं सप्तमवार की कल्पना कर उसका स्वामी इंद्र को बना दिया।

नक्षत्र चक्र में सात मूल ग्रह ही दृष्टिगोचर होते हैं, इसलिए भगवान् ने सूर्य से लेकर शनि तक के लिए सातवारों की कल्पना की। राहु और केतु छाया ग्रह होने के कारण दृष्टिगत न होने से उनके वार की कल्पना नहीं की गई। ऐसे तो भगवान् शंकर की उपासना हर वार को अलग फल प्रदान करती है।

शिश पर चंद्रमा इसलिए शिव को सोमवार प्रिय

पुराणशिरोमणि शिवमहापुराण के अनुसार-

आरोग्यंसंपद चैव व्याधीनांशांतिरेव च।
पुष्टिरायुस्तथाभोगोमृतेर्हानिर्यथाक्रमम॥

अर्थात स्वास्थ्य, संपत्ति, रोग-नाश, पुष्टि, आयु, भोग तथा मृत्यु की हानि के लिए रविवार से लेकर शनिवार तक भगवान् शङ्कर की आराधना करनी चाहिए। सभी वारों में जब शिव फलप्रद हैं तो फिर सोमवार का आग्रह क्यों? ऐसा लगता है की मनुष्य मात्र को सम्पत्ति से अत्यधिक प्रेम होता है, इसलिए उसने शिव के लिए सोमवार का चयन किया।

पुराणों के अनुसार सोम का अर्थ चंद्रमा होता है और चंद्रमा भगवान् शङ्कर के शीश पर मुकुटायमान होकर अत्यन्त सुशोभित होता है। लगता है कि भगवान् शङ्कर ने जैसे कुटिल, कलंकी, कामी, वक्री एवं क्षीण चंद्रमा को उसके अपराधी होते हुए भी क्षमा कर अपने शीश पर स्थान दिया वैसे ही भगवान् हमें भी सिर पर नहीं तो चरणों में जगह अवश्य देंगे। यह याद दिलाने के लिए सोमवार को ही लोगों ने शिव का वार बना दिया। अथवा सोम का अर्थ सौम्य होता है। भगवान् शङ्कर अत्यन्त शांत समाधिस्थ देवता हैं। इस सौम्य भाव को देखकर ही भक्तों ने इन्हें सोमवार का देवता मान लिया।

सहजता और सरलता के कारण ही इन्हें भोलेनाथ कहा जाता है। अथवा सोम का अर्थ होता है उमा के सहित शिव। केवल कल्याणकारी शिव की उपासना न करके साधक भगवती शक्ति की भी साथ में उपासना करना चाहता है क्योंकि बिना शक्ति के शिव के रहस्य को समझना अत्यन्त कठिन है। इसलिए भक्तों ने सोमवार को शिव का वार स्वीकृत किया।

अथवा सोम में ॐ समाया हुआ है। भगवान् शंकर ॐकार स्वरूप हैं। कार की उपासना के द्वारा हीं साधक अद्वय स्थिति में पहुँच सकता है। इसलिए इस अर्थ के विचार के लिए भगवान् सदाशिव को सोमवार का देव कहा जाता है।अथवा वेदों ने सोम का जहाँ अर्थ किया है वहाँ सोमवल्ली का ग्रहण किया जाता है।

बदलते मौसम का आध्यात्मिक महत्व

छः ऋतु यानि छः मौसम होते हैं:??

ऋषियों ने ऋतु पर विलक्षण विचार प्रकट किए हैं। प्रमुखरूप से छः ऋतु को माना जो सर्वमान्य हुआ।आयुर्वेद पांच ऋतु को मानता है।एक ऋषि ने कहा वर्ष का प्रतिदिन एक ऋतु है जो बदलता रहता है।एक ने कहा एक ही दिन में सभी ऋतुओं का आवर्तन होता रहता है। सूक्ष्म दृष्टि से ये विचार सर्वथा सही हैं पर स्थूल रूप से ऋतुएं छः ही होती हैं जो इस प्रकार हैं:-

1. वसंत ऋतु

वसंत ऋतु को अंग्रेजी में स्प्रिंग सीजन भी कहा जाता है। वसंत ऋतु को मौसमों का राजा या ऋतुराज भी कहा जाता है। ये मौसम न तो ज्यादा गर्म न ही ज्यादा ठंडा होता है। दो हिन्दू मास ङ्क बैसाख और चैत्र इसी मौसम में आते हैं। इस दौरान कई महत्वपूर्ण पर्व जैसे- वसंत पंचमी, उगाडी, गुडी पडवा, होली, राम नवमी, बीहू और हनुमान जयंती आते हैं। वसंत ऋतु का मुख्य पर्व वसंत पंचमी है। वसंत पंचमी के दिन माता सरस्वती की पूजा अर्चना की जाती है। माता सरस्वती विद्या की देवी होती है। पेड़ों पर नए पत्ते और फूल आते हैं जो एक तरह से खुशियों के आगमन का प्रतीक माना जाता है।

2. ग्रीष्म ऋतु

ग्रीष्म ऋतु को समर सीजन भी कहा जाता है। जब धीरे-धीरे मौसम में गर्माहट आने लगती है तब ग्रीष्म ऋतु आरम्भ होती है। ग्रीष्म ऋतु अप्रैल में शुरू होती है और लगभग जून के माह में ख़त्म हो जाती है। दो हिन्दू मास जयेष्ठ और आषाढ़ इसी मौसम में आते है। ग्रीष्म ऋतु वसंत ऋतु के बाद आती है। ग्रीष्म ऋतु के दौरान दिन लम्बे और रातें छोटी होती हैं। ग्रीष्म ऋतु का समापन दक्षिणायन पर होता है।

3. वर्षा ऋतु

वर्षा ऋतु को मानसून सीजन भी कहा जाता है। वर्षा ऋतु के दौरान भारत में बहुत ज्यादा वर्षा होती है। वर्षा ऋतु का आगमन जून के आखरी सप्ताह में हो ही जाता है। दो हिन्दू मास श्रवण और भाद्रपद इसी मौसम में आते हैं। इस दौरान कुछ महत्वपूर्ण पर्व जैसे- रक्षा बंधन, कृष्णा जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, ओणम आदि भी आते हैं।

4. शरद ऋतु

शरद ऋतु को ऑटम सीजन भी कहा जाता है। इस दौरान धीरे ङ्कधीरे गर्मी कम होने लगती है। दो हिन्दू मास आश्विन और कार्तिक इस मौसम में आते हैं। इस मौसम के दौरान काफी महत्वपूर्ण पर्व आते हैं जैसे- नवरात्री, विजयादशमी, शरद पूर्णिमा आदि।

5. हेमंत ऋतु

हेमंत ऋतु शिशिर ऋतु या फिर ठण्ड के मौसम से पहले आती है। दो हिन्दू मास- पौष और अगहन इस मौसम में आते हैं। इस दौरान कई महत्वपूर्ण पर्व जैसे- दिवाली,भाईदूज, आदि आते हैं।

6. शिशिर ऋतु

शिशिर ऋतु को शीत ऋतु भी कहा जाता है। ये मौसम साल का सबसे ठंडा मौसम होता है। इस दौरान दो हिन्दू मास- माघ और फाल्गुन आते हैं। इस दौरान कई महत्वपूर्ण पर्व जैसे - लोहरी, पोंगल आदि आते हैं।

षड ऋतु वर्णन

- बसन्ती ऋतु में कोकिल-वृन्द, बोलते 'कुहू, कुहू' के बोल। पाहनों के भी अन्तर्मध्य प्रीति का मधुरस देते घोल।
- चतुर्दिक बहती मस्त बयार, सुमन-कलिकाएँ जातीं झूम। और भी हो जाते उन्मत्त, भ्रमर,अधरावलियों को चूम।
- विलसने लगते सरवर-बीच लाल,नीले सफेद जलजात। वहाँ भी अलि-दल जाते पहुँच मचाने को बरबस उत्पात।
- अनन्तर करती ग्रीष्म प्रवेश दबा निज गरम-गरम पद-चाप। प्राणि-वर्ग के अंग,प्रत्यंग, स्वेद-धाराएँ देती छाप।
- हाँफते फिरते सिंह-सपूत, काँपते फिरते हरियल पत्र। पसरता मार्तण्ड का तेज धरा पर यत्र-तत्र-सर्वत्र।
- बना देती है यदपि निदाघ, भोर सन्ध्या को अतिशय सुखद। शेष, हर घड़ी और हर निमिष, दृश्य दिखलाती रहती दुखद।
- घुमड़ते पावस ऋतु में जलद, लगाते हिरनों-जैसी दौड़। फुहारों से होकर सन्तृप्त, दूब हर दिशि में जाती पौड़।
- हवा करती है अठखेलियाँ, लता,वृक्षों कुंजों के बीच। दिया करती वह व्याकुल चित्त, सौम्यतर संस्पर्शों से सींच।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1836 में 25 फरवरी के दिन ही सैमुएल कॉल्ट ने कॉल्ट रिवॉल्वर के लिए पेटेंट लिया था। 1921 में आज ही के दिन रूस ने जार्जिया की राजधानी तिब्लिसी पर कब्जा किया था। 1925 में 25 फरवरी के दिन ही पूर्व सोवियत संघ और जापान के बीच राजनयिक रिश्ते कायम हुए थे। 1945 में आज ही के दिन जर्मनी पर दूसरे विश्?व युद्ध के दौरान टर्की ने युद्ध की घोषणा की थी।1952 में 25 फरवरी के दिन ही नार्वे की राजधानी ओस्लो में छठे शीतकालीन ओलंपिक खेलों का समापन हुआ था। 1962 में आज ही के दिन आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत हुई थी। 1986 में 25 फरवरी के दिन ही मारिया कोराजोन अक्रीनो के फिलीपिंस की राष्ट्रपति बनने के साथ ही देश में तानाशाह फर्डिनांड मार्कोस का शासन भी खत्म हो गया था। 1988 में आज ही के दिन सतह से सतह तक मार करने वाली भारत की प्रथम मिसाइल पृथ्वी का सफल प्रक्षेपण हुआ था। 2000 में 25 फरवरी के दिन ही भारत के साथ रूस की निचली संसद ड्यूमा द्वारा द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि का अनुमोदन हुआ था।

QUIZ TIME

1) प्रस्तावना का वह प्रावधान, जो सभी वयस्क नागरिकों को मतदान का अधिकार प्रदान करता है, वह कहलाता है-

2) साहित्य में नोबेल पुरस्कार पाने वाली प्रथम अश्वेत लेखिका कौन थी?

3) अमृता प्रीतम को उनकी किस कृति के लिए साहित्य का ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया ?

4) नए संसद भवन में संयुक्त सत्र के लिए कितनी सीटों वाला वृहद हॉल बनाया गया है?

5) मनोहर जोशी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कब बने थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) प्रजातंत्र (2) टोनी मॉरिसन (3) कागज और कैनवास (4) 1272 सीटें (5) 1995-1999

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:00,सूर्यास्त : 06:21, चन्द्रोदय : 18:05, चन्द्रास्त : 06:52, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : माघ ,पक्ष : शुक्ल, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी, योग : सुकर्मा, प्रथम करण : बव (17:59 तक), द्वितीय करण : बालव (पूर्ण रात्रि)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : सिंह, मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:08 से 12:53, अमृत काल : 19:39 से 21:27, विजय मुहूर्त : 14:24 से 15:10, गोधूलि मुहूर्त : 18:09 से 18:34, सायाह्न सन्ध्या : 18:12 से 19:27, निशिता मुहूर्त : 24:05 से 24:55, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:56 से 15:21, होमाहुति : चन्द्र, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : श्मशान में (17:59 से गौरी के साथ)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपको राहत प्रदान करेगा बुद्धि विवेक का विकास होगा समाज मे आपकी अलग पहचान बनेगी।

वृषः आज के दिन आपका गुस्सा आस पास रहने वालों को सहज नही बैठने देगा।

मिथुनः आज का दिन भाग दौड़ वाला रहेगा लेकिन परिश्रम का फल किसी न किसी रूप में शुभ ही मिलेगा।

कर्कः आज के दिन आपका व्यवहार अन्य लोगो के प्रति लापरवाह रहेगा आज आप अपने मे ही मगन रहेंगा स्वयं कुछ करेंगे नही कोई करेगा तो उसके काम मे नुक्स निकाल कर बाधा पहुचायेंगे।

सिंहः आज का दिन आपके लिये शुभ फलदायी रहेगा आज आपको घर एवं बाहर अन्य दिनों की तुलना में कम परिश्रम करना पड़ेगा।

कन्याः आज का दिन विपरीत फलदायी रहेगा जल्दबाजी में कोई कार्य ना करें अन्यथा हानि निश्चित है।

तुलाः आज के दिन आपका सार्वजनिक जीवन बेहतर बनेगा लेकिन दिखावे की मानसिकता रहने के कारण आवश्यकता से अधिक खर्च करेंगे।

वृश्चिकः आज के दिन आप मध्यान तक किसी बहु प्रतीक्षित कार्यो को लेकर उलझन में रहेंगे स्वभाव में व्यवहारिकता थोड़ी कम रहेगी।

धनुः आज का दिन बीते कल से ठीक रहेगा। मन आध्यात्मिक कार्यो में रुचि लेगा कार्य करते हुए भी मन ही मन धार्मिक विचार चलते रहेंगे।

मकरः आज का दिन प्रतिकूल रहेगा आज आपको वाणी और व्यवहार संयमित रखने की सलाह है।

कुंभः आज का दिन आपके लिये सामान्य से अधिक शुभ रहेगा आज आप जिस भी कार्य को करने का मन बनायेंगे आस पास वाले लोग उसके विपरीत राय देंगे।

मीनः आज का दिन खर्चीला साबित होगा घर अथवा कार्य क्षेत्र पर ना चाहते हुए भी आवश्यकता से अधिक खर्च करना पड़ेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -344

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़ खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 343 का हल

गु	मा	न			प	यो	द	
न		ह	क	दा	र		ल	य
ह	वा	ला	त		च		द	म
गा			रा	ज	म	ह	ल	
र	ई	स		ग		स		अ
	मा		प	त	वा	र		ल
ख	न	क	ना		ह	त		बे
स	दा		ह		वा		शो	ला
रा	र				ही	र	क	

न्यूज गैलरी

प्रतियोगिता में संयंत्र की पुरुष कबड्डी टीम ने हासिल की जीत

भिलाई। इस्पात संयंत्र की पुरूष कबड्डी टीम ने बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित एस.पी.एस.बी. अंतर इस्पात संयंत्र कबड्डी प्रतियोगिता में अपने सभी मैच को जीतकर विजय हासिल की। प्रतियोगिता में सेल सहित अन्य इस्पात संयंत्रों से 08 टीमों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में विजयी होने के उपलक्ष्य में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार ने टीम के सदस्यों को इस उपलब्धि के लिये बधाई देते हुये अपने विभागीय सभागार में स्वल्पाहार के साथ सम्मानित किया। इस अवसर पर संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) संदीप माथुर, सहायक महाप्रबंधक (का-कार्मिक एवं प्रशासन सचिवालय) केके साहू सहित क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक, उप प्रबंधक डेनिस किस्टी ने भी बीएसपी कबड्डी टीम के सभी खिलाड़ी सदस्यों एवं प्रशिक्षक तथा प्रबंधक को जीत की बधाई देते हुये खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी।

अनोखा संदेश देती बाइक रैली

दुर्ग। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत दो पहिया वाहन रैली का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा विभाग के लगभग 200 अधिकारियों, संकुल समन्वयकों, व्यायाम शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया। इस रैली में विभाग द्वारा न केवल मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया, अपितु हेलमेट पहनकर जन-जन को यह भी संदेश दिया गया कि जान है तो मतदान है हमें वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इस रैली के माध्यम से यह भी संदेश दिया गया कि लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने मतदान केन्द्र जरूर जाए और वाहन से जाए तो हेलमेट अथवा सीट बेल्ट जरूर लगाएं। इस रैली में यातायात विभाग (पुलिस) का योगदान सराहनीय रहा। इस रैली को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत-दुर्ग अश्वनी देवांगन द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। डीएसपी ट्रैफिक सतीश सिंह ठाकुर द्वारा यातायात सुरक्षा शपथ एवं जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल द्वारा मतदान करने हेतु सभी को शपथ दिलाया। यातायात निरीक्षक आनंद शुक्ला द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त की गई।

खेल प्रतियोगिता का आयोजन

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 8 मार्च 2024 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले की बालिका एवं महिलाओं को खेलों के प्रति उत्साहित एवं बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग में सुबह 9 बजे से एक दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स (100 मीटर दौड़, गोला एवं तवा फेक) खेल आयोजित किये जाएंगे।

भिलाई चरौदा में प्रारंभ हुआ 50 मेगावट का सोलर प्लांट

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। भिलाई चरौदा में भारतीय रेल का सबसे अधिक सोलर क्षमता वाला प्लांट है। इससे आसपास के लोगों को बिजली मिलेगी। भारत सरकार का लक्ष्य सोलर पावर से देश के लोगों को बिजली देने के साथ ही उनका बिजली बिल जीरो करने का भी है। उनका लक्ष्य हर घर को सूर्य घर बनाना है। हर परिवार को घर में बिजली बनाकर वहीं बिजली बेचकर कमाई का साधन बनाना है। इसी उद्देश्य के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना शुरू की है। इस योजना में एक करोड़ परिवारों के लिए घर की छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए सरकार मदद देगी। इससे परिवारों को हर वर्ष हजारों रुपए की कमाई होगी। उन्होंने हमारे अन्नदाता को ऊर्जा दाता बनाने पर जोर दिया। सोलर पंप के लिए खेत के किनारे बंजर जमीन पर छोटे-छोटे सोलर प्लांट लगाने के लिए भी सरकारी मदद देगी। नेट कार्बन जीरो की दिशा में अर्थात हरित ऊर्जा का प्रयोग करते हुए कार्बन उत्सर्जन कम करने हेतु प्रभावी भूमिका निभाएगा इससे सौर ऊर्जा के माध्यम से ट्रेन

चलाई जाएंगी। इसके चलते कार्बन डाई आक्साइड के उत्सर्जन में 86 हजार 34 टन की कमी प्रति वर्ष न्यूनतम सौर ऊर्जा शुल्क 2 रुपए 91 पैसा 25 सालों के लिए 20 करोड़ रुपए की वार्षिक बचत रेलवे की खाली जमीन का नवीनीकरणीय ऊर्जा के लिए बेहतर उपयोग होगा।

यह प्लांट 50 मेगावाट का प्लांट है और यह करीब 194 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। इसका रेलवे के परिचालन में इस्तेमाल होता है। यह यहां से कुछ दूर पावर ग्रिड का 400 के.व्ही. का सबस्टेशन उपलब्ध है। इस प्लांट को चलाने के लिए आरएमसीएल एक रेलवे की कंपनी है। रेल एनर्जी मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा डिजाइन पर यह प्लांट बना हुआ है। राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाडेण्य ने कहा कि आज सोलर प्लांट का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा लोकार्पण किया गया। आज हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम अपने इस दुर्ग नगर में रहते हैं। दुर्ग नगर और भिलाई स्टील प्लांट बहुत सी रेल की तमाम आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। हम सौभाग्यशाली अपने आप को मानते हैं कि हम ऐसे नगर में रहते हैं। प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार से पिछले 10 वर्षों में लगातार भारत को आगे बढ़ाने की कोशिश के साथ नई सोच और नए विचार के साथ सबका साथ सबका विकास के इस मूल मंत्र के साथ उन्होंने देश को एक नई पहचान दी है।

आईजी कार्यालय के सामने मिली युवक की लाश

- आईजी राम गोपाल गर्ग ने इस मामले को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए हैं।
- झाड़ियों के पास पत्थर से कुचल कर की गई हत्या

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ के भिलाई में स्थित आईजी कार्यालय के सामने झाड़ियों में एक 22 वर्षीय युवक की लाश मिली है। मृतक की पहचान शहरुख खान के रूप में हुई है। वो तकिया पारा दुर्ग का रहने वाला है। उसके सिर के किसी पत्थर से कुचला है, जिससे उसकी मौत हुई है। भिलाई नगर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दुर्ग आईजी कार्यालय के सामने रेलवे लाइन के किनारे 32 बंगला की तरफ आने वाले पतले झाड़ीनुमा रास्ते के किनारे एक युवक की खून से लतपथ लाथ शनिवार दोपहर देखी गई। जिन लोगों ने लाश को देखा उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ घंटों तक तो युवक की सिनाख्त नहीं हो पाई। बाद में जब पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछा तो मृतक की पहचान शहरुख नाम के युवक के रूप में हुई।

आईजी राम गोपाल गर्ग ने इस मामले को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद खुद दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला भी मौके पर पहुंचे थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे भिलाई नगर थाना प्रभारी राजकुमार लहरे ने युवक और आरोपी की सिनाख्त के लिए डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलवाया। खबर लिखे जाने तक आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दुर्ग जिला स्थित मरचुरी में भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। युवक की लाश आईजी ऑफिस के सामने सड़क के उस पार मिली है। इसके बाद से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। क्राइम ब्रांच की टीम से लेकर भिलाई नगर व कई अन्य थानों की पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सभी के सामने यह चैलेंच है कि हत्या की गुत्थी जल्द से जल्द सुलझाई जा सके।

भारत संकल्प यात्रा शिविर का समापन

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तीसरे चरण की शिविर में 5 हजार से ज्यादा लोग जुड़े। अंतिम दिन शिविर नेवई बस्ती व मौहरी मरौदा में लगाया गया। शनिवार को शिविर में 1000 से ज्यादा लोगो ने योजना का लाभ लेने पंजीयन कराया। इस अवसर पर पार्षद ईश्वरी साहू ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के माध्यम से न केवल शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार हो रहा है, बल्कि हितग्राहियों को लाभ भी मिल रहा है। शिविर में आधार कार्ड अपडेट से लेकर लगभग दस योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर,मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, राजू जंघेल, दशरथ साहू, विक्की सोनी, अजीत चैधरी,सोनू राम सिंह आदि उपस्थित थे। अतिथियों और हितग्राहियों को निगम सचिव रोहित साहू ने संकल्प दिलाया।

मिला त्वरित उपचार

शिविर में पहुंचे हितग्राही की अचानक तबियत खराब हो गई। कुछ देर के लिए वह बेहोश हो गया था। शिविर में मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चेक किया, इसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया।

शिविर में 17 सौ ने किया आवेदन

नव प्रदेश संवाददाता

जामुल। नगर पालिका परिषद में संकल्प विकसित भारत योजना के तहत 2 स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया। वार्ड क्र. 06 शाउमा शाला में सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक एवं वार्ड क्र. 16 शिवपुरी में दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक हितग्राहियों का आवेदन लिया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर और पार्षदों ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। नपा अध्यक्ष ने बताया कि समाज के अंतिम छोर तक लोगो को सभी प्रकार की योजना का लाभ मिले इसी उद्देश्य से इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है। जिससे पीएम स्वनिधि, आयुष्मान कार्ड, चिकित्सा शिविर, आधार अपडेट, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम आवास योजना के अंतर्गत स्टाल लगाया गया था। जिससे आप सभी आवेदकगण आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत कर लाभ ले सकते हैं। दोनो शिविर स्थल में कुल 1712 हितग्राहियों ने आवेदन किया है। कार्यक्रम में पार्षदगण सबीहा करीम खान, खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, संजय देशलहरे, के.राजू, चुम्मन वर्मा, कविता विश्वाल, मंडल अध्यक्ष जागेश्वर सोनी, मनीष साहू, संजय शर्मा, ओमप्रकाश साहू, युवराज वैष्णव सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बार संचालकों पर होगी कार्रवाई

विधायक सेन ने सीएम को सौंपी सूची

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। तय नियमों और मापदंड की अवहेलना कर वैशालीनगर क्षेत्र में संचालित कई बार के लिए खतरे की घंटी बज चुकी है। ऐसे चिन्हित सभी बार के लायसेंस का नवीनीकरण अब टेढ़ी खीर साबित होगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने आज विधानसभा में ऐसे चिन्हित बार की सूची मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सौंपी है। वैशालीनगर क्षेत्र के सुपेला, रामनगर, कोहका, जुनवानी, पावर हाऊस में कई बार संचालित हैं, इसके आलावा कई बड़े होटल भी लायसेंस लेकर शराब परोसते रहे हैं। इनमें कुछ ऐसे भी हैं जिनमें शराब के आलावा ड्रग्स सहित कई प्रकार के नशा भी मुहैया कराया जाता रहा है। ऐसे बार लायसेंस धारक एफ एल लायसेंस में तय नीति नियमों की धज्जियां भी उड़ाते रहे हैं, इनके खिलाफ पिछली सरकार में अनेक शिकायतें होने के बाद भी कार्रवाई नहीं होती थी। न तो पुलिस और न ही प्रशासन का इन पर जोर था। अब ऐसे चिन्हित बार का लायसेंस आगामी तीन वर्ष तक रिनिवल नहीं होगा। विधायक सेन ने बताया कि इन

बार में अनेक बार देर रात मारपीट सहित नियम विरुद्ध संचालन की शिकायतें हुई, ऐसे लोग न तो समय पर बार बंद करते हैं और न ही नियमों का पालन करते हैं। इनमें शराब के आलावा ड्रग्स पार्टी, विभिन्न तरह के नशीले पदार्थों की उपलब्धता रही है। ऐसे प्रतिष्ठान वैशालीनगर की शांति के लिए लगातार खतरा रहे हैं और अब इनकी तानाशाही पर न केवल अंकुश लगेगा बल्कि इनको बंद करते हुए लायसेंस रिनिवल नहीं किया जाएगा। उन्होने बताया कि ऐसे चिन्हित बार लायसेंस धारकों की सूची मुख्यमंत्री को उन्होंने सौंपी है, जल्द इनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

आज ऋषभदेव परिसर में आचार्य विद्यासागर की विनयांजलि सभा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। संत शिरोमणी जैनाचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज की सल्लेखना पूर्वक समाधि विगत अष्टमी तिथि 17 फरवरी को धर्म नगरी चंद्रगिरि तीर्थ क्षेत्र डोंगरगढ़ में हो गई थी। ऐसे अपराजेय साधक, महान संत का सल्लेखना पूर्वक समाधि छत्तीसगढ़ की धरा पर होना, विश्व पटल पर छत्तीसगढ़ का अमिट स्थान बनाता है। इसी तारतम्य में गुरुवर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए सकलजन समाज एवं सकल समाज दुर्ग के तत्वाधान में विनयांजलि का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम ऋषभदेव परिसर चंडी मंदिर चौक शिवपारा में दोपहर 2 से 4 बजे के मध्य आयोजित है। विनयांजलि कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक गजेंद्र यादव, विधायक डोमन लाल कोरसेबाडा, पूर्व विधायक अरूण वोरा, प्रदीप चौबे, राजेंद्र साहू सहित शहर के समस्त पार्षदगण के अलावा सभी समानितजन आमंत्रित है। विनयांजलि कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि आचार्य विद्यासागर महाराज की विनयांजलि का कार्यक्रम कराए जाने की रूपरेखा निर्धारित की गई है। सकलजन समाज के अजय जैन, ज्ञानचंद पाटनी, महेंद्र दुग्गड, प्रकाश गोलछा, चुन्नीलाल दुग्गड, राकेश छावड़ा, नवीन जैन एवं सकल जैन समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूरे जिले के सम्मानीयजन और समाज के प्रमुख मौजूद रहेंगे। सभी से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपास्थिति होकर आचार्य जी को विनयांजलि प्रदान करें।

आज आचार्य विद्यासागर जी की विनयांजलि सभा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। देवगमन आचार्य 108 आचार्यश्री विद्यासागर महाराज श्रमण संस्कृति के महासूर्य, जैनधर्म के सर्वोच्च महासाधक, धर्मरथ के महारथी, मूकमाटी महाकाव्य के रचियता, अध्यात्म सरोवर के राजहंस, हथकरघा, गौशाला, प्रतिभास्थली एवं अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं एवं अनेकानेक तीर्थों के प्रणेता एवं निर्देशक, राष्ट्रहित चिंतक, अयोध्या के राम मंदिर एवं नई शिक्षा नीति, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अनेक प्रदेशों के मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय स्वयं संघ के प्रमुख, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों एवं अनेक जनप्रतिनिधियों, विद्वानों एवं शोधकर्ताओं के मार्गदर्शक, संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का समता पूर्वक समाधिमरण 17 एवं 18 फरवरी की मध्यरात्रि में चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में हो गया है। छत्तीसगढ़ की धरा धन्य हो गई की ऐसे युगपुरूष का परायण इस धरा पर हुआ जो युग युगांतर तक याद किया जावेगा। आचार्यश्री के ब्रम्हलीन होने पर सर्वधर्म विनयांजलि सभा का आयोजन सकल जैन समाज भिलाई के तत्वाधान में सिविक सेंटर कार पार्किंग स्थल में दिनांक 25 फरवरी को संध्या 6:30 बजे से किया जा रहा है। आयोजन में सांसद, विधायकगण, समस्त महापौर,प्रशासनिक अधिकारीगण, जिला प्रशासन, नगर प्रशासन विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र को आमंत्रित किया गया है। साथ ही

भिलाईनगर सेक्टर एरिया क्षेत्र, नेहरूनगर, वैशालीनगर, रिसाली, रुआबांधा, पावर हाउस, चरोदा के सर्वधर्म एवं संस्थाओं के समस्त धर्मगुरूओं, पदाधिकारियों, समस्त सदस्यों, ऑफिसर एसोसिएशन, व्यापारी संघ, सियान सदन, वरिष्ठ नागरिक संघ, सीए एसोसिएशन आदि आदि संस्थाओं के समस्त सदस्यों को विनयांजलि सभा में सादर आमंत्रित किया है। आयोजन समिति संयोजक प्रशांत जैन,संयोजक क्षितिज जैन, राजीव जैन, अरविंद जैन, प्रभात जैन, कमलेश विनायके, ज्ञानचंद बाकलीवाल, निशांत जैन, पीयूष छाबड़ा, सचिन जैन, अंकित जैन, श्रीकांत जैन, सिंपी जैन, संजीव जैन, अशोक पहाडि़या, संजीव कासलीवाल, अनुपम जैन, राजेश जैन, विनोद माटे, प्रशांत मोनिका जैन, सुलभ जैन, संतोष जैन, भारत गोधा, प्रखर जैन प्रशासनिक प्रभारी भागचंद जैन ने सभी से अनुरोध किया है कि गरिमामयी उपस्थिति देकर रंगोली से सजे हुए स्थल में एक मंगल दीपक समर्पित करते हुये अपनी विनयांजलि अर्पित करें। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने दी।

पंजीयन 29 तक

दुर्ग/नवप्रदेश। भारतीय खेल प्राधिकरण के वेबसाईट में खेलो इंडिया टैलेण्ट हंट प्रोग्राम में पंजीयन की अंतिम तिथि 29 फरवरी तक दिया गया है। उक्त तिथि 8 मार्च तक बढ़ाने की संभावना है। जिले में संचालित समस्त विद्यालयों से अधिक से अधिक पंजीयन कराया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ में योजनानुसार पहला मूल्यांकन अभियान 4 जिलों दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव एवं सरगुजा में 8 मार्च तक होगा। 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग में कुल 10 खेलों क्रमशः हॉकी, फुटबाल, कबड्डी, वॉलीबाल, तीरंदाजी, खो-खो, एथलेटिक्स, कुश्ती, भारोत्तोलन एवं बाक्सिंग पंजीयन किया जाना सुनिश्चित करें।

दावा-आपत्ति के लिए बढ़ाई जाए समयसीमा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना प्रारंभ की गई जिसके तहत् पात्र महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का वादा मोदी गारंटी के तहत् विधानसभा चुनाव के पूर्व किया था। जिसके अंतर्गत दुर्ग निगम क्षेत्रांतर्गत ऑनलाईन एवं ऑफलाइन के तहत् कुल 53874 महिलाओं का आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें आवेदन करते समय महिलाओं ने सारी जानकारी प्रस्तुत की थी। महिला बाल विकास विभाग द्वारा इन आवेदनों पर दावा-आपत्ति के लिए 2 दिन का समय देकर 25 फरवरी कर दिया गया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने कहा है कि महतारी वंदन योजना के आवेदन पर भाजपा शासन द्वारा तुगलकी फरमान जारी कर 2 दिन में दावा-आपत्ति करना न्याय संगत नहीं है। चूंकि यह दिन शनिवार-रविवार है जिसमें सरकारी कार्यालय व बैंक भी बंद है। जिससे महिलाओं में भटकाव की स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं राशन कार्ड के नवीनीकरण की भी अंतिम तिथि 25 फरवरी है जिसमें बुजुर्गो के ईकेवाईसी के दौरान अंगूठे का निशान नहीं मिलने से उन्हे राशन कार्ड की सुविधा का लाभ नहीं मिल पाएगा। प्रदेश सरकार को चाहिए हर रोज नए नियम शर्तो के कारण प्रतिदिन माताओं बहनो एवं बुजुर्ग हर दिन सरकारी दफ्तर के चक्कर लगा रहे है। जो कि न्यायोचित नहीं है। प्रदेश सरकार महतारी वंदन योजना व राशन कार्ड के नवीनीकरण के निराकरण की समयसीमा बढ़ाई जानी चाहिए।

भू-माफियाओं व अवैध कब्जों पर बीएसपी की कार्यवाही

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। 23 फरवरी 2024 को टाउनषिप के मुख्य मार्गों से अवैध रूप से लगाए गए प्रचार सामग्री (बैनर, पोस्टर) को हटाया गया और 24 फरवरी 2024 को सिविक सेंटर में अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की गई।

सिविक सेंटर स्थित ओपन एयर थिएटर के समक्ष फास्ट फूड मोबाइल वैन वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई और उन्हें हटाया गया। टाउनशिप के मुख्य मार्गों से अवैध रूप से लगाए गए बैनरों और पोस्टरों को हटाया गया। सेंट्रल एवेन्यू के मुर्गा चैक से लेकर पंडित रविशंकर शुक्ल चैक तक राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा, सभी विद्युत पोल बैनर-पोस्टर से भर दिए गए थे, इन्हें हटाया गया। सेंट्रल एवेन्यु (रविषंकर शुक्ल मार्ग) के विद्युत पोल में बैनर व पोस्टर निरंतर लगाए जा रहे है जिन्हें कई बार हटाया जा चुका है। इसके बावजूद ये बैनर पोस्टर फिर लगाए जाते हैं। मुख्य सड़क मार्ग पर लगाए ये बैनर कई बार सड़कों पर गिर जाते हैं, जिसकी वजह से सड़क दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका विमलाबाई पति चतुरसिंह निवासी ग्राम सेलूद तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम सेलूद प.ह.न. 25 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 95/44 रकबा 0.02 हे. को क्रेता सुनीता गुप्ता पति अशोक गुप्ता निवासी बोरसी कालोनी दुर्ग को विक्रय करने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोद्य दुर्ग प्रस्तुत आवेदन जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है, उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में आवेदक को भूमि विक्रय किए जाने की अनुमति दिए जाने से जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो नियत सुनवाई तिथि दिनांक 07.03.2024 तक न्यायालय में दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। सुनवाई तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.02.2024 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग-02 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

मामला की श्रेणी-02/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रभूषण देशमुख पिता माखनलाल देशमुख निवासी शिक्षक नगर दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम सिकोला स्थित भूमि खसरा नं. 299/391 रकबा 0.013 हे. भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ पुनर्निधारण रा.प्र.क्रं. 02/अ-2/2017-18 में दिनांक 24.04.20218 को आदेश पारित किया गया है जिसे वर्तमान राजस्व अभिलेख में परिवर्तित भूमि दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र, प्रपत्र-बी एवं अन्य दस्तावेजो के सहित अ.वि.अ.(रा.) दुर्ग के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.02.2024 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202412104500031
विषयः अ-06 सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

पचपेड़ी प.ह.न. 00011 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- मुरली मनोहर/ अनावेदक पक्षकार - बंसती

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम पचपेड़ी प.ह.नं. 11 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मुरली मनोहर पिता पंचराम निवासी ग्राम पचपेड़ी तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम पचपेड़ी प.ह.न 11 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित बंसती पति सदवा निवासी ग्राम पचपेड़ी के के नाम दर्ज भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 369 रकबा 0.14 हे. को भूमिस्वामी बंसती द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 02.01.2024 को आवेदक के पक्ष में निष्पादित वसीयतनामा के आधार पर वसीयतकर्ता बसंती की दिनांक 24.01.2024 को मृत्यु हो जाने से वसीयतकर्ता भूमिस्वामी बसंती पति सदवा का नाम विलोपित कर अपने नाम नामांतरण हेतु आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक मुरली मनोहर पिता पंचराम द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपने लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15.03.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202412104500015
विषयः अ-06 सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

पतोरा प.ह.न. 00024 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- आलोक कुमार चंद, सचिन कुमार चंद
अनावेदक पक्षकार - राजीव अग्रवाल

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम पतोरा प.ह.नं. 24 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक आलोक कुमार पिता स्व. प्रमोद कुमार चंद अन्य निवासी ग्राम रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम पतोरा प.ह.न 24 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी राजीव अग्रवाल पिता श्री उमेश कुमार अग्रवाल के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 496/16 रकबा 0.33 हे. को पंजीकृत बैनामा दिनांक 16.06.2022 से क्रय आधार पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक आलोक कुमार पिता स्व. प्रमोद कुमार चंद अन्य द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपने लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 11.03.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202412104500022
विषयः अ-74 सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

सांतरा प.ह.न. 00020 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- दयाराम
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सांतरा प.ह.नं. 20 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक दयाराम पिता जगवा निवासी ग्राम धमना द्वारा ग्राम सांतरा प.ह.न 20 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 498, 513/1 रकबा 0.50, 0.24 हे. भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक दयाराम पिता जगवा द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपने लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 23.02.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

कांग्रेस की सोच परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के आगे नहीं : मोदी

- वकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद सुनील सोनी और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बटन दबाकर 34 हजार 427 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास किया

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शामिल हुए। भाटापारा के कृषि उपज मंडी प्रांगण आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा भी उपस्थित थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ के तहत छत्तीसगढ़ में 34,427 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

गरीब, किसान, युवा और नारीशक्ति से विकसित होगा प्रदेशः मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, ÷विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण गरीब, किसान, युवा और नारीशक्ति के सशक्तिकरण से होगा। विकसित छत्तीसगढ़ की नींव आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत होगी। लगभग 35 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। छत्तीसगढ़ में अब और नौकरी के रास्ते खुलेंगे। आज एनटीपीसी के 1600 मेगावोल्ट पावर प्लांट को राष्ट्र को समर्पित किया है। इस प्लांट से देशवासियों को बिजली उपलब्ध हो पाएगी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि, मोदी हर घर को सूर्य घर बनाना चाहता है। मोदी हर परिवार को घर में बिजली बनाकर, वही बिजली बेचकर कमाई का एक और साधन देना चाहता है। इसी उद्देश्य के साथ हमने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। कांग्रेस ने सरकारें बार-बार बनाई लेकिन भविष्य का भारत बनाना भूल गई क्योंकि उनके मन में सरकार बनाना ही था, देश को आगे बढ़ाना उनका एजेंडा ही नहीं था। आज भी कांग्रेस की राजनीति की दशा और दिशा यही है। कांग्रेस परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से आगे सोच ही नहीं पाती।

मोदी की गारंटी को पूरा कर रही सरकारः सुनील सोनी

इसके पहले सांसद सुनील सोनी ने कहा कि, डबल इंजन की सरकार अपनी गारंटी को पूरा कर रही है, लोगों को 2 वर्ष का बकाया बोनस दिया जा चुका है। पीएससी परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर आदेश दे दिया गया है। बीजेपी जो कहती है वो करके दिखाती है, मोदी की गारंटी पूरा होने की गारंटी होती है।

मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से बढ़ रहाः शिवरतन शर्मा

भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भी सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। मोदी की गारंटी के अनुरूप भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ को संवारेंगी। आज छत्तीसगढ़ को 34 हजार 427 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं की सौगात दी हैं। मोदी की गारंटी के सारे कामों को पूरा करने के लिए हमारी प्रदेश सरकार अग्रसर हैं। उक्त अवसर पर जिला कलेक्टर चंदन कुमार सहित स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी एवम भाजपा कार्यकर्ता गण सहित लाभार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.।

न्यूज गैलरी

प्रकाशमुनि साहेब से विधायक साव ने लिया आशीर्वाद

भाटापारा/नवप्रदेश। सतगुरू कबीर धर्म नगर के नाम से प्रसिद्ध ग्राम दामाखेड़ा में माघी पूर्णिमा के अवसर पर पिछले 120 वर्षों से सतगुरू कबीर संत समागम समारोह आध्यात्मिक व धार्मिक वातावरण के साथ आरंभ हो चुका है। जिसमें शिरकत करने देश एवं विदेशों से भी प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है।

इस मेले के समापन दिवस पर भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने दामाखेड़ा पहुंच कर पंथ श्री हुजूर प्रकाश मुनीनाम साहेब से छत्तीसगढ़ व अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों की खुशहाली व विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। संत समागम समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी पंथ श्री हुजूर प्रकाश मुनीनाम साहेब का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यहां का नाम दामाखेड़ा के स्थान पर कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा करने की घोषणा भी की।

पीएम का मिला वर्चुअल मार्गदर्शन

नगरी/नवप्रदेश। विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ संकल्प यात्रा संकल्प यात्रा कुरूद विधानसभा आयोजन के मुख्य अतिथि अजय चन्द्राकर थे। यह कार्यक्रम पुरानी मंडी परिसर कुरूद में संपन्न हुआ ! जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ का पीएम मोदी और सीएम साय का वर्चुअल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास हुआ। कुरूद विधायक .अजय चन्द्राकर एवं भाजपा के नेताओं ने शासकीय विभागों के स्टालों का अवलोकन कर शासन के विभिन्न लाभार्थियों एवं विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत विभिन्न गणमान्य नागरिकों को सम्मानित किया।

अनुशासन में रहने, निडर और देशभक्ति का दिया संदेश

नगरी/नवप्रदेश। यूनिक रीड इंग्लिश मीडियम स्कूल सेमरा में बच्चों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। जहां प्री प्रायमरी (के जी-2)के बच्चे क्लास वन में प्रमोट हुए। इस समारोह के दौरान बच्चों को एहसास कराया गया कि कक्षा उन्नति अनुसार अब कुछ जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी, ग्रेजुएशन गाउन के परिधान में बच्चे मंच पर थे। मुख्य अतिथि उमाकांत तिवारी टीआई थाना सिहावा का स्वागत विद्यार्थियों के आर्मी बैंड और आर्मी सलामी के साथ किया गया! अध्यक्षता श्रवण ध्रुव सरपंच सेमरा ने की। विशेष अतिथि मेघनाथ ठाकुर (सी आर पी एफ सेवानिवृत्ति), कैलाश सेन, कुशल राम साहू, हीरालाल साहू,अजय मरकाम, कन्हैयालाल डोटे,सुरेश देवांगन,विजय देवांगन थे। मुख्य अतिथि तिवारी ने केजी - 2 के सभी बच्चों को प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किया। उन्होंने बच्चों के अनुशासन की प्रशंसा कर उन्हें निडर व देशभक्त बनने की बात कही। अतिथियों के द्वारा विद्यालय वार्षिक खेल उत्सव बालक/ बालिका खो खो, कबड्डी,लंबीकूद, ऊंची कूद के विजयी प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया!

सड़क पर बिखरी बजरी, खराब पेंच वर्क से हादसों की आशंका

अर्जुनी/नवप्रदेश। भाटापारा - बलौदाबाजार स्टेट हाईवे पर चलने वाले तेज रफ्तार मालवाहक गाड़ियों से गिरने वाले रेत व गिट्टियों से पूरा मार्ग खराब होने की स्थिति में हैं। गौरतलब है कि पूर्व में इस मार्ग निर्माण में गुणवत्ताहीन कार्य किया गया । वर्तमान में सड़क पर गिरने वाली बजरी गिट्टियों से लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। सही तरीके से पैंचिंग का काम नहीं होने से गिट्टियों से बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

साइन बोर्ड सड़क किनारे-मुख्य मार्ग अर्जुनी में ज्यादातर दुकानें सड़क किनारे संचालित है, साथ ही अतिक्रमण के चलते सड़क संकरी हो गई हैं। दुकान संचालकों ने साइन बोर्ड सड़क किनारे लगा दिया है। इससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

व्यस्ततम मार्गः जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली एक मुख्य मार्ग होने के कारण यहां आवगमन व्यस्त रहता है। वहीं अर्जुनी आसपास के गांवों का एक मात्र व्यवसायिक क्षेत्र है। जिसके कारण आस पास के लोग व्यापार के लिए यहां आते है। सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार अर्जुनी में होता है। इसमें दर्जनों गांव के लोग खरीद फरोख्त के लिए आते हैं। जिसमें बाजार किनारे व्यवसायिक परिसर व्यवस्था नहीं होने के कारण कपड़ा दुकानें व अन्य दुकानें सड़क किनारे ही लगाया जाता है। वाहन चालक अपनी गाड़ीतेज रफ्तार से चलाते हैं। व्यस्ततम मार्ग पर इस प्रकार अव्यवस्था जान जोखिम में डालने के समान हैं।

यातायात विभाग सुस्तः मार्ग के आवश्यक स्थानों पर सुरक्षा उपकरण नहीं होने के चलते आये दिन लोग छोटे बड़े हादसों के शिकार हो रहे हैं। मार्ग पर अतिसंवेदनशील जगहों पर विभाग द्वारा सुरक्षा की दृष्टि किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीण इसकी मांग लंबे समय से करते आ रहे है। शासकीय चावल गोदाम शासकीय व अशासकीय संचालित स्कूल के आसपास व बाज़ार चौक इन स्थानों पर आवश्यक रूप बेरिकेट लगाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

अधिवक्ता संघ के अनिल अध्यक्ष और सचिव सुरेश बने

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा अधिवक्ता संघ के चुनाव में अनिल मिश्रा अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। वही सचिव पद के लिए सुरेश यदु उपाध्यक्ष पद के लिए तरूण टंडन कोषाध्यक्ष पद के लिए दिलीप कुमार यदु निर्वाचित हुए है। नव निर्वाचित अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने उन्हें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले अपने अधिवक्ता साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।वही उनकी जीत पर अधिवक्ता सूरज शर्मा , नरेंद्र यदु, आनंद शर्मा , अरूण छाबड़ा सुरेश टंडन, सुमित साहू माधव साव, प्रवीण शुक्ला , विजय केशरवानी आदि अधिवक्ताओं ने शुभकामनाएं दी है।

संयुक्त मोर्चा का सत्याग्रह आंदोलन 6 को रायपुर में

गरियाबंद/नवप्रदेश। अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष करन सिंह अटेरिया, उप प्रांताध्यक्ष के.पी. श्रीवास एवं वी.एल.पटल ने बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर 6 मार्च को रायपुर में सत्याग्रह आंदोलन करने का फैसला किया है।

करन सिंह अटेरिया ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को चार प्रतिशत देय तिथि से महंगाई भत्ता सहित चौदह सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 6 मार्च को राजधानी रायपुर में एक दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन करने का ऑल्टीमेटम मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला, मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत एवं छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय सिंह के संयुक्त हस्ताक्षर से 21 फरवरी को दिया गया है। संयुक्त मोर्चा के प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में सत्ता परिवर्तन में राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों की अहम भूमिका थी। किंतु बजट सत्र में सरकार द्वारा कर्मचारियों से वादे के रूप में दी गई मोदी की गारंटी के तहत बजट में राशि का प्रावधान नहीं किया गया तथा आज पर्यंत महंगाई भत्ता की घोषणा नहीं की गई है। इस कारण प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों में निराशा है।

6 महीने से रायपुर-गेवरा रोड लोकल बंद, यात्री परेशान

भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर बिलासपुर सेक्शन के रेल यात्री कई माह से रायपुर गेवरारोड लोकल ट्रेन के रद्द होने से परेशान हैं। लोकल ट्रेन रद्द होने से यात्रियों की तकलीफों की ओर जनप्रतिनिधियों के द्वारा कोई ध्यान नहीं देने से छोटे छोटे स्टेशनों से यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।

दैनिक रेल यात्रा करने वाले यात्रियों के अनुसार पिछले 6 माह से ज्यादा समय से दोपहर 1 बजकर 50 मिनट को रायपुर से गेवरा रोड के मध्य चलने वाली 08746 लोकल ट्रेन को अकारण ही रद्द कर दिया गया है। जिसके कारण उक्त ट्रेन के हजारों रेल यात्रियों को दूसरी लोकल पकड़ने डेढ़ घंटे और इंतजार करना पड़ रहा है।इस ट्रेन में मांढर,सिलयारी,बैकुंठ,तिल्दा, हथबंध,भाटापारा,निपनिया, बिल्हा,चकरभाठा,बिलासपुर के दैनिक यात्रियों सहित गरीब मजदूर मध्यम वर्ग के लोग सफर करते है।उसी तरह गेवरा रोड से चलकर बिलासपुर होते हुए सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर भाटापारा आने वाली 08745 लोकल ट्रेन भी रद्द रहने से यात्रीगणों को अच्छी खासी परेशानियों का सामना करने मजबूर होना पड़ रहा है।रायपुर बिलासपुर के मध्य के रेल यात्रियों को लगभग 6 माह से ज्यादा समय से उक्त दोनों लोकल ट्रेनों से वंचित होना पड़ रहा है।

न्योता भोजन, बच्चों में दिखा उत्साहः नेमीचंद

- प्रधानपाठक पद पर एक वर्ष पूर्ण होने पर बच्चों को दिया भोज

फिंगेश्वर/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला भाटापारा परसदाकला संकुल केन्द्र परसदाकला में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्योता भोजन कार्यक्रम बच्चों के साथ शिक्षक अभिभावकों के अलावा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति से जुड़े पदाधिकारी, समाज के जनप्रतिनिधि गण अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर अपनी खुशियों को दोगुना कर सकते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद अतिथियों का स्वागत कर राकेश कुमार पाण्डेय नव नियुक्त प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला भाटापारा परसदाकला में एक वर्ष पूर्ण होने पर न्येता बोज दिया था। सभी अतिथियों को एक मंच के नीचे एक जगह एकत्रित होकर एक साथ भोजन ग्रहण करना अपने आप में अनुकरणीय पहल है। न्योता भोजन का प्रथम पहल शासकीय प्राथमिक शाला भाटापारा परसदाकला किया गया बच्चों को पौष्टिक आहार के अलावा केला, जलेबी, नमकीन, खीर पूरी, केक काटकर मनाया। मुख्य अतिथि नेमीचंद देवांगन जनपद सदस्य ने कहा प्रधानमंत्री पोषण आहार शक्ति केन्द्र के द्वारा इस तरह का पहल स्वागत योग्य कदम हैं। न्योता भोजन पाकर बच्चों में विशेष खुशी देखी जा सकती है।

32 पाव शराब के साथ एक गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। अभियान सृजन के तहत सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में शहर पुलिस ने थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन में सुरखी मेन रोड में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले बीजराडीह निवासी मनीराम यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 3520 कीमत मूल्य का 32 पाव देशी मसाला शराब जप्त कर उस के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

देश के विकास में...

प्रोजेक्ट हैं। इनसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर बनेंगे। आज एनटीपीसी के 1600 मेगावाट के सुपर थर्मल पावर स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इसके साथ ही इस आधुनिक प्लांट के 1600 मेगावाट के स्टेज 2 का शिलान्यास भी हुआ है। इन प्लांट से देशवासियों को कम लागत पर बिजली उपलब्ध हो पाएगी। हम छत्तीसगढ़ को सौर ऊर्जा का बड़ा केंद्र बनाना चाहते हैं। आज ही राजनांदगांव और भिलाई में बहुत बड़े सोलर प्लांट्स का लोकार्पण किया गया है। इसमें ऐसी व्यवस्था है जिससे रात में आसपास के लोगों को बिजली मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री साय ने प्रस्तुत किया मोदी जी की गारंटी पूरा करने किये गये कार्यों का अब तक का लेखाजोखा

प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार जिस प्रकार अपनी गारंटियों को पूरा कर रही है वो बहुत प्रशंसनीय है। छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया जा चुका है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के पैसे बढ़ाने की गारंटी मैंने दी थी। डबल इंजन सरकार ने यह गारंटी पूरी कर दी है। गरीबों के घर पहले नहीं बन पा रहे थे। अब हमारी सरकार गरीबों के घर बनाने तेजी से काम कर रही है। हर घर जल की योजना, इसे भी पूरा करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जांच का आदेश दे दिया गया है। मैं छत्तीसगढ़ की बहनों को महतारी वंदन योजना की बधाई देता हूँ इससे लाखों महिलाओं को लाभ होगा। हम जो कहते हैं वो कर के दिखाते हैं। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इसमें प्रदेश के सवा करोड़ लोग शामिल हुए, माताओं-बहनों ने भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। इनमें से 1 करोड़ से अधिक लोगों ने ऑनलाइन संकल्प में भी भाग लिया। संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविरों में 66 लाख से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया, 55 लाख लोगों ने टीबी जांच कराई, 35 लाख लोगों ने सिकल सेल की जांच कराई। 4 लाख 35 हजार आयुष्मान भारत कार्ड, 47 हजार क्रेडिट कार्ड, 10 हजार सॉइल हेल्थ कार्ड और 45 हजार माई भारत वालंटियर का पंजीयन किया गया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में 5 विशेष पिछड़ी जनजातियों के कल्याण के लिए 847 करोड़ 45 लाख रुपए लागत की 1180 किलोमीटर लंबाई वाली 333 सड़कों की निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इससे विशेष पिछड़ी जनजातियों की 366 बसाहटें लाभान्वित होंगी। प्रधानमंत्री जनमन योजना के संबंध में प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस योजना से 29 हजार 439 परिवारों को चिन्हित किया जा चुका है। इनमें से 15 हजार से अधिक परिवारों को आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। 13 हजार 188 परिवारों को पहली किश्त की राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। लखपति दीदी योजना के तहत प्रदेश की 7 लाख 82 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री 34 हजार 427 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे। इन परियोजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ को संवारने के हमारे महती प्रयासों को बल मिलेगा और विकसित भारत के प्रधानमंत्री के सपने को विकसित छत्तीसगढ़ बनाकर हम पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक योजनाओं की राशि भी भेंट की। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल तथा कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने भी अपना संबोधन दिया। इस मौके पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी मौजूद रहे। साथ ही प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, संभागायुक्त डा. संजय अलंग, कलेक्टर डा. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह भी मौजूद रहे। स्वागत उद्बबोधन कलेक्टर गौरव सिंह ने दिया।

छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी

प्रधानमंत्री जी की गारंटियों पर ...

अमल शुरू कर दिया गया। 18 लाख परिवारों को पक्का आवास देने, किसानों को 2 साल का बकाया बोनस का भुगतान करने, 3100 रुपए क्विंटल के भाव से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदने, विवाहित माताओं-बहनों को हर महीने 1 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने के लिए महतारी वंदन योजना शुरू करने जैसी अनेक गारंटियों को हम पूरा कर चुकें हैं। हमारे प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य देश के सामने रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए छत्तीसगढ़ भी पूरे मनोयोग के साथ अपनी भागीदारी के लिए तत्पर है। 'विकसित भारत' के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमने 'विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण का लक्ष्य स्वयं के सामने रखा है। राष्ट्र को नवनिर्माण के लिए एकजुट करने और हर नागरिक तक शासन की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने के लिए 16 दिसम्बर 2023 से छत्तीसगढ़ में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शुरू हुई है।

गुपचुप खाने से 60 लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ा, 16 लोग ...

के सरकारी अस्पताल और 8 लोगों को बेमेतरा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डॉ. एसआर चुरेन्द्र ने बताया शनिवार दोपहर 2 बजे तक ज्यादातर लोगों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। वहीं बच्चे, गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में रखा गया है। ये सभी रिकवर हो रहे हैं। शनिवार को डंगनिया गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची हुई थी। गांव में सर्वे किया जा रहा है। फिलहाल लक्षण वाले मरीज नहीं मिले हैं।

पीएम मोदी आज करेंगे सुदर्शन ...

के लिए श्रद्धालुओं को अनूठी सुविधा का लाभ मिलने लगेगा। इन तीनों जिलों को शामिल कर लेने वाले विकास कार्यों में सड़क व भवन, शहरी विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पेट्रोलियम व गैस मंत्रालय, रेलवे और ऊर्जा व पेट्रो रसायन विभाग की 11 परियोजनाएं शामिल हैं।

देवभूमि द्वारका में सड़क और परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय, सड़क व भवन विभाग, रेलवे, पेट्रोलियम व गैस मंत्रालय के तहत 5 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इसके अंतर्गत द्वारका और बेट द्वारका को जोड़ने वाले अत्याधुनिक सुदर्शन सेतु का लोकार्पण होगा। 979 करोड़ रुपये की लागत से इस ब्रिज का निर्माण किया गया है। 2.3 किलोमीटर लंबे इस ब्रिज के साथ-साथ 2.45 किलोमीटर के एप्रोच रोड और पार्किंग की सुविधा भी विकसित की गई है। कर्व पायल वाला यह अनूठा ब्रिज है। इसके बनने से अब द्वारका से बेट द्वारका आसानी से पहुंचा जा सकेगा।

533 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन

रेलवे विभाग की ओर से राजकोट से ओखा और राजकोट-जेतलसर-सोमनाथ व जेतसलर-वांसजालिया तक कुल 533 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन किया गया है। 676 करोड़ रुपये मूल्य के इस प्रोजेक्ट का प्रधानमंत्री लोकार्पण करेंगे। इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य से डीजल की बचत होगी और लोगों की सुविधा में वृद्धि होगी।

वेस्ट लैंड सोलर पीवी प्रोजेक्ट का लोकार्पण

जामनगर में कालावड तहसील के छत्तर के पास 52 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 12.5 मेगावॉट क्षमता वाले वेस्ट लैंड सोलर पीवी प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया जाएगा। किसानों और उपभोक्ताओं को सस्ते दाम पर बिजली देने व किसानों को दिन में भी बिजली देने में यह प्रोजेक्ट सहायक बनेगा। सड़क और भवन विभाग के अंतर्गत धोराजी-जामकंडोरणा-कालावड सेक्शन को चौड़ा करने के कार्य का शिलान्यास होगा।

छत्तीसगढ़ में तीन दिनों में करोड़ों की जीएसटी...

टीएमटी के यहां छापा मार कर लगभग सात करोड़ 60 लाख रुपए का टैक्स मौके पर ही पकड़कर उसे सरेंडर करवाया।

इन पर है जीएसपी विभाग की नजर

जीएसटी विभाग द्वारा ईवे बिल जांच की कार्रवाई भी नियमित रूप से की जा रही है, जिसके लिए विभिन्न टीमें गठित की गई है। केवल फरवरी माह में ही अब तक टीमों द्वारा रायपुर संभाग में 33, बिलासपुर संभाग में 34 और दुर्ग संभाग में 9 गाड़ियों को ई वे बिल में अनियमितता पाये जाने पर जप्त किया गया है। इनमें से 28 गाड़ियों से लगभग 57 लाख रुपए की पेनाल्टी भी वसूल की जा चुकी है। बोगस फर्में बनाकर उनके नाम से माल परिवाहित करने वालों पर विभाग की विशेष नजर है।

असम में भी यूनिफॉर्म सिविल ...

थी। अब मुस्लिम मैरेज एक्ट खत्म कर एक कदम तो उस दिशा में बढ़ा दिया गया है।

बाल विवाह पर रोक, ऐसे में क्या-क्या होंगे बदलाव?

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट ने शुक्रवार को असम मुस्लिम विवाह और तलाक निबंधन अधिनियम-1935 (ह्यह्यड्डद्ध स्न्न्रू) को रद्द करने का फैसला किया है। खुद मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इस अधिनयम के रद्द होने से राज्य में बाल विवाह पर रोक लग सकेगा। हालांकि, हिमंता सरकार के इस कदम का मुस्लिम समाज विरोध कर रहा है और इसे मुसलमानों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई बता रहा है।

मुख्यमंत्री सरमा ने एक्स पर लिखा, 23 फरवरी 2024 को असम कैबिनेट ने सदियों पुराने असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम को निरस्त करने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस अधिनियम में विवाह पंजीकरण की अनुमति देने वाले प्रावधान शामिल थे, भले ही दूल्हा और दुल्हन की आयु 18 और 21 वर्ष की कानूनी उम्र तक नहीं पहुंची हो, जैसा कि कानून द्वारा आवश्यक है। यह फैसला असम में बाल विवाह पर रोक लगाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कारगर कदम है।

कैबिनेट ने खत्म किया मुस्लिम विवाह अधिनियम

असम भी समान नागरिक संहिता (ष्टष्ट) की दिशा में अपना कदम बढ़ाते हुए सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने शुक्रवार को राज्य में रहने वाले मुसलमानों द्वारा विवाह और तलाक के रजिस्ट्रेशन से जुड़े 89 साल पुराने कानून को रद्द करने का फैसला किया। इस फैसले की जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री जयंत मल्ला बरुआ ने कहा, हमारे मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पहले ही घोषणा की थी कि असम एक समान नागरिक संहिता लागू करेगा। आज हमने असम मुस्लिम विवाह और तलाक रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1935 को निरस्त करने का बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ में शामिल हुए कमलचंद भंजदेव

नगरी/नवप्रदेश। विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ संकल्प यात्रा संकल्प यात्रा सिहावा विधानसभा आयोजन के कर्णश्वर मेला के मंच पर दिन शनिवार को आयोजित किया गया था। इसके मुख्यअतिथि बस्तर महाराजा सिहावा विधानसभा प्रभारी कमलचन्द्र भंजदेव थे। उन्होंने यहां पहुंचने के बाद महादेव मंदिर व श्री राम मंदिर का पूजा अर्चना की। कर्णश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष विकल गुप्ता राम भरोस दुर्गश साहू आदि ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रवण मरकाम,जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस,नरेश सिन्हा,राजेंद्र गोलछा,विकल गुप्ता,रविशंकर दुबे,महेंद्र नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्षदिनेश्वरी नेताम राजेश गोसाई,राकेश चौबे, मनोहर मानिकपुरी,संजय शांडिल्य,टेलेश्वर ठाकुर,अजय यादव,हुमित लिमजा,श्यामत बिसेन,मन्नू यादव,भीखम सेन,जीवराखन साहू,एवन साहू,दुर्गा साहू,प्रतिमा देवांगन,सुलोचना साहू,,चेलेश्वरी साहू,अंचला यदु,प्रीति यदु,बबीता साहू,हेमलता साहु समस्त अतिथि गण, साथ जिला प्रशासन अधिकारी एसडीएम गीता रायस तहसीलदार केतन भोईर जनपद पंचायत सीईओ अशोक ठाकुर करारोपण अधिकारी आंनद साहू जनपद पंचायत के कर्मचारी गण शामिल हुए।

अश्वमेध महायज्ञ में वसुधैव कुटुंबकम की प्रार्थना

नवी मुंबई/नवप्रदेश। मुंबई महानगर के खारघर कार्पोरेट पार्क ग्राउण्ड में गत तीन दिनों से चल रहे अश्वमेध महायज्ञ के चौथे दिन वसुधैव कुटुंबकम हेतु प्रार्थना की गयी। शांतिकुंज के आचार्यों दृवारा संचालित इस महायज्ञ में सामूहिक वेदपाठ और ध्यान साधना में हजारों साधक भक्ति के कुंभ में डूबे। देश के नामचीन लोगों ने भी आहुतियां डालकर इस ऐतिहासिक महायज्ञ में सहभागिता ली। गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी के मार्गदर्शन में हुए इस अश्वमेध महायज्ञ का पूरा परिसर व्यसन मुक्त तो था ही, साथ ही भक्ति और शक्ति के महासंगम का मनोहारी दृश्य देखने को मिला।

इस अवसर पर डॉ चिन्मय पण्ड्या ने गायत्री व यज्ञ के विविध आयामों पर विस्तृत जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है, जो अंदर बैठे भगवान को साधना के माध्यम से पहचान पाता है और तद्नुरूम कार्य करते हुए सफलता की सीढ़ी चढ़ता है। सनातन संस्कृति और अध्यात्म जागरण से भारत विकास की प्रगति पथ पर आरुढ होगा और विश्व के नेतृत्व की क्षमता को विकसित करेगा।

एक तरफ यज्ञशाला से उठती पर्यावरण को परिष्कृत करती परम पवित्र यज्ञाग्नि है तो वहीं दूसरी ओर संस्कारों की प्राण ऊर्जा कराती संस्कारशाला है। जहाँ विभिन्न संस्कारों के माध्मय से परिवार की नींव मज़बूत करने का कार्य किया जा रहा है। नामकरण, अन्नप्राशन, विद्यारम्भ, पुंसवन और उपनयन जैसे कई संस्कार अश्वमेध महायज्ञ के दौरान कराए गए। यह सभी संस्कार निःशुल्क कराए गए। यह संस्कार जब ऐसे दिव्य स्थान पर जाए तो उनका महत्व और बढ़ जाता है।

राजिम कुंभ कल्प में पहुंचेंगे देशभर के साधु-संत

■ मुख्यमंत्री और धर्मस्व मंत्री ने लौटाई कुंभ की भव्यता

राजिम/नवप्रदेश। दुनिया भर में ख्याति प्राप्त देश के पांचवे कुंभ के नाम से प्रसिद्ध राजिम कुंभ कल्प मेले की शुरूआत 24 फरवरी से हो गई है। राजिम की पावनधरा त्रिवेणी संगम में आयोजित होने वाला यह मेला देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई हुई है। देश के कई प्रदेशों से ख्याति प्राप्त मंदिर, मठों, अखाड़ों और आश्रमों से जाने-माने हजारों साधु-संतों के चरण पड़ते हैं। उनके अमृतवाणी और चरण रज का पुण्य लाभ भी राजिम कुंभ मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को मिलता है।

प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन कर कुंभ की भव्यता पुनः लौटाई है। धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में इस बार राजिम कुंभ का आयोजन भव्यता एवं दिव्य रूप से किया जा रहा है।

राजिम कुंभ का अलग ही महत्व-24 फरवरी माघ पूर्णिमा से प्रारंभ होने वाले राजिम कुंभ कल्प मेला का समापन 8 मार्च महाशिवरात्रि को होगा। इसके साथ ही 3 मार्च से 8 मार्च तक विराट संत समागम होगा। इस दौरान 24 फरवरी, 4 मार्च और 8 मार्च को पर्व स्नान भी होंगे, जिसमें शाही जुलुस भी निकाली जाएग। राजिम में आयोजित होने वाले कुंभ कल्प में संतो के समागम का अपना अलग ही महत्व होता है। कहा जाता है कि संत चलते फिरते तीर्थ के समान होते है लेकिन राजिम जैसे धार्मिक स्थान मे आयोजित कुंभ कल्प मे पहुंचनें वाले साधु-संतो के कारण कुंभ का महत्व बढ़ जाता है। संतो के बिना कुंभ की कल्पना अधुरी मानी जाती है। यह सौभाग्य की बात है कि देश के अन्य आयोजित कुंभ के समान देश के समस्त साधु-संत, महामण्डलेश्वर, मठाधीश सहित शंकराचार्य राजिम कुंभ में आना अपना सौभाग्य समझते है। इन संतो की अमृतवाणी राजिम कुंभ के मुख्यमंच से आम जनता तक पहुंचती है जिनके प्रवचनों का लाभ कुंभ में उपस्थित आमजनता को मिलता है।

इस बार कुंभ में शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद महाराज, अविमुक्तेश्वरानंद महाराज, सदानंद महाराज, पंडित प्रदीप मिश्रा, साध्वी ऋतंभरा दीदी, महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती, डॉ. शिवस्वरूपानंद, रामकृष्णानंद, यतिन्द्रानंद, डॉ. रामेश्वर, पंडोखर सरकार जैसे बड़े-बड़े दिग्गज शामिल होंगे। संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने इन धर्म गुरुओं को कुंभ में शामिल होने का न्योता भेजा है। धर्मगुरुओं के अलावा हरिद्वार, प्रयागराज, कांसी, बनारस, मथुरा, वृंदावन, अयोध्या, अमरकंटक, चित्रकूट, उत्तराखंड से बड़ी संख्या में साधु-संतों की टोली राजिम कुंभ कल्प मेला में पहुंचेगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन, शासन की योजनाओं प्रदर्शनी लगी-कुंभ स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए दो अलग-अलग से मंच बनाया गया है। इसमें एक मंच पर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यक्रम स्थानीय कार्यक्रम होंगे। वहीं मुख्य मंच पर प्रसिद्ध राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के अलावा अन्य कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा मेला स्थल पर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाया गया है। जबकि मेला में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए साहू समाज राजिम भक्तिन मंदिर समिति और राईस मिल एसोशिएशन द्वारा निःशुल्क भंडारे की व्यवस्था की गई है।

कुंभ की गरिमा बढ़ाने महानदी की होगी भव्य आरती-राजिम कुंभ कल्प मेला में इस वर्ष साध्वी प्रज्ञा भारती जी सानिध्य में महानदी की महाआरती का आयोजन हो रहा है, जो कुंभ की गरिमा को बढ़ाने का काम करेगी। इसमें स्थानीय पंडितों के अलावा जबलपुर से पधारे महाराजों द्वारा मत्रोच्चारण के साथ भव्य महानदी की महाआरती की जाएगी।

राजिम कुंभ कल्प मेला के पहले दिन पहुंचे विदेशी पर्यटक

विश्व प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ के प्रयाग राज राजिम में आयोजित राजिम कुंभ कल्प मेला की शुरूआत 24 फरवरी को पुण्य स्नान के साथ हो गई है। कुंभ कल्प मेला के पहले ही दिन पोलेण्ड से विदेशी पर्यटन राजिम पहुंचे। पर्यटक जॉन एवं अनु ने कुंभ आनंद लिया। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि राजिम आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा।

माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

नगरी/नवप्रदेश। कर्णेस्वर मेले में माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने महानदी व बालका नदी के संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद कर्णेस्वर महादेव सहित विभिन्न देवी देवताओं का दर्शन लाभ लिया। शुक्रवार की मध्य रात्रि से ही दूर दूर से आये सैकड़ों ग्रामीण, साधु संतों, देवी देवताओं, अपने देव विग्रह सहित महानदी व बालका नदी के संगम में आस्था की डुबकी लगाकर कर्णेस्वर महादेव ,राम जानकी सहित विभिन्न मंदिरों का दर्शन किया। यह सिलसिला शनिवार दिन भर चलता रहा। परंपरा अनुसार मंदिर में आये देवी देवताओं को ट्रस्ट द्वारा मड़ई के लिये सुपारी चावल भेंट कर आमन्त्रण दिया ।कर्णेस्वर महादेव मन्दिर ट्रस्ट व प्रशासन पूरी चाक चौबंद व्यवस्था करने में जुटी रही। शुक्रवार को पांच दिनी माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव का शुरुआत हुई। छिपली पारा टिकरी वाली के पुजारी राम प्रसाद नेताम ने खम्बेस्वरी में ध्वजा चढ़ाया। मंदिर परिसर स्थित विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना हुआ।सतनामी समाज ने जैतखाम में पालो चढ़ाकर बाबा जी को याद किया,कुम्हार समाज ने विष्णु भगवान,निषाद समाज ने राम सीता निषाद राज व पटेल समाज ने माता शाकम्भरी की पूजा अर्चना की। रामाराव बघेल ने संगम घाट के पास प्रसादी का वितरण किया।। रविवार को देव मड़ई है जिसमें सिहावा अंचल सहित उड़ीसा व बस्तर के देवी देवता आंगादेव आदि अपने पूरे स्वरूप में अपनी उपस्थिति प्रदान कर परम्परा अनुसार मेले की परिक्रमा करेंगे। इस अवसर पर संरक्षक कैलास पवार,ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, उपाध्यक्ष राम प्रसाद मरकाम,सचिव ललित शर्मा, कोशाध्यक्ष निकेश ठाकुर,सह सचिव राम भरोसा साहू,कमलेश मिश्रा, नागेन्द्र शुक्ला,शिव कुमार परिहार, रवि दुबे कलम सिंह पवार,रवि ठाकुर,गगन नाहटा,नोहर साहू,छबि ठाकुर,राम लाल नेताम,प्रकाश बेश,मोहन पुजारी,योगेश साहू अमर सिंह पटेल,के एस श्रीमाली,भरत निर्मलकर,कमल डागा,अंजोर निषाद,उत्तम साहू दीपक यदु,सचिन भंसाली, रवि भट्ट, हनी कश्यप,महेंद्र कौशल,प्रताप सुरेशा,मिलेश साहू बबलू गुप्ता,ललित निर्मलकर,अमर सिंह पटेल, प्रदीप जैन,नन्द यादव,सुनील निर्मलकर, होरी लाल पटेल,प्रेम लता नागवंशी,अश्विनी निषाद,के आर बोरघरिया,राजू सोम, ईश्वर जांगड़े,अनिरुद्ध साहू,दुर्गेश साहू,मनोहर मानिकपुरी,देवेन्द्र साहू,,हेमन्त पूरी गोस्वामी,डोमार मिश्रा,अशोक देवांगन,पूनारद जांगड़े ,खम्मन आडिल ,कौशल साहू,परमेश्वर नेताम,देवेन्द्र मिश्रा, प्रीतम गोस्वामी ,प्रकाश सार्वा,राम लाल नेताम, तेज नाथ साहू,राजू सोम ,अशोक देवांगन,पूनारद जांगड़े ,टेश्वर ध्रुव,पंकज ध्रुव आदि उपस्थित थे।

फरसिया के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव के सहयोग पर माना आभार

नगरी/नवप्रदेश। माघ पूर्णिमा पर रात में फरसिया मंदिर समिति द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक संस्था कारी सवरेंगी का आयोजन किया गया। इसकी मुख्यअतिथि पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव थी। अध्यक्षता जवाहर मरकाम ने की। विशेष अतिथि मनोज साक्षी सदस्य जिला पंचायत, सरपंच अमाली,संबलपुर, फरसिया, मन्नू यादव सदस्य जनपद पंचायत, शिवदयाल साहू,एल एल ध्रुव, प्रयाग बिसेन एवं गांव के वरिष्ठ जन थे।मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि आज जो विकास हुआ है वो सब माँ महामाया की कृपा से ही संभव हो सका है। डॉ ध्रुव ने समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने मुझे 5 वर्षों में जो प्यार दिया उसके लिए वो सदैव आपकी आभारी रहूंगी। मनोज साक्षी ने कहा कि सिहावा विधानसभा में पिछ्ले 5 वर्षो में जो विकास हुआ है वैसा विकास कार्य कभी नहीं हुआ था। हम सब डॉ लक्ष्मी ध्रुव के आभारी हैं।

शांति नगर में स्वच्छता अभियान मंदिर परिसर को किया साफ

काँकेर/नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था जन सहयोग का स्वच्छता अभियान आज मोहल्ले की महिलाओं के आव्हान पर शांति नगर पहुंचा।

जहां मोहल्लेवासियों के सहयोग से भोलेनाथ मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्र की भी सफ़ाई घंटों तक की गई। जिस में अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेंद्र देव, बल्लू यादव, करण नेताम, दिनेश मोटवानी ,राजेश चौहान ,भूपेंद्र यादव, प्रवीन गुप्ता, संत कुमार रजक, पप्पू साहू आदि थे। मोहल्ले वासियों में जन सहयोग को सहयोग देने वाले पुरुषों तथा महिलाओं में पुष्पा सिन्हा, भुवनेश्वरी साहू ,रचना सिन्हा, रूपा सिन्हा, चंद्रा साहू, अजय साहू, कृष्णा साहू, मनीष साहू, सखा नेताम ,अमित ,पुनेश, तिलक साहू ,सावंत साहू , राजवीर ,टिकेश्वर यादव तथा मुकेश विश्वकर्मा के नाम उल्लेखनीय हैं। जन सहयोग द्वारा दी जाने वाली समाज सेवाओं के लिए शांति नगर वार्ड में लोगों में बहुत खुशी है। मोहल्ले वासियों द्वारा अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी तथा जन सहयोग के सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद दिया गया, इसके प्रति अध्यक्ष ने आभार प्रकट किया। साथ ही विश्वास दिलाया कि यदि मोहल्ले वाले इसी तरह स्वच्छता अभियान में दिलचस्पी लेते रहेंगे तो ÷जन सहयोग ÷भी उनके आमंत्रण पर हमेशा उन्हें सहयोग देने आता रहेगा।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

क्र/442/निविदा/लोनिवि/2024 भिलाई-चरौदा, दिनांक - 23/02/2024

ई-प्रोयूरमेंट निविदा सूचना

इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्र.	कार्य का नाम	सिस्टम टेंडर क्र.	लागत राशि (रू. लाख में)	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	Digging of borewell and Pump installation in various wards of municipal corporation Bhilai-Charoda Under Mayor/Parshad & Other Funds.	153258	41.15	16/03/2024
2	Supply of 25 Manpower (Skilled, Semi-Skilled & Non-Skilled) For Jal maintenance in Municipal Corporation Bhilai-Charoda.	153259	42.11	16/03/2024
3	Electrification Work For Street Lighting From Somni Chowk to Ganiyari (2nd Call)	153260	44.48	11/03/2024

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट दद से डाउनलोड की जा सकती है

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
भिलाई-चरौदा

प्रकृति को क्षति न पहुंचाएं, वृक्ष लगाएं, पर्यावरण को शुद्ध बनाएं।

छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदलपुर वृत्त के अन्तर्गत दन्तेवाड़ा काष्ठागार में नीचे दर्शाये अनुसार ईमारती नये/पुराने काष्ठ का नीलाम किया जावेगा।

1. नीलाम दिनांक - 04-03-2024
2. नीलाम स्थल का नाम - काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाठा)
3. डिपो का नाम जहां वनोपज रखी गई है - दन्तेवाड़ा आंवराभाठा दन्तेवाड़ा
4. नीलाम समय - 10.00 बजे पूर्वान्ह से

प्रजाति	नयी काष्ठ			पुरानी काष्ठ		
	नग	घ.मी.	बल्ली / डेंगरी	नग	घ.मी.	बल्ली/ डेंगरी
सागौन	803	117.582	34/68	2602	221.563	66/462
साल	556	87.595	4	200	30.504	10/30
बीजा	81	11.624	0	135	18.283	3/10
साजा	110	11.814	2	67	6.698	0
हल्दू	33	8.358	4	68	10.452	4/8
धावड़ा	28	3.542	11	17	1.818	1
सिवना	10	0.834	0	4	0.432	0
शीशम	5	0.363	0	0	0.000	0
तिन्सा	2	0.175	3	0	0.000	0
अकेशिया	30	1.332	2/3	0	0.000	0
अन्य	206	25.161	95/9	144	24.645	6/3
योग -	**1864**	**268.380**	**149/86**	**3237**	**314.395**	**90/513**

इच्छुक व्यापारी नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम शर्तें एवं विस्तृत जानकारियों अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। कृपया बोली लगाने के पूर्व नीलाम में रखी गई नये/पुराने ईमारती काष्ठ का श्रेणी को भली-भांति देख लेवें। वर्ष-2024 का व्यापार पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं फर्म का पेन नम्बर/जी.एस.टी. नम्बर की प्रति नीलाम के दिन सत्यंकार राशि का भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक, बडौदा बैंक, देना बैंक, एक्सिस बैंक, सेन्ट्रल बैंक, चेक के साथ अनिवार्य रूप से सत्यंकार कक्ष में प्रस्तुत करना होगा।

नीलाम में बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि जो एक हजार से कम नहीं होगी सत्यंकार अधिकारी के पास जमा करना अनिवार्य है।

वनमण्डलाधिकारी
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

जी - 08019/5

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्रमांक: निविदा-क्रमांक: सी.ई.सी./बी.एस.पी./23-24/25 दिनांक : 16-02-2024 (ओपेन - टेंडर)

कार्य: "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के (i) तल्लाइपल्ली माइन्स एवं गरे पेलमा माइन्स के मध्य नई डबल लाइन ECOR के बरगढ़ स्टेशन सहित, भालुमुड़ा एवं परपोड़ा स्टेशन (150 किलोमीटर) के Y कार्य कनेक्टिविटी के सहित निर्माण कार्य के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण आयोजित करना, भू-तकनीकी जांच के लिए क्षेत्र विवरण के संग्रह सहित जीएडी और अन्य ड्राइंग की तैयारी और सर्वेक्षण रिपोर्ट एवं एस्टिमेट आदि की तैयारी सहित संबन्धित विभिन्न कार्य का कार्यान्वयन हेतु"। निविदा मूल्य: रु. 2,29,94,841.91, अमानत राशि: रु. 2,65,000.00, निविदा दस्तावेज की लागत: शून्य, कार्य पूरा होने की अवधि: 06 (छ:) महिना, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से।
(1) निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक: 13.03.2024 को 15:00 बजे तक। (2) निविदा खोलने का समय एवं दिनांक: 13.03.2024 को 15:30 बजे।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर-पिन: 495004 अथवा उपमुख्य इंजीनियर (निर्माण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर-पिन: 495004 अथवा मुख्य इंजीनियर (निर्माण-III)/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर-पिन: 495004 के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/देख सकते हैं।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/कार्य-II
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/448

South East Central Railway @secrail

Chola
Enter a better life

चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड
कार्पोरेट कार्यालय : चोला क्रेस्ट, सी 54 व 55, सुपर बी-4, थिरू वि का इण्डस्ट्रीयल एस्टेट गिंडी, चेन्नई-600001
रायपुर कार्यालय : शॉप नंबर 416, चतुर्थ तल, नेशनल कार्पोरेट पार्क, मारूति बिजनेस पार्क के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.) पिन-492001

ई-नीलामी विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और पतिभूति हित का 2002 के तहत अचल संपत्तियां की बिक्री के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद् द्वारा आम जनता और विशेष रूप से ऋणी/सह ऋणी/बंधककर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति प्रतिभूत लेनदार के द्वारा गिरवी रखी गई है, जिसका **वास्तविक कब्जा चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी के द्वारा लिया गया है, जिसे इसके बाद **चोलामंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फाईनेंस कंपनी लिमिटेड** के रूप में संदर्भित किया गया। सुरक्षित संपत्तियों की नीलामी 13.03.2024 को **''जैसा है जहां है''**, **''जैसा है जो हैं''** और **''जो कुछ भी है''** के आधार पर ई-नीलामी की जाएगी।
इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है हम वेबसाइट https://bankauctions.in एवं https://cholamandalam.com/news/auction-notices से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

स. क्र	खाता नंबर व उधारकर्ता/सहउधारकर्ता/बंधककर्ता का नाम	मांग सूचना धारा 13(2) के अंतर्गत तिथि व राशि	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	अ) आरक्षित मूल्य ब) बयाना राशि (ईएमडी) स) बोली वृद्धि राशि	अ) ई-नीलामी तिथि व समय ब) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि स) निरीक्षण तिथि द) कब्जे की तिथि (कब्जे की स्थिति)
1.	ऋण खाता नं. X0HERRH00001320281 **उधारकर्ता/सह उधारकर्ता/बंधककर्ता :-** **1. श्री मनोरंजन कुमार पाण्डेय** मकान नं. एम.डी.डी. 82,फेस-1, जीएसडी क्वार्टर के पास कबीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001 **2. मेसर्स श्री सांई इंडस्ट्रीज** ज्ञान करतार टावर, तेलघानी नाका, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 **3. श्रीमती अनीता पाण्डेय** मकान नं. एम.डी.डी. 82,फेस-1, जीएसडी क्वार्टर के पास कबीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001	**15.07.2020 रु. 1,39,78,489.08 14.07.2020 तक**	**संपत्ति (1)** प्रथम तल पर लगभग 835 वर्गफुट का फ्लैट एवं भूतल पर एक कार पार्किंग की जगह सहित। **संपत्ति (2)** फ्लैट का तृतीय तल जिसका कुल क्षेत्रफल भवन का लगभग 835 वर्गफुट और भूमि के भूखंड पर लगभग 4 कोट्टा, 9 चित्ताक और 13 वर्ग फुट के आर.एस. का निर्माण किया गया। आरएस के तहत दाग संख्या 413 और 415। जिला-दक्षिण 24 परगना में पीएस-रीजेंट पार्क के तहत मौजा-बंसद्रोणी में खतियान नंबर 769 वर्तमान में नगर परिसर संख्या 82, दिनेश पल्ली, नगरपालिका वार्ड संख्या 113, कोलकाता - 700070 के रूप में जाना जाता है।	**संपत्ति 1 :** **अ)** रु. 22,00,000.00 **ब)** रु. 2,20,000.00 **स)** रु. 10,000.00 **संपत्ति 2 :** **अ)** रु. 18,00,000.00 **ब)** रु. 1,80,000.00 **स)** रु. 10,000.00	**अ)** 13.03.2024 (सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक) (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) **ब)** 12.03.2024 (शाम 5 बजे तक) **स)** 05.03.2024 एवं 06.03.2024 (सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक) **द)** 17.03.2022 (सांकेतिक कब्जा)

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://bankauctions.in/ & https://cholamandalam.com/news/auction-notices देखें। ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीकर्ता मैसर्स 4 क्लोजर जयाप्रकाश रेड्डी संपर्क नंबर- 81420 00064, मोहम्मद रहीस संपर्क नंबर- 81240 00030, से संपर्क कर सकते हैं। ई-मेल आईडी- info@bankauctions.in, रायपुर संपर्क नंबर : 98264 32751, 99813 43191.
2. नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया https://bankauctions.in/ देखें ई-नीलामी में भाग लेने के लिए https://cholamandalam.com/news/auction-notices पर जाएं।

इसे प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक 15 दिवस की बिक्री सूचना भी समझी जावे।

दिनांक : 25.02.2024
स्थान : रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्राधिकृत अधिकारी
चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड

वन विभाग छत्तीसगढ़
बस्तर (सामान्य) वनमंडल, जगदलपुर

नीलाम विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, बस्तर सामान्य वनमंडल जगदलपुर के सरगीपाल काष्ठागार में दिनांक 06.03.2024 को इमारती काष्ठ का नीलाम रखा गया है। इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि, नीलाम में भाग लेकर डिपो में रखी वनोपज की भली-भांति अवलोकन कर नीलाम से संबंधित जानकारी वनमंडल कार्यालय जगदलपुर अथवा काष्ठागार सरगीपाल से कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त किया जा सकता है। प्रस्तावित मात्रा में कमी या अधिकता हो सकती है, कृपया बोली लगाने के पूर्व वनोपज का निरीक्षण करने के बाद बोली लगावें। नीलाम में लॉट पर बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि 10 प्रतिशत के बराबर या 1000/- रूपये, इनमें से जो भी अधिक हो बयाने की राशि जमा करना अनिवार्य है। वर्ष 2024 का पंजीयन एवं फर्म का पेन नम्बर एवं जी.एस.टी. नम्बर की प्रति सत्यंकार कक्ष में जमा करें। काष्ठागार सरगीपाल नीलाम समय 9.00 बजे प्रातः दिनांक 06.03.2024

काष्ठागार सरगीपाल नीलाम में रखे गये वनोपज की मात्रा

प्रजाति	वनोपज की मात्रा					
	नया काष्ठ			पुराना काष्ठ		
	घनमीटर (अनुमानित)	बल्ली	डेंगरी	घनमीटर	बल्ली	डेंगरी
1	2	3	4	5	6	7
सागौन	100.000	500	300	81.579	1470	868
साल	1301.000	0	300	575.569	67	18
बीजा	13.000	0	0	128.334	124	16
साजा	50.000	0	0	9.319	23	0
हल्दु	15.000	0	0	19.814	0	0
शीशम	0.000	0	0	0.000	0	0
सिवना	0.000	0	0	0.516	11	0
तिंसा	2.0000	0	0	0.103	0	0
नीलगिरी	0.000	0	0	8.567	0	0
धावड़ा	2.000	0	0	2.666	0	8
अन्य	12.000	0	0	24.770	28	0
पाईन	0.000	0	0	0.000	0	0
अकेशिया	0.000	0	0	0.000	0	0
मुलायम काष्ठ	5.000	0	0	0.369	0	0
योग-	**1500.000**	**500**	**600**	**851.606**	**1723**	**910**

पुराना सागौन चट्टा - 05 चट्टा

वन मंडलाधिकारी
बस्तर वन मंडल, जगदलपुर

जी- 08046/3

न्यूज गैलरी

करंट की चपेट में आए पिता-पुत्र झुलसे, अस्पताल में चल रहा इलाज

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के ग्राम जमुनापानी के जंगल में जंगली जानवरों के शिकार के लिए लगाए करंट की चपेट में आने से दो चरवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

दोनों का इलाज जारी है. घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. बता दें कि पूरा मामला झलमला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम जामुनपानी के जंगल का है. जहां चरवाहा चैतू सिंह मेरावी और पंचराम मेरावी अपने मवेशी को ढूंढने के लिए जंगल गए हुए थे. इसी दौरान जंगली जानवर को मारने के लिए शिकारियों के द्वारा लगाए करंट की चपेट में आ गए. जानकारी के अनुसार, दोनों घायल बाप-बेटे बताए जा रहे हैं. दोनों को 108 की मदद से गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

धर्म नगरी में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री : विधायक हर्षिता बघेल

खैरागढ़/नवप्रदेश। धर्म नगरी में खुलेआम अवैध शराब बिक्री का मामला अब छत्तीसगढ़ विधानसभा तक जा पहुंचा है. डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक हर्षिता बघेल ने सदन में डोंगरगढ़ शहर में खुलेआम हो रही अवैध शराब बिक्री को लेकर चिंता जाहिर की.

उन्होंने पूरे मामले में पुलिस विभाग पर भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं.विधायक हर्षिता बघेल ने कहा कि वे लगातार क्षेत्र के दौरे पर रहती हैं. इस दौरान उन्हें लगातार क्षेत्रवासियों से अवैध शराब बिक्री और उससे होने वाली तकलीफों की शिकायत मिल रही है. इसे लेकर वे कई बार थाना प्रभारी और डोंगरगढ़ एसडीओपी को शिकायत कर चुकी हैं, लेकिन अब तक स्थिति जस की तस है. हद तो तब हो जाती है, विधायक हर्षिता बघेल ने बताया कि जब पूरे मामले को लेकर उच्च अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने एक ज्ञापन देने का हवाला देते हुए अपना पलड़ा झाड़ लिया।

कमला कॉलेज में नेट-सेट पर केंद्रित अतिथि व्याख्यान का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के समाजशास्त्र स्नातकोत्तर विभाग द्वारा 20 फरवरी 2024 को महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में संस्था के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में विभागाध्यक्ष डॉ. जीपी रात्रे के निर्देशन में महाविद्यालय के सभी स्नातकोत्तर विभाग की छात्राओं के कैरियर पर केन्द्रित नेट-सेट जैसे प्रमुख विषय को आधार बनाकर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ के तौर पर डॉ. गणेश नेताम, सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र शासकीय डॉ. अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव द्वारा विषय के सभी प्रमुख पक्षों, प्रश्नपत्रों तथा उसका व्यवस्थित अध्ययन की रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी दिया गया।

बैगा हत्याकांड, अपनी नाकामी छुपाने मुझ पर मनगढ़ंत आरोप : नीलकंठ

विधायिका के दबाव में पुलिस कप्तान और भाजपा के लोग मुझ पर झूठा और बेबुनियाद आरोप लगा रहे

कवर्धा/नवप्रदेश। नागाड़बरा हत्या कांड जो आदिवासी बैगा परिवार के तीन सदस्यों का बेरहमी से नरसंहार हुआ है । उसके खुलासे के बाद हत्या को दुर्घटना बताने वाली पुलिस और भाजपा विधायक अपनी नाकामियों को जनता के सामने आने से डर कर मुझपे ही आरोप गढ़ रहे है , ये लोग नहीं चाहते थे कि इस हत्या का खुलासा हो वो चाहते थे कि ये मामला जनता को हत्या का नहीं आगजनी से दुर्घटना का दिखे इस लिये वे सूक्ष्म जाँच नहीं कर रहे थे । श्री चंद्रवंशी ने कहा जिसका मैंने और कांग्रेस के हमारे क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने धरनाप्रदर्शन पुतला दहन कर थाना घेराव करते हुवे पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने अपराध का पुरज़ोर विरोध किया था । इस मामले पर पुलिस प्रशासन शूरू से एक राय होकर हत्या को दुर्घटना बताती रही है द्य अतः जब कुछ गवाहो के द्वारा हत्यारों के भय से मुक्त होकर खुद आगे आकर गवाह दिया गया तब जाकर ये मामले का खुलासा पुलिस ने किया और अब अपना ही पीठ खुद थपथपा कर मुझपे विधायक के दबाव के चलते बेबुनियाद आरोप लगा रही। ये कहते है कि मुझे दो फ़रवरी से इस हत्या के विषय में ना जाने क्या क्या जानकारी थी जो मैं खुद नहीं जानता मैं क्षेत्रीय विधायक सहित उनके मीडिया सैल के कार्यकर्ताओं और कवर्धा पुलिस कप्तान को बताना चाहता हूँ की मैं दो फ़रवरी से ही नहीं बल्कि 20 जनवरी से हमारी कांग्रेस पार्टी संगठन सहित क्षेत्रीय लोग चीख चीख कर बोल रहे थे की ये घटना दुर्घटना नहीं सोची समझी साजिस के तहत किया गया हत्या है । मुझे जिस दिन इस घटना की जानकारी हुई उसी दिन से पूरे गांव और क्षेत्र सहित ज़िले की आमजनता को जानकारी थी कि ये हत्या है कोई दुर्घटना नहीं ।

ऐसे मामलों में राजनीति नहीं करनी चाहिए : भावना

बता दें कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा घटना के बाद तुरंत नागाडबरा पहुंची और पिड़ीत परिवार को तत्काल 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद की थी. इस दौरान भावना बोहरा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा था कि एक ही परिवार के तीन बैगा आदिवासियों की मौत हुई है. ये बहुत ही दुखद घटना है, ऐसे मामले में किसी भी पार्टी को राजनीति नहीं करनी चहिए. लेकिन भावना बोहरा ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरह से कांग्रेस ने राजनीति की है. भोले-भाले आदिवासी भाइयों को बहला फुसलाकर आंदोलन किया. जबकि कांग्रेस पार्टी के सदस्य को जानकारी थी उन्हें बयान देने से रोका गया. पुलिस को गुमराह किया गया लोगो को गुमराह किया गया. ऐसे मामलों में किसी भी को ऐसी राजनीति नहीं करनी चहिए.

पीएम ने जिले में निर्मित 100 मेगावाट सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का किया लोकार्पण

0 प्रधानमंत्री विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम अंतर्गत वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजनांदगांव जिले के ग्राम अर्जुनी में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

0 पीएम सूर्योदय योजना का जरूरतमंद परिवारों को मिलेगा लाभ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम अंतर्गत वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से राजनांदगांव जिले के ग्राम अर्जुनी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने राजनांदगांव जिले को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय अंतर्गत 907 करोड़ रूपए की लागत से राजनांदगांव जिले के 9 गांवों के 451 एकड़ क्षेत्र में निर्मित 100 मेगावाट एसी/155 मेगावाट डीसी सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ को 34 हजार 427 करोड़ रूपए की 10 परियोजनाओं की सौगात दी। इस अवसर पर विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम अंतर्गत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पारीखुर्द, डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कलकसा, खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के गैंदाटोला में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़ी लगभग 35 हजार करोड़ रूपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इनमें कोयले, सौर ऊर्जा और कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट हैं। इनसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर बनेंगे। एनटीपीसी के 1600 मेगावाट के सुपर थर्मल पावर स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इसके साथ ही इस आधुनिक प्लांट के 1600 मेगावाट के स्टेज 2 का शिलान्यास भी हुआ है। इन प्लांट से देशवासियों को

कम लागत पर बिजली उपलब्ध हो पाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्योदय योजना शुरू की गई है। अभी यह योजना एक करोड़ परिवारों के लिए है। इसमें घर के छत पर सौर पैनल लगाने के लिए सीधे बैंक खाते में पैसे भेजेगी।

इससे 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी और ज्यादा बिजली पैदा होगी, तो सरकार बिजली खरीद लेगी। इससे परिवारों को हर वर्ष हजारों रूपए की कमाई होगी। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार जिस प्रकार मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है, वह प्रशंसनीय है। छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया जा चुका है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के पैसे बढ़ाने की गारंटी मैंने दी थी। गरीबों के घर पहले नहीं बन पा रहे थे। अब हमारी सरकार गरीबों के घर बनाने तेजी से काम कर रही है। हर घर जल की योजना, इसे भी पूरा करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। महतारी वंदन योजना लाखों महिलाओं को लाभ होगा। निःशुल्क राशन, सस्ती दवाएं, गरीबों के लिए घर, घर-घर नल कनेक्शन, साफ जल, हर घर टायलेट ये सारे काम हो रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी वाली गाड़ी इसलिए ही गांव-गांव आई थी। बीते 10 साल में हमने चौतींस लाख करोड़ रूपए से ज्यादा डीबीटी अर्थात डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर से पैसे भेजे। देश की जनता के बैंक खातों में हमने इतनी बड़ी राशि भेजी।

गरीब, किसान, युवा-नारी सशक्तिकरण से छत्तीसगढ़ का निर्माण होगा : पीएम

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में वीसी के जरिए छत्तीसगढ़ के लिए बटन दबाकर 34.427 हजार करोड़ रूपए की दस परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 303 करोड़ की लागत से 10.5 किलोमीटर बिलासपुर-उसलापुर फ्लाईओवर का कार्य भी शामिल है। विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के अंतर्गत जिले की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि गरीब, किसान, युवा और नारी सशक्तिकरण से विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण होगा। यह आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से बनेगा। इसलिए आज छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़ी लगभग 35 हजार करोड़ रूपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। इनमें कोयले से जुड़े, सौर उर्जा से जुड़े और कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट हैं। इनसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे। रोजगार बढ़ता है शिक्षा, स्वास्थ्य की आधुनिक सुविधाएं भी बनती है। आज जो चौड़ी सड़के, रेल लाईन बन रही है। यह हमारे सुशासन का नतीजा है, ऐसे ही कामों से विकसित छत्तीसगढ़ का सपना पूरा होगा।

श्री राम महायज्ञ का हुआ समापन

नवागढ/नवप्रदेश। श्रीराम जानकी मंदिर में चल रहे श्रीराम महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। आचार्यो ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यजमानों से पूर्णाहुति दिलाई। इसी के साथ महायज्ञ को विराम दिया गया। महायज्ञ के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान आचार्य रविंद्र शर्मा, यजमान शिव अर्पित पाठक, समिति के सदस्यगण विनोद साहू, विद्यानंद जायसवाल, सौरभ ताम्रकार, वल्लभ ठाकुर, मिंटू बिसेन, सुदेश श्रीवास्तव, लक्ष्मीचंद जैन, राजू गुम्बर, सौरभ ताम्रकार, मनोज सोनी, रामभरोस जयसवाल, बसंत विश्वकर्मा, सुरेंद्र महंत, भजनसिंह क्षत्रिय, खेलन यादव, संतोष यादव सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

संत श्री विद्यासागर जी महाराज को भति पूर्वक विनयांजलि

राजनांदगांव। युग श्रेष्ठ एचर्या शिरोमणि दिगंबर जैन आचार्य 108 श्री विद्यासागर महा मुनिराज जी 18 फरवरी 2024 को रात्रि 2.30 बजे जैन आगम की श्रेष्ठचर्या को अंगीकार करते हुए समाधिस्त होकर ब्रह्मलीन हो गए, जिनकी विनयांजलि सभा 25 फरवरी, दिन-रविवार को सकल जैन श्री संघ द्वारा दिगंबर जैन मंदिर के सामने गंज लाइन में शाम 7 बजे आयोजित की गई है। तत्पश्चात आचार्य भक्ति की जावेगी। जैन समाज के सूर्यकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि, आचार्य श्री 36 मूल गुणों के

धारी ने छत्तीसगढ़ की धरा पर अपने सारगर्भित जीवन से मृत्यु को महोत्सव बनाने का उत्कृष्ट संदेश देते हुए रत्नत्रय का पालन करते हुए यम संलेखना समतापूर्वक धारण की और तीन दिनों के उपवास उपरांत अरिहंत भगवान का स्मरण करते हुए ओम शब्द के उच्चारण के साथ ब्रह्मलीन हुए। आचार्य श्री ने समस्त मानव समाज के लिए धर्म प्रभावना की, वही राष्ट्रहित में इंडिया नहीं भारत बोलो का नारा भी बुलंद किया। उन्होंने भारत की शिक्षा के स्तर को उत्कृष्ट एवं संस्कारित करने के लिए प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ की स्थापना की, तो देश को आत्मनिर्भर और अहिंसक रोजगार की दिशा में पहल करने के लिए चल चरखा के माध्यम से कई हथकरघा का आशीर्वाद भी दिया। सैकड़ों गौशाला आचार्य श्री के आशीर्वाद से संचालित हो रही है।

नपा परिषद कार्यक्रम में पहुंचा संकल्प यात्रा रथ

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिलें में विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण की शुरुवात आज से हो गई हैं। जिसके परिपेक्ष्य में संकल्प यात्रा रथ जिले के वार्ड क्रमांक 14 स्थित कबीर कुटी और नगर पालिका परिषद कार्यक्रम पहुंची, जहां की बड़ी संख्या में पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने आमजनों की भीड़ के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान सभी नागरिकों क़ो विकसित भारत का संकल्प भी दिलाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों तथा आम नागरिकों के साथ क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुँचाने शिविर भी लगाया गया था।

अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर की गिरफ्तारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करी के रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके परिपालन में दिनांक 20 फरवरी 2024 को मन्नी ढाबा के पास नेशनल हाईवे में चेकिंग पाईंट लगाकर लगातार गाड़ियों की चेकिंग की जा रही थी, जिस दौरान जरिये मुखबीर के सूचना पर अवैध रूप से उड़ीसा से राजनांदगांव बागनदी होते हुए नागपुर की ओर कार क्रमांक सीजी 07-एएन 7236 में अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन करने की सुचना पर संदिग्ध वाहन कार को नाकाबंदी कर रोककर ड्राइवर से नाम-पता पुछने पर अपना नाम टिंकू कुमार यादव पिता बोधी यादव, उम्र 33 साल, निवासी अकदुनी, थाना मुफसिल, जिला गिरीडीह, झारखंड का रहने वाला बताया। वाहन कार की तलाशी करने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा वजनी 39.45 किलोग्राम मिलने से उक्त मादक पदार्थ गांजा व आरोपी का मोबाईल, वाहन का पेपर को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया था।

साइबर सेल व पुलिस ने दो कोचियों से जप्त की शराब

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में 23 फरवरी को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री हेतु परिवहन करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 2 कोचियों राजेश वर्मा पिता लखन सिंह वर्मा उम्र 40 साल साकिन वार्ड नं. 05 बेमेतरा, नरेश डेहरे पिता कन्हैया डेहरे उम्र 39 साल साकिन वार्ड नं. 07 बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचियों से कुल 58 पौवा देशी प्लेन/मशाला शराब किमती 5540 रूपये व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल सीजी 25 सी 6712 कीमती करीबन 40000 रूपये, कुल जुमला कीमती 45540 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। उपरोक्त कार्यवाही थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, व अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कंडरका पुलिस ने कोचिये से 22 पौवा शराब बरामद

बेमेतरा - चौकी कंडरका में 22 फरवरी को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 कोचिये पंचु राम साहू पिता सेवाराम साहू उम्र 32 साल साकिन गुधेली चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा, स्थाई पता सुर्य नगर गोगांव रायपुर कोहडिया रोड नहर नाली पार के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचिये से कुल 22 पौवा देशी मशाला शराब किमती 2420 रूपये व बिक्री नगदी रकम 300 रूपये कुल जुमला 2720 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी कंडरका प्रभारी सउनि केवल सिंह नेताम, एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

4 जुआरियों से 1130 रुपये के साथ तास की पत्ती जप्त

बेमेतरा - थाना नवागढ क्षेत्रांतर्गत के ग्राम मरका से घठोली खार रोड के आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे हैं की सुचना पर थाना नवागढ पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही कर जुआड़ी पकडे गये। जिसमें 1 प्रकरण दर्ज कर 4 जुआडियों शिवा निषाद उम्र 20 साल, रोहित साहू उम्र 27 साल, तिरिथ राम उम्र 47 साल सभी ग्राम मरका, प्रमोद ध्रुव उम्र 42 साल साकिन झालम चौकी खण्डसरा जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं।

कन्या विवाह योजना, 70 जोड़ों को बघेल ने दी शुभकामनाएं

बेमेतरा/नवप्रदेश। ज़िले के विकासखंड नवागढ़ के संबलपुर के हायर सेकण्ड्री स्कूल परिसर में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 70 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इस अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया साथ ही सुखी दाम्पत्य की शुभकामना भी दी साथ ही उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा कि निर्धन कन्याओं के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना वरदान है। इस योजना के माध्यम से फ़िज़ूल खर्च एवं दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों को समाप्त करने का एक अच्छा माध्यम है। अब ऐसे कन्याओं के माता-पिता को आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा।

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि शादी सामजिक जीवन में एक महत्वपूर्ण अंग है। यह वर-वधु का नहीं बल्कि दो दिलों का मिलन और दो परिवारों का एक होना भी

है। उन्होंने कहा कि समाज में हम सब की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, चाहे वो सामाजिक, संस्कृति, आर्थिक किसी भी क्षेत्र में हो। हम सब को मिल-जुलकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना होता हैं। राज्य सरकार ने जनता की बेहतरी के लिए कई बेहतर योजनाएं बनाई है जिनमे से एक है मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जिनका फायदा राज्य के हर वर्ग के गरीब व्यक्ति को मिल रहा है। साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग की टीम को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

एक मार्च से दसवीं, दो मार्च से 12वीं की परीक्षा, पुलिस की निगरानी में प्रश्नपत्र

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सीजीबीएसई बोर्ड की परीक्षा एक मार्च से शुरू हो रही है. एक मार्च से 10वीं बोर्ड और दो मार्च से 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू हो रही है. प्रदेश के सभी सेंटर्स पर प्रश्न पत्र और कॉपियों को पहुंचाने का काम तेज गति से चल रहा है. राजनांदगांव में शिक्षा विभाग ने प्रश्न पत्रों और कॉपियों को बांटा उसके बाद इस खेप को संबंधित इलाके के थाने में रखने का काम शुरू हो गया. पूरे प्रदेश के जिलों में सीजी बोर्ड परीक्षा के लिए 131 केंद्र बनाए गए हैं. राजनांदगांव में बोर्ड परीक्षा के कितने सेंटर्स- राजनांदगांव में सीजीबीएसई बोर्ड परीक्षा के 88 सेंटर्स बनाए गए हैं. इन सेंटरों पर 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र और कॉपियां जिसमें छात्र परीक्षा देंगे उसे पहुंचाया गया है. शहर के स्टेट स्कूल से इसका वितरण किया गया. उसके बाद सभी केंद्र अध्यक्षो की मौजूदगी में प्रश्न पत्र बांटे गए. जिन जिन इलाकों में स्कूल है उसके पुलिस थानों में इन सामग्री को जमा किया जाएगा. ÷राजनांदगांव जिले के चार विकासखंड में इस बार बोर्ड परीक्षा के लिए 88 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं.सभी परीक्षा केन्द्रों के अध्यक्ष अपने अपने केंद्र के परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न पत्र सामग्री ले जाने का काम कर रहे है. फिर इन्हें संबंधित थानों में जमा कराया जा रहा है. परीक्षा केन्द्रों के लिए 10 रूटों के लिए विभिन्न थानों के लिए प्रश्न पत्र प्राप्त करके अधिकारी वहां जमा कर रहे हैं।

पुलिस ने किया शातिर चोर गैंग का खुलासा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिले में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बाद अब पुलिस एक्शन मोड में है. पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के आदेश पर चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए दिए गए कड़े निर्देश के बाद पुलिस ने अभियान चलाकर चोरों के बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है. पकड़े गए गिरोह के पास से पुलिस ने लाखों का चोरी का माल भी बरामद किया है. पकड़े गए चोर दोपहर और रात के वक्त चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे. पकड़े गए लोग अबतक चोरी की 9 बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुके थे.

पुलिस को काफी वक्त से शिकायत मिल रही थी कि चोर इलाके में सक्रिय हैं और रेकी कर इलाके में घरों के ताले तोड़कर लाखों की चोरी कर फरार हो जाते हैं. छुईखदान और खैरागढ़ की स्थानीय पुलिस लगातार चोरों की पतासाजी कर रही थी. गैंग के लोग इतने शातिर थे कि पकड़े नहीं जा रहे थे. हमने मुखबिरों की मदद से आखिरकार गिरोह का भंडाफोड़ किया और इनको धर दबोचा. पकड़े गए लोगों के पास से लाखों का चोरी का माल और चोरी के सामान बरामद किए हैं. पकड़े गए लोगों गिरोह का सरगना भी शामिल है. - त्रिलोक बंसल, एसपी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई

गिरफ्त में आया चोर गैंग- दरअसल पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी कि चोरों का एक गैंग लंबे वक्त से इलाके में सक्रिय है. गैंग के लोग सूने मकानों को निशाना बनाया करते थे. चोरों का गैंग इतना बेखौफ था कि ये लोग दोपहर के वक्त भी सूने मकानों का ताला तोड़ कर चोरी कर लेते थे. चोरों का ये गैंग खैरागढ़ और छुईखदान इलाके में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था. पुलिस को जब इनका कोई सुराग नहीं मिला तब पुलिस ने मुखबिरों की मदद से चोरों को धर दबोचा. पकड़े गए लोगों ने 9 चोरी की वारदातों में शामिल होना कबूल किया है।

रामायण से गांव में आती है सुख-शांति : हीरा देवी

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला ब्लाक के ग्राम कोसपातर (बारगांव) में तीन दिवसीय श्रीराम कथा मानस सम्मेलन के पहले दिन शनिवार को श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कथा का समापन 26 फरवरी को होगा। कथा का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर बेरला जनपद पंचायत अध्यक्ष हीरा देवी वर्मा ने कहा कि आज के युवा धार्मिक आयोजनों से दूर होते जा रहे हैं, यही वजह है कि पाश्चात्य संस्कृति हावी होती जा रही है। ऐसे समय में अखंड रामायण व अन्य धार्मिक आयोजन का होना आवश्यक है। इससे गांव में सुख-शांति और समृद्धि आती है।

सम्मेलन में प्रत्येक मंडली को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। साथ ही प्रत्येक मंडली को आयोजक समिति द्वारा श्रीफल के साथ उपहार स्वरूप नगद राशि प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्रत्येक मंडली को स्व. प्रेमचंद

पारख की स्मृति में विजय पारख द्वारा प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। आज ये मंडली अपनी प्रस्तुति देंगे रविवार को जय मां शीतला मानस मण्डली भिलौरी (नयापारा), शिव शक्ति मानस परिवार नेवारी खुर्द (बालोद), नवनीत मानस मण्डली नंदनी नगर, स्वास्तिक महिला मानस मण्डली खरथुली, जय सरस्वती संपूर्ण महिला मानस मण्डली भरदा खुर्द, श्री हनुमत मानस मण्डली पिपरिया, संगीत मानस मण्डली निपानी, श्री मुक्ता मानस मण्डली कुर्सीपार भिलाई, ज्योति बालिका मानस मण्डली थनौद (चम्पारन), सत्यम मानस परिवार चरमुरिया (धमतरी) द्वारा श्रीराम चरित्र मानस की बाल पाठ, अरण्य काण्ड के दोहा आदि को प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजन की तैयारी में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष तखत राम साहू, कोषाध्यक्ष गिरवर दास मानिकपुरी, संयोजक तनेश्वर साहू, व्यवस्थापक समीर वर्मा, देवेंद्र वर्मा, शिव मुनीम, सदस्यगण जयलाल वर्मा, टोपसिंह साहू, धर्मेंद्र पाटिल, राघवेंद्र साहू, तीजराम साहू, ईश्वर साहू, भगत राम साहू, नोहर साहू, बल्ला निषाद, फत्ते साहू, मुंशी साहू, रमेश निषाद,सहित अन्य लोगों ने सहयोग दिया।

न्यूज गैलरी

राजपत्रित अधिकारी संघ ने मांगा 46 फीसदी डीए

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ जिला शाखा का आवश्यक बैठक आगर सभाकक्ष कलेक्टोरेट परिसर में रखा गया। जिसमें छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आवहान पर 46 प्रतिशत डीए सहित 4 सूत्रीय मांगों के संबंध में सभी तहसीलों एवं जिला मुख्यालय में 23 फरवरी को दोपहर 1.30 बजे भोजनावकाश के समय ज्ञापन कार्यक्रम में अधिकाधिक सहभागिता किये जाने का निर्णय लिया गया।कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के नवनियुक्त जिला संयोजक सुरेश कुमार सिंह का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते हुए संगठन की ओर से शुभकामनाएं दी गई। साथ ही महत्वपूर्ण संगठनात्मक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि सभी नवागंतुक राजपत्रित अधिकारियों से संपर्क कर सदस्यता अभियान चलाया जावें। जिला अध्यक्ष डॉ. आईपी यादव ने रैली पश्चात मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर एवं एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष महाप्रबंधक सीडी प्रसाद,उपाध्यक्ष विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पीएस बेदी, सहायक जिला परियोजना अधिकारी अजय नाथ, कार्यालय सचिव लेखाधिकारी राजेश कुमार लहरे, जिला कोषालय अधिकारी महेन्द्र पाण्डेय, कार्यकारिणी सदस्य जिला खेल अधिकारी संजय पाल,सदस्य प्रबंधक किशोर प्रभात सिंह राजपूत, तहसील शाखा मुंगेली कोषाध्यक्ष आर.के.घोषले, कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार दुबे, प्रवक्ता महादेव यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फास्टरपुर से सेतगंगा मेला प्राचीन श्रीराम जानकी, बाबा गुरुघासीदास मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें स्वयं सेवकों के छात्र-छात्राओं द्वारा मेला मंदिर परिसर में सभी जगह स्वच्छ किया गया। इसके साथ ही उक्त स्थलों में गंदगी न फैलाने तथा साफ-सुथरा रखने की बात कही गई। डस्टबिन या एक निश्चित स्थान पर गंदगी, कूड़े कचरे डालने व इससे होने वाली हानि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा मेले/मंदिर परिसर की साफ-सफाई करते देख वहां के लोग भी प्रेरित होकर इस अभियान में शामिल हुए। ग्रामीणों ने छात्र-छात्राओं के इस पहल की सराहना करते हुए लोगों को अपने आसपास को स्वच्छ रखने की अपील की।मेला परिषद कमेटी के सदस्य अखिल टोंडर, नरेंद्र जायसवाल, शिक्षक अरुण भाई टंडन, अमित प्रसाद बंजारे मौजूद रहे।उपस्थित सभी बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया। सहयोग में टीकाराम अंचल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामबाबू मिश्रा भी उपस्थित रहे।

रामायण व मानस गान स्पर्धा

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम भटगांव में अखंड नवधा रामायण एवं मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 14 फरवरी से प्रारंभ होकर 23 फरवरी तक किया गया है। कार्यक्रम के आचार्य पंडित गुलाब प्रसाद पांडेय को तथा मुख्य यजमान उतलेश यशोदा साहू को बनाया गया है। 23 फरवरी को हवन पूजन, सहस्त्रधारा एवं रात्रि में मानस गान प्रतियोगिता होगी। जिसमें प्रथम पुरस्कार 10001 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 9001 रूपए, तृतीय पुरूस्कार 8001 रुपए,चतुर्थ 5001 रूपए, पंचम पुरस्कार 3101 रूपए, षष्ठम पुरस्कार 2501 रूपए, सातवां पुरस्कार 2101 रूपए इसी तरह 16 पुरस्कार चयनित मानस मंडलियों को प्रदान किया जाएगा। बेस्ट गायक गायिका एवं अच्छे से प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

मैनपाट में पर्यटन विकास के होंगे सभी प्रयासः साय

मैनपाट के नर्मदापुर में झंडा पार्क स्थापना के लिए एक करोड़ की घोषणा

मैनपाट महोत्सव के लिए प्रतिवर्ष मिलेंगे 50 लाख

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव का शुभारंभ किया और कहा कि मैनपाट को पर्यटन की दिशा में और सुदृढ़ किया जाएगा। ताकि लोग सनातन और बौद्ध धर्म दोनों के समागम स्थल में सुकून कर अनुभव करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के सभी वर्गों के समावेशी विकास की दिशा में कार्य कर रही है।

श्री साय ने माताओं एवं बहनों का भी अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रदेश भर की महिला शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महतारी वंदन योजना के तहत राशि मिलना शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। प्रदेश भर से 70 लाख महिलाओं ने इसका फॉर्म भरा है और फॉर्म भरने की प्रक्रिया आगे भी प्रारंभ रहेगी, ताकि हमारी पात्र माताओं एवं बहनों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार हर छत्तीसगढ़िया के भांजे श्री राम के दर्शन का सपना पूरा करेगी। साथ ही चरण पादुका योजना को फिर से शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मैनपाट महोत्सव में नर्मदापुर में झंडा पार्क की स्थापना के लिए एक करोड़ की घोषणा की। साथ ही मैनपाट महोत्सव आयोजन के लिए प्रतिवर्ष 50 लाख रुपए की घोषणा की। इस अवसर पर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज एवं अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का तिब्बती शरणार्थी बंधुओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में तिब्बती परम्परा से आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा साईक्लिंग सहित कई एडवेंचर स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया। महोत्सव के दौरान नौकायन, जूमरिंग, आर्चरी, पतंग उत्सव, राज्य स्तरीय साइकिल रेस, पैरा सीलिंग, वैली क्रासिंग, हैंगिंग बॉल सहित अन्य रोमांचक खेलों का आयोजन होगा।

हितग्राहियों को बांटे सामग्री व प्रमाण पत्र

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसमें कृषि विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, उद्यान विभाग द्वारा पावर स्प्रेयर, पशुधन चिकित्सा विभाग द्वारा बैकयार्ड कुक्कट इकाई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन, मत्स्य पालन विभाग द्वारा नाव जाल योजना और फुटकर मछली विक्रय योजना, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, शिक्षा विभाग द्वारा स्थाई कोरवा जाति प्रमाण पत्र, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, खाद्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, श्रम विभाग द्वारा असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना, अंत्यवसाई विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति आदिवासी महिला सशक्तिकरण, स्मॉल बिजनेस योजना, अंत्योदय स्वरोजगार योजना और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना के 05-05 हितग्राही शामिल रहे।

सीएम ने किया विभागीय स्टॉल का अवलोकन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मैनपाट महोत्सव में विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया जहां विभागीय योजनाओं पर आधारित जीवंत मॉडल बनाए गए हैं। विभागों द्वारा स्टॉल में कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत कृषि विकास पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। पशुपालन विभाग द्वारा हर घर कुक्कुट पालन, रेशम विभाग द्वारा टसर धागाकरण, वन विभाग द्वारा वन सम्पदा, जल संसाधन विभाग द्वारा घुनघुट्टा डेम, मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन से समृद्धि, आदिवासी विकास विभाग द्वारा देवगुड़ी पर आधारित, जीवंत मॉडल बनाया गया। इसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हर घर नल पर आधारित, शिक्षा विभाग द्वारा पीएम श्री योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना एवं महिला सशक्तिकरण तथा अंत्याव्यवसायी विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा, कृषि विज्ञान केंद्र, केंद्रीय जेल द्वारा कैदियों द्वारा बनाए गए विभिन्न काष्ठ शिल्पों, सीएसपीडीसीएल, हथकरघा के स्टॉल लगाए गए।

शिक्षा अधिकारी ने स्कूल से नदारद शिक्षकों को अवैतनिक करने के निर्देश

लखनपुर+सरगुजा/नवप्रदेश। खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय ने प्राथमिक शाला राजपुरी कला प्राथमिक शाला नरकालो प्राथमिक शाला गेल्हा पानी का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें माध्यमिक शाला नरकालो में प्रधान पाठक संतोष पटेल एवं कमलेश राजवाड़े (शिक्षक एलबी) उपस्थिति पंजी में पूर्व से हस्ताक्षर कर विद्यालय से नदारत थे। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में हाजिर हुए। विद्यालय में कार्यरत अन्य शिक्षिका कुमारी धनेश्वरी तिवारी शिक्षक उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर अनुपस्थित पाई गई। प्राथमिक शाला गेल्हा पानी में शिक्षिका अल्पना दुबे बिना किसी आवेदन के संस्था से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाई गई। संस्था प्रमुख के द्वारा आकस्मिक अवकाश का संधारण उचित तरीके से नहीं किया जा रहा है। स्कूलों में अवलोकित अव्यवस्था एवं गैरजिम्मेदाराना पन कर्तव्य निर्वहन को रोष जाहिर करते हुए उपरोक्त शिक्षक शिक्षिकाओं को अवैतनिक किये जाने संबंधी स्पष्टीकरण जारी किया गया। उचित जवाब नहीं मिलने पर अग्रिम कार्यवाही हेतु जांच प्रतिवेदन उच्च कार्यालय को प्रेषित की जायेगी।

कोयला व राखड़ की ट्रकों से लोग परेशान

दुर्घटना की आशंका, डाडाईवासियों ने एसपी से मिलकर बताई समस्या

सक्ती/नवप्रदेश। नगर के निकट ग्राम डाडाई के ग्रामवासी सड़को पर चलते राखड और कोयले के भारी वाहनों से परेशान हो चुके हैं, और इसके चलते मार्ग में कई स्कूल भी हैं, जिनमे पढ़ने वाले छोटे बच्चों के साथ इन भारी वाहनों के कारण हमेशा एक्सीडेंट का डर बना रहता है। इसके अलावा इन वाहनों के कारण राखड और डस्ट की भी समस्या हो रही है। गांव वालों ने कई बार विभिन्न कार्यालयों इस हेतु करवाई का आवेदन भी दिया है,लेकिन उनकी समय हल नहीं हुई। ग्राम आसोंदा और डाडाई में दो एक्सीडेंट की घटनाएं भी हुई। इस समस्या को लेकर ग्राम डाडाई अचानकपुर,आसोंदा और आस पास के लोग ग्राम सरपंच हेमंत राज के साथ पुलिस अधीक्षिका सक्ति अंकिता शर्मा से मिलने पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने अपनी समस्या से अधीक्षिका सक्ती अंकिता शर्मा को अवगत कराया,पुलिस अधीक्षिका ने गंभीरता से गांव वालों की समस्या को सुना, और उनकी परेशानी को जायज बताते हुए, तत्काल संबंधित विभागों को उपरोक्त मार्ग पर भारी वाहन प्रतिबन्धित करने पत्र लिखने के निर्देश आने मातहतों को दिए।गांव वासी पुलिस अधीक्षिका से मिले सकारात्मक और सार्थक प्रतिक्रिया से बेहद खुश हुए।

डाडाई के हेमंत राज ने कहा कि पुलिस अधीक्षिका अंकिता शर्मा ने गांव में भारी वाहनों की समस्या को गंभीरता से लिया है।गांव वाले इस समस्या को लेकर चला जाम की तैयारी कर रहे थे,लेकिन आज पुलिस अधीक्षिका जी ने उनकी समस्या को सुना और सार्थक कार्यवाही करने की बात कही है। यही नहीं उन्होंने नगर निरीक्षक सक्ति को हैं में चलित थाना संवाद लगाकर और समस्याओं को जानने के लिए निर्देश भी दिए,जिससे ग्राम वासियों को काफी अच्छा महसूस हुआ है।

और उन्होंने चक्काजाम नही करने का निर्णय लिए हैं। पुलिस अधीक्षिका अंकिता शर्मा जी बताया कि,ने दमयू - डाडई रोड पर भरी वाहनों के चलने के कारण स्थानीय निवासियों को होने वाली समस्याओं को लेकर जिलाधीश महोदया से उनकी चर्चा हुई है, और उन्होंने इस मार्ग को भारी वाहनों के लिए नो एंट्री जोन घोषित करने पर सहमति जताई है। सभी भारी वाहन जल्दी ही सिर्फ हाईवे रोड से गुजरेंगे और इस रोड पर प्रवेश स्थान पर भारी वाहनों के लिए अवरोधक बेरियर्स भी लगाए जायेंगे। ग्रामवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एवम इस मुद्दे की संवंदनशीलता को देखते हुए इस पर त्वरित निर्णय पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की पहल पर जिलाधीश श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने लिया है, इससे सभी ग्रामवासियों ने हर्ष प्रकट करते हुए आभार व्यक्त किया।

शिविर में दिव्यांगों को दिए प्रमाण-पत्र

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के बलौदा विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त रूप से लगाए गए दिव्यांगता जांच शिविर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, हेल्थ किट, उपकरण, व्हीलचेयर का वितरण किया। उन्होंने शिविर के अन्तर्गत दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड पंजीयन के लिए एवं ब्लॉक स्तरीय मेगा दिव्यांग शिविर के माध्यम से शत प्रतिशत स्कूली विद्यार्थियों का प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। शिविर में 178 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें पात्रतानुसार स्कूल विद्यार्थियों का प्रमाणीकरण करते हुए प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने संबोधित करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आयुष्मान कार्ड के लिए लगाए जा रहे शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों का कार्ड बनाया जाए और इससे स्वास्थ्य के लिए मिलने वाली सुविधा का लाभ हितग्राही उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से कई तरह की सुविधाएं दी जा रही है।

इनमें महात्मा गांधी नरेगा एवं अन्य योजनाओं से जुड़े श्रमिकों का पंजीयन करते हुए श्रमिक कार्ड बनाया जा रहा इसके अलावा पीएम विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ श्रमिक आसानी से उठा सके। इस दौरान शिविर में कलेक्टर ने चंद्रशेखर, नीलिमा कंवर, कुमारी मनिश्वरी, मानसी देवांगन, फूलबाई, प्रहलाद, साधना कैवर्त, अली शाह, अरवी शुक्ला, हरीश को विभिन्न उपकरण का वितरण किया। शिविर में अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित, बहुविकलांग, मानसिक विकलांग, मूकबधिर सहित अन्य दिव्यांग व्यक्तियों का चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री छिकारा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि मरीजों दी जाने वाली सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष नम्रता राठौर, कन्हैया राठौर, ओंकार सिंह, डीएमसी आर के तिवारी, अनिल जगत, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी सहित बीईओ, बीएमओ, एसडीएम अकलतरा सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कब्जा हटाने के आदेश का दो साल में भी नहीं हो सका पालन

लखनपुर-सरगुजा। तहसील क्षेत्र ग्राम पंचायत जमगला में एक व्यक्ति द्वारा खसरा नंबर 193 / गौचर भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण करके 2021 में पक्के की मकान बना रहा था जिसको लेकर कार्यवाही करने हेतु तहसील कार्यालय में दरखास्त पेश किया गया था। 29 जुलाई 2021 को नायाब तहसीलदार लखनपुर द्वारा उक्त अवैध अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नाजायज कब्जा करने के मामले पर अर्थ दंड से दंडित करते हुए उन अवैध कब्जा धारियों के खिलाफ आदेश जारी कर उस जगह से बेदखल किए जाने की कार्यवाही किया गया था। लेकिन बेदखली आदेश जारी होने के 2 साल बाद गैरकानूनी तरीके से किया गया कब्जा अतिक्रमणकारियों से खाली नहीं कराया जा सका है। शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कारी का निर्माणाधीन घर बना हुआ है ज्ञात हो कि बेदखल के आदेश जारी होने के पश्चात भी अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने हेतु तहसील कार्यालय से किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं किये जाने की स्थिति में ग्रामीणों ने क्षेत्र के राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारियों के उपर मिली भगत का आरोप लगाया है। तथा जिला प्रशासन से मिलीभगत करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए गैरकानूनी कब्जा हटवाए जाने मांग किया है।

इसके अलावा तहसील क्षेत्र के कई राजस्व ग्रामों में शासकीय जमीन नदी कछारी भूमि, मरघट, गौचर देवगुडी स्कूल खेल मैदान तथा दूसरे नजूल के जमीनों पर अवैध कब्जा किये गये हैं निस्तार की भूमि पर अवैध कब्जा हो जाने से मवेशियों का पुराना चारागाह तकरीबन खत्म हो गया है। आमजनों की परेशानी बढ़ गई है।नदी किनारे के कछारी भूमि पर अवैध रूप से कास्तकारी किया जा रहा है।उन तमाम शासकीय भूमियों पर से अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने ठोस कार्यवाही किये जाने क्षेत्र वासियों ने शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया है।

महोत्सव मैनपाट महोत्सव में नामचीन हस्तियों सहित स्थानीय कलाकारों, स्कूली बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां, एडवेंचर स्पोर्ट्स, बोटिंग, फूड जोन, कैम्पिंग सहित अन्य गतिविधियों का उठाया लुत्फ

हास्य कवि डॉ. दुबे ने सरगुजावासियों को कहा 'झक्कास'

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मैनपाट महोत्सव के पहले दिन शुक्रवार को प्रसिद्ध बॉलीवुड कलाकारों, स्थानीय कलाकारों, स्कूली बच्चों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से महोत्सव को शानदार बनाया। हिंदी, छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा, नागपुरी गीतों का दर्शकों ने लुत्फ उठाया। महोत्सव में विख्यात हास्य कवि डॉ सुरेंद्र दुबे ने अपनी प्रस्तुति में तुकबंदी करते हुए सरगुजावासियों को झक्कास बताया। उनकी शानदार प्रस्तुति ने लोगों को लोटपोट कर दिया। इस दौरान गायिका मनाली सांखला के भक्तिमय गीतों से माहौल भक्तिमय हुआ। श्रद्धा पण्डित ने सुसराल गेंदा फूल, तू तो एवें एवें लूट गया जैसे गीतों ने लोगों को थिरकने पर मजबूर किया। इसके साथ ही स्वामी आत्मानन्द विद्यालय नर्मदापुर, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय नर्मदापुर, पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय घघरी सहित विद्यालय, महाविद्यालय के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दीं।

एडवेंचर स्पोर्ट्स, बोटिंग, फूड जोन, कैम्पिंग सहित अन्य गतिविधियां रही आकर्षण का केंद्र

महोत्सव स्थल पर लगा विशाल मेले में हजारों की संख्या में लोगों ने मनोरंजक झूलों एवं दुकानों का आनन्द उठाया। कार्यक्रम स्थल पर बने फूड जोन में लोगों ने पकवानों के चटखारे लेकर लुत्फ उठाए। फैंसी पतंग उत्सव में रंग-बिरंगे पतंगों से आकाश रोशन हुआ, रोपाखार जलाशय में बोटिंग के माध्यम से लोगों ने सैर-सपाटे का आनंद उठाया। इसके साथ ही मेहता पॉइंट पर आयोजित एडवेंचर स्पोर्ट्स पैरासेलिंग, पैराग्लाइडिंग, कैम्पिंग आदि ने भी लोगों को आकर्षित किया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

मैनपाट महोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। आयोजित दंगल प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 58 पहलवान इसमें हिस्सा ले रहें हैं। महिला एवं पुरुष वर्ग में आयोजित इस प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में 70 किलोग्राम से अधिक एवं 70 किलोग्राम से कम वजन वर्ग, वहीं महिला वर्ग में 50 किलोग्राम से अधिक एवं 50 किलोग्राम से कम वजन वर्ग में प्रतियोगिता होगी।

कलेक्टर ने छात्रावास में बच्चों के साथ किया भोजन, दिए उपहार

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर जिले के आदिवासी विकास विभाग द्वारा सभी छात्रावासों में न्योता भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रावास में बच्चों के लिए खीर, पूरी, मिठाइयां सहित तरह-तरह के पकवान बनाए गए।

जिले के ग्राम रामगढ़ स्थित आदिवासी कन्या छात्रावास में कलेक्टर ने बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन किया। उन्होने बच्चों से बात-चीत की और उन्हे उपहार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। पहली बार छात्रावास में इस तरह के आयोजन से बच्चे काफी खुश नजर आएं। कलेक्टर ने छात्रावास के बच्चों के साथ केक काटकर मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर जिले के सभी आश्राम एवं छात्रावासों में न्योता भोज का आयोजन किया गया।

न्यूज गैलरी

जनजाति बैगाओं ने पहली बार देखी विधानसभा सदन की कार्यवाही

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष न्यौता पर कबीरधाम जिले के ग्राम बदना में निवासरत् विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवार के सदस्य आज रायपुर स्थित विधानसभा भवन पहुंचे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अतिथि देवो भवः का पालन करते हुए अपने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बैगा जनजातियों को हाथ पकड़कर अपने साथ पूरे विधानसभा भवन का भ्रमण कराया और पहली बार विधानसभा सदन की कार्यवाही देखी। बैगाओं ने विधानसभा भवन का भ्रमण किया और पहली बार सदन की कार्यवाही देखकर गदगद हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में अपने अतिथि को पूरे आदर सम्मान के साथ बैठाया और उन्हें स्वल्पाहार भी करवाया।

महतारी वंदन योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियो की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। यह सूची सीडीपीओ/ग्राम, वार्ड सचिव/एडब्ल्यूसी आईडी से डाउनलोड किया जा सकता है। यह सूची ग्राम पंचायतों, नगरीय निकाय, वार्ड में सचिव ग्राम पचायत एवं नगरीय निकायों द्वारा चस्पा कराई जा रही है। सूची मे दर्शित आवेदिका की पात्रता के संबंध में 25 फरवरी तक आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। यह आपत्ति ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनो मोड मे दर्ज कराया जा सकेगा। प्राप्त आपत्तियों का निराकरण विकासखंड/नगरीय निकाय स्तर पर गठित समिति द्वारा 26 फरवरी से 29 फरवरी के मध्य किया जाएगा।

नरधा स्कूल के 4 स्काउट, 5 गाइड को मिला राज्यपाल पुरस्कार का प्रमाण पत्र

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। महंत लालदास उच्य माध्य. विद्यालय नरधा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को चिंतन दिवस के अवसर पर सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा के आयोजन पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ध्रुव जी (सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी) अध्यक्षता कैवर्त्य जी, विकास खंड सचिव जे आर बारले ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में शामिल होने पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष एस. एल नवरत्न, उपाध्यक्ष आई.एल. सोनवानी, यशवंत महिलांगे,विद्यालय के प्राचार्य पी.एल.पटेल, जी.आर. पटेल, एच.एल प्रधान, ए.डी. घृतलहरे, एम.के. पटेल, टी.एल.साहू, श्रीमती डी. साहू, व्ही.के. कैवर्त्य, डी. के. जायसवाल, एच.एल.मिरी, आर. के. कुरें. एन. के. देवांगन, कु एस.राय. श्रीमती एन.कर्ष, जे.के.साहू, एस.आर.पटेल जे.डी. मानिकपुरी, श्रीमती प्रभा खुटे, सुष्मा साहू,स्काउट एवं गाइड और स्काउट मास्टर बी के कोसले, गाइड कैप्टन श्रीमती आशा देवांगन ने शुभकामनाएं एवम बधाई दी है।

हाइवा की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत, ग्रामीणों में रोष

■ इससे पहले भी यहीं पर सड़क हादसे में एक नाबालिग बच्ची की दर्दनाक मौत हो चुकी है

खरोरा/नवप्रदेश। खरोरा से तिल्दा मुख्य मार्गों पर लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम तारा शिव के पास आज सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया हादसा में हाइवा ट्रक की चपेट में आकर एक महिला की मृत्यु हो गई,

आज सुबह एक महिला की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी ग्राम वालों को पता चलते ही आस पास के ग्रामीण इकट्ठा होते गए मुख्य मार्ग पर देखते ही देखते हुजूम लग गया ग्राम एक महिला जो कि अपने निजी कार्यों से जा रही थी सामने से आ रही हाइवा ट्रक की चपेट में आ गई और महिला की मौत हो गई हादसा इतना दर्दनाक था की महिला के बॉडी को लगभग15 मीटर तक घसीटते हुए ले गई हाइवा ट्रक के इस चपेट में आने से महिला थी दुर्घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई ग्रामीणों का कहना है इससे पूर्व भी यहीं पर एक नाबालिग बच्ची का दर्दनाक मृत्यु हो गया था ग्रामीणों के द्वारा उस समय भी रोड ब्रेकर बनाने की माँग समीप के आड़नी कंपनी से की गई थी लेकिन केवल आस्वशन ही रहा कार्यरूप में आज तक नहीं हुआ जिसका दुसपरिणाम आज इस हादसा के रूप में देखने को मिल रहा है !और इसी के करण सरपंच और ग्रामीण कलेक्टर के नाम प्रस्ताव बनाए है ग्रामीणों का कहना है कि आज हम लोग तब तक यहाँ से हड़ताल पर रहेंगे जब तक इस मुख्य मार्ग पर दो और ब्रेकर गति अवरोधक न बना दिए जाएं और मृतक महिला के परिवार वालों को उचित न्याय न मिल जाए तब तक हम सभी ग्रामीण यहाँ डटे रहेंगे।

ग्रामीणों का कहना है यह भी है कि इंडस्ट्रियल एरिया तो घोषित किया जा चुका है लेकिन मैनेजमेंट के नाम पर शून्य है !ग्रामीणों के द्वारा जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाते दबी जुबान से यह भी कहते सुना गया की समय पर सेवा कर दिया जाता है और इसी के चलते खानापूर्ति हो जाती है आखि़र ऐसा कब तक चलता रहेगा !

ग्रामीणों के द्वारा आज सुबह से ही चक्का जाम की स्थिति बनी हुई और अपनी माँगो को लेकर मुख्य मार्ग पर बीच सड़क में डटे हुए हैं दुर्घटना स्थल पर तहसीलदार व पुलिस प्रशासन पहुँच चुकी है जिसकी विवेचना किया जा रहा है जहाँ मृतक के परिजन एवं सरपंच और ग्रामीण सहित रोड में डटे हुए हैं प्रसासन के द्वारा ग्रामीणों एवम् जनप्रतिनिधियों को समझाइस देकर रास्ता खुलवाने में लगे हुए है !

200 स्कूलों के विद्यार्थियों ने किया न्योता भोजन

कलेक्टर, सीईओ, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने अपने-अपने स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों को कराया भोजन

कवर्धा । कबीरधाम जिले में राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित न्यौता भोजन कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन शुरू हो गया है। जिले के विकासखंड कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा के अंतर्गत संचालित 200 स्कूलों में न्यौता भोजन का आज शुभारंभ किया गया। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल और जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमके गुप्ता आज कवर्धा के शंकर नगर स्थित पीएम श्री द्वारा संचालित प्राथमिक स्कूल और शासकीय श्रवण बाधित एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय ग्राम सिंघनपुरी में पहुंचकर राज्य शासन की न्यौता भोजन कार्यक्रम के तहत वहां अध्यनरत विद्यार्थियों को गरम भोजन चांवल, दाल, सब्जी, खीर, पूड़ी, सलाद, पापड़, अंकुरित चना, फल सहित अन्य स्वादिष्ट भोजन परोसा। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत शालेय अवधि में बच्चों को गर्म भोजन उपलब्ध कराया जाता है। यह योजना भारत सरकार के साथ राज्य शासन की भी अति महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की गाईडलाईन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में इसे न्योता भोजन के नाम से लागू किया गया है। न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों एवं त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं। न्यौता भोजन पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। न्योता भोजन शाला में दिये जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल शाला में प्रदान किये जाने वाले भोजन का पूरक है। न्योता भोजन समुदाय के बीच अपने पन की भावना विकसित करने में मदद करेगा। यह प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत प्रदान किये जाने वाले भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि करने में मदद करेगा।

डोंगरगांव पुलिस व प्रशासन के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण से अब तक 42 अभ्यार्थी हो रहे हैं लाभान्वित

डोंगरगांव/नवप्रदेश। थाना डोंगरगांव को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव के क्षेत्र के युवाओं को देश/राज्य के सुरक्षा मे अपनी सहयोगिता देकर अपनी कर्त्वय निभाने हेतु शासन के द्वारा जारी अग्निवीर व छ0ग0 जिला बल आरक्षक भर्ती चयन प्रकिया मे ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र के युवाओं का योगदान देकर कर अपनी क्षमताओं को देश के सेवा मे लगाने हेतू थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा अभ्यार्थी भावी अग्निवीरव छ0ग0 जिला बल आरक्षकहेतु थाना डोंगरगांव के ग्राम कुमर्दा .मैदान मे भर्ती प्रक्रिया मे चयन हेतू हर वर्ग युवाओं/युवतियों को शारीरिक दक्षता (जैसें दौड़ , लंबी कुद , ऊंची कुद , गोला फेंक) की तैयारी के साथ साथ लिखित परीक्षा की तैयारी भी कराया जा रहा है ,प्रशिक्षण हेतु शिक्षा विभाग से पीटीआई की सहयोग ली जा रही है , तथा लिखित परीक्षा हेतु व्याख्याता शिक्षकों की

भी सहयोग ली जा रही है । ईच्छुक युवाओं/युवतियों द्वारा भी थाना डोंगरगांव पुलिस से संपर्क कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है । अब तक कुल 42 अभ्यार्थीयों कों प्रशिक्षण दिया जा रहा है । लिखित परीक्षा के तैयारी हेतु प्रतियोगिता परीक्षा पुस्तकें निःशुल्क प्रदाय की जायेगी । प्रशिक्षण मे वि0ख0 क्रिडा अधिकारी (पीटीआई ढालसिंह साहू) , प्रशिक्षक चैनसिंह रावटे , पीटीआई उत्तम कुमार बारसागढ़े , श्यामलाल साहू , शेख आबिद कुरैशी , अखिलेश खरे ,सुश्री फुलेता कोर्राम एवं थाना डोंगरगांव पुलिस स्टॉफ आरक्षक कौशल सुधाकर , आशाराम ध्रुव , सत्येन्द्र डाहिरे , धर्मेन्द्र मांडले , राकेश कुमार साहू , साहित अंसारी ,का विशेष योगदान रहा है ।

कबड्डी, खिलाड़ियों का चयन 29 को

कवर्धा/नवप्रदेश । कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में भारत सरकार की खेलो इंडिया योजनांतर्गत कबीरधाम जिले में खेलों इंडिया प्रशिक्षण केन्द्र ''कबड्डी खेल विधा'' खेल एवं युवा कल्याण विभाग में प्रारंभ किया जा रहा है। प्रशिक्षण केन्द्र के लिए 10 बालक एवं 10 बालिका कुल-20 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण केन्द्र के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 29 फरवरी 2024 को सुबह 8 बजे से खेलो इंडिया प्रशिक्षण केन्द्र कबड्डी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी तहसील पंडरिया जिला-कबीरधाम में आयोजित किया जाएगा।

जिला खेल अधिकारी ने बताया कि कबीरधाम जिले के बालक, बालिका खिलाड़ी चयन ट्रायल में भाग ले सकेंगे। चयन ट्रायल के लिए कलेक्टर द्वारा चयन समिति का गठन किया गया है।

स्कूल के वार्षिक समारोह में रंगारंग कार्यक्रम

डोंगरगांव । स्थानीय बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल में बीते दिवस एनुअल फंक्शन सृजन का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। खासकर रामायण व स्वच्छता थीम पर डांस परफार्म काफी सराहा गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा सरस्वती वंदना से हुआ। पश्चात् प्रभारी प्राचार्य नीलेश कुमार श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन देते हुए संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके अलावा चेयरमेन गिरीश सोनी ने संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा बताया कि बसंत पंचमी पर्व से संस्था में न्यू एडमिशन शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में एडमिशन लेने वाले पालकों को एडमिशन शुल्क में छूट दी जा रही है। इसके अलावा स्कूल के इंफ्राटक्चर तथा सुविधाओं में हो रही बढ़ोतरी की भी उन्होनें जानकारी दी। क्लॉस नर्सरी से लेकर दसवीं तक के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के बीच रामायण थीम पर आधारित डांस परफार्मेंस ने खूब तालियां बटोरी। वहीं स्वच्छता का संदेश देने वाली लघु नाटिका ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। लगातार साढ़े तीन घंटे तक चले एनुअल फंक्शन में बड़ी संख्या में उपस्थित पालकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

विदाई समारोह में शिक्षक ने बच्चों को दी सीख, निडर होकर पाएं ज्ञान

गरियाबंद- शा.उच्च. मा. विद्या. पिपरछेड़ी, वि. ख. गरियाबंद में 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए शनिवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया।

इसमें स्कूल प्रशासन की ओर से जूनियर छात्रों ने अपने सीनियरों को विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन खुमेश्वरी कोम्मर्रा, हेमसागर एवम् लक्ष्मी के द्वारा गया किया। वहीं, स्कूल के प्राचार्य बसंत त्रिवेदी, ग्रामीण अतिथियों, विद्यार्थियो सहित समस्त गुरुजनों श्री कामता प्रसाद, वीरेंद्र सिन्हा, रवि प्रकाश अंगारे, हरिनारायण यादव, किरण लाल दीवान, सूरज महडिक,दिनेश कुमार निर्मलकर, दीपक कुमार, हेमंत कुमार, बृजभूषण साहू, डॉ. ओमप्रकाश वर्मा, नूतन साहू, योगेश्वरी यादव, यशवन्त नाग, बाबूलाल बेल, तारसिंह शोरी, बैजनाथ नेताम, सत्यम पटेल, पुरसोत्तम एवम् टेकराम शोरी मौजूद रहे। समारोह में मधुर संगीत, ड्रामा, खेल और आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई।

ठेकेदार ने पीडब्ल्यूडी अफसर के घर में घुसकर की पिटाई, रिकवरी से था नाराज

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर में पीडब्ल्यूडी सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर के साथ ठेकेदार ने मारपीट की है. ठेकेदार ने इंजीनियर के घर पर घुसकर मारपीट की है. बताया जा रहा है कि ठेकेदार टेंडर के बाद की गई रिकवरी से नाराज था. नाराजगी को लेकर ठेकेदार इंजीनियर के घर पहुंचा.इसके बाद पीड़ित को बेडरूम से निकालकर ड्राइंग रूम में लाकर पीटने लगा. पिटाई के बाद पीडब्ल्यू इंजीनियर ने मारपीट की शिकायत थाने में दर्ज कराई. जिस पीडब्लूडी सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर के जिम्मे कांकेर रेंज के तीन जिले हैं.ठेकेदार की इस दबंगई से पीडब्ल्यूडी के अफसर डरे सहमे हैं . जिस वक्त घटना हुई वो शिवनगर के मकान में था.ऑफिस स्टाफ जयप्रकाश विश्वकर्मा भी थे. उसी समय ठेकेदार शैलेश शर्मा निवास में पहुंचा.बेडरूम से निकालकर ड्राइंग रूम में लाया.इसके बाद भरपाई कहां से करुंगा।

क्षेत्रीय सरस मेला का आगाज कल से, लगेगी प्रदर्शनी

सरस मेले के शुभारंभ में उपमुख्यमंत्री शर्मा, सांसद पाण्डेय, विधायक श्रीमती बोहरा को किया गया आमंत्रित

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले में पहली बार क्षेत्रीय सरस मेला 2024 का आयोजन किया जा रहा है। कबीरधाम जिला मुख्यालय के पीजी कॉलेज मैदान में 26 फरवरी से 6 मार्च 2024 तक क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन होगा। सरस मेला के शुभारंभ समारोह में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, कवर्धा जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी करेंगे। सरस मेला के आयोजन की तैयारी जोरो-शोरों से की जा रही है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे द्वारा सरस मेले आयोजन की तैयारी की मॉनिटरिंग की जा रही है। सरस मेले में प्रदेश के समस्त जिलों के साथ-साथ कबीरधाम जिले के स्व-सहायता समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियों का विक्रय एवं प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 10 दिवसीय सरस मेला में समूह द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार की सामग्रियों को आम जनता के लिए विक्रय के लिए रखा जाएगा। सरस मेले में लगभग 200 स्टॉल लगाए जाएंगे।

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि जिले में पहली बार क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन हो रहा है, जिसका आगाज 26 फरवरी से कवर्धा के पीजी कॉलेज ग्राउंड में होगा।

12 निर्माण कार्यो के लिए 97.45 लाख मंजूर

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे द्वारा पंडरिया विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों के 12 विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए विधायक मद से 97 लाख 44 हजार 400 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपंचायत सहसपुर लोहारा, पंडरिया और कवर्धा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। विधायक मद से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत रणवीरपुर में डुमरिया रोड़ से मुक्तिधाम तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 13 लाख 86 हजार 600 रूपए, संजू तिवारी के घर से छिन्दीछोरी मार्ग तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 12 लाख रूपए, शीतला मंदिर से नवागांव

मार्ग तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 06 लाख 15 हजार 600 रूपए, ग्राम मगरवाहा ग्राम पंचायत कोसमंदा में खेमसिंह वर्मा के घर से नारद वर्मा के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य के लिए 9 लाख 99 हजार 900 रूपए, ग्राम पंचायत बीरेन्द्र नगर में पीपरपारा से मेन रोड तक, खेलू डेहरे के घर से मेन रोड तक, मेन रोड से इंदल धुर्वे के घर तक सीसी रोड़ निर्माण 11 लाख 17 हजार 500 रूपए सहित अन्य निर्माण कार्यो के लिए राशि स्वीकृत किए गए।

मबविप ने कराया 20 जोड़ों का सामूहिक विवाह

पलारी/नवप्रदेश। नगर भवन पलारी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष मनोज आडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह गरीब माता पिता के लिए वरदान साबित हो रहा है आज गरीब माता पिता अपने जवान बच्चो के विवाह को लेकर चिंता नहीं करते क्योंकि सरकार ने ऐसे परिवार जो गरीब है । उनके बच्चो का विवाह कराने की जिम्मेदारी उठा लिया है पहले विवाह के लिए 25 हजार रुपए दिया जाता था । अब उस राशि को बड़ाकर 50 हजार कर दिया है ताकि बच्चो की शादी धूम धाम से हो सके और साथ ही 21000 रुपए का चेक दुल्हन के नाम पर दिया जा रहा है ताकि उक्त राशि से वे अपनी अन्य जरूरत का सामग्री खरीद सके। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सभापति कृषि समिति प्रवीण धुरंधर ने कहा की सामूहिक विवाह समारोह में शादी करना गर्व की बात है लोग सामूहिक विवाह को गरीबी से जोड़कर न देखे कोई भी बड़ा से बड़ा आदमी इतनी व्यस्था नही कर सकता जितनी सामूहिक विवाह समारोह में होती है क्योंकि हर वर्ग के लोग भारी संख्या में सामूहिक विवाह में शामिल होते है कोई भी कितना बड़ा पूंजी पति हो अपने घर जब वे विवाह करता है तो उनके मेहमानों की लिस्ट काफी छोटी होती 100/500/1000लोग शामिल होते होंगे मगर जब कोई सामूहिक विवाह होता है तो वहा कम से कम 5000 हजार लोग शामिल होकर घराती और बराती बनकर धूमधाम से विवाह में वर कन्या को आशीर्वाद देते है ।कोई भी माता पिता अगर अपने घर में अपने बच्चो की शादी करता है तो भी इतनी धूमधाम से वे शादी नही कर सकते ।और जब सामूहिक विवाह समारोह में शादी करने वाले जोड़े के बाल बच्चे होते है और उनकी जब बारी शादी की आती है तो वे अपने बच्चो के लिए एक मिशाल होते है की उनके माता पिता ने फिजूल खर्ची को छोड़कर सामूहिक विवाह किए जो हमारे लिए भी गर्व की बात है ।

उनका हुआ विवाह,,,,,रोशनी/चोवाराम जुनवानी, चांदनी/भूपेंद्र कुकदा ,राधा /जितेंद्र दतरेंगी,उतरा/पिंटू बिनौरी, प्रीति/ खिलेंद्र बिनौरी, चांदनी/मनीष बलोदी, गीता/दीपक बलोदी, कुंती/वासुदेव सुंद्रावन , डागेश्वरी /सागर बलोदी ,सविता/मुकेश कुमार दतान,सरिता/परमेश्वर मुड़ियाड़ीह,अनामिका /ओंकार गिर्रा ,किरण /जितेंद्र दतान,मंजू /राज कुमार गिंदोला अमेरा,पायल /केशरी लाल दतान, महेश्वरी /रामेश्वर अमेरा,कृति /सचिन सकरी,सुहानी/बलराम पलारी, नदनी /मिथलेश देवगांव , बेना/गजानंद टोनाटार, शामिल है ।

दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप शुरु

गरियाबंद/नवप्रदेश। नगर के स्थानीय गांधी मैदान में कान्हा युवा मण्डल गरियाबंद के तत्वाधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल चौम्पियनशिप का आयोजन 24 एवम 25 फरवरी को किया जा रहा है। चौम्पियनशिप में राज्य के तीन ख्याति प्राप्त टीम बीएसपी भिलाई, भारतीय खेल प्राधिकरण रायपुर और कबीरधाम प्रमुख रूप से शामिल होगी। इसके अलावा राजनांदगांव, खमरिया और गरियाबंद की टीमें भी शामिल है। इनके बीच लीग पद्धति से मैच होगा। जिसमे प्रथम पुरस्कार 26 हजार एवम द्वितीय पुरस्कार 12 हजार प्रदान किया जाएगा।

कान्हा युवा मण्डल के अध्यक्ष विनय दासवानी ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य गरियाबंद और छत्तीसगढ़ राज्य के बालिकाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित और जागरूक करना है। आयोजन को लेकर तैयारी पूरी हो गई है। शनिवार दोपहर दो बजे मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा भाजपा नेता अजय रोहरा तथा विशेष रूप से पार्षद विमला साहु, रिखी यादव, सभापति वंश गोपाल, गुलेश्वरी ठाकुर, प्राचार्य आर.के.तलवरे, डा.हरिश चौहान, भाजयुमो उपाध्यक्ष प्रतीक तिवारी होंगे।

आयोजन को सफल बनाने में नगर खेल द्रोणाचार्य से सम्मानित एवम अंतराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी संजीव साहू, सूरज महाड़िक, मनोज खरे, प्रहलाद ठाकुर, संदीप सरकार, ऋतिक सिन्हा, प्रकाश रोहरा, ऐश्वर्य यदु, मनोज कंवर, जीतू सेन, महेंद्र यादव, रविंद्र यादव, होरी यादव, आकाश तिवारी, रमेश यादव, राहसो यादव, धीरज बिहारी सहित नगर के खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी तथा व्यापारी वर्ग जुटे हुए है।

दो दिन में चार सड़क हादसों में 5 लोगों की मौत

बालोद/नवप्रदेश। दो दिन में चार अलग अलग जगह मौत की रफ्तार ने पांच लोगों की जान ले ली। इधर लाखों रुपये खर्च कर सड़क सुरक्षा माह अभियान समाप्त करने के बाद यातायात पुलिस सुस्त नजर आ रही है तो वहीं दूसरी ओर छोटे वाहनों से लेकर भारीभरकम वाहनों की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को राजहरा थाना क्षेत्र में ग्राम कुसुमकसा के पास जमही मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक विपरीत दिशा से आ रही कार को अपने चपेट में ले लिया। इस भीषण हादसे में कार चालक खेमराज साहू की दर्दनाक मौत हो गई यह घटना करीब 12 बजे की है वहीं दूसरी घटना बुधवार को ही देर रात करीब 9=30 बजे नेशनल हाईवे 930 में शेरपार जाने वाली मुख्य मार्ग में मटकसा के आसपास हुई जहां जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सिवनी निवासी जगमोहन पटेल और युवराज यादव दोनों एक बाइक में सवार होकर मोहला की ओर से अपने गांव सिवनी जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक और से भिड़ंत हो गई इस हादसे में ग्राम सिवनी निवासी जगमोहन पटेल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथी युवराज यादव गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे बालोद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं शुक्रवार को जिले के गुंडरदेही नगर में भूसा से भरी ओव्हरलोड ट्रक बाइक सवार दो कॉलेज छात्र को अपनी चपेट में ले लिया और दोनों को रौंदते हुए आगे निकल गया इस हादसे में दोनों युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं इसके साथ ही दोपहर में दो तेज रफ्तार बाइक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसा इतना खतरनाक था कि दोनो बाइक के आपस मे टक्कर होते ही बाइक के पेट्रोल टँकी फट गया इससे बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गया वहीं इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिला मुख्यालय में भी छोटे वाहनों से लेकर चारपहिया वाहनों व भारीभरकम मालवाहक वाहनों की लापरवाही लगातार सामने आ रही है। बालोद शदर के सदर में एक चारपहिया वाहन को बीच सड़क में खड़ी कर दुकान में समान खरीदी कर रहे थे जबकि उस रोड से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था इस तरह की लापरवाही अक्सर देखने को मिलता है, लेकिन यातायात पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। यातायात पुलिस लोगों को यातायात नियमों का पालन करने सड़क सुरक्षा रथ जिले भर में घुमाकर लोगों को जागरूक करने के नाम पर लाखों खर्च कर दिए लेकिन स्थिति में जरा भी सुधार देखने को नहीं मिल रहा है।

टीम इंडिया 7 विकेट पर 219 रन

रांची। भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच रांची के JSCA इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जा रहा है। मैच के दूसरे दिन पहले सेशन में इंग्लैंड टीम पहली पारी में 353 रन पर ऑलआउट हो गई।

फिलहाल दूसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। टीम इंडिया ने सात विकेट के नुकसान पर 219 रन बना लिए हैं। ध्रुव जुरेल और कुलदीप यादव क्रीज पर हैं। भारत का सातवां विकेट 56वें ओवर में गिरा। आर अश्विन महज एक रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें टॉम हार्टले ने आउट किया। इंग्लैंड की तरफ से अब तक शोएब बशीर चार विकेट ले चुके हैं। टॉम हार्टले को दो सफलताएं मिली। जेम्स एंडरसन को एक विकेट मिला। पहली पारी में इंग्लैंड की तरफ से जो रूट शतक (122*) बनाकर नॉटआउट रहे। भारत की तरफ से सबसे ज्यादा 4 विकेट रवींद्र जडेजा ने लिए। टीम इंडिया ने 62वें ओवर में अपनी डबल सेंचुरी पूरी कर ली। कुलदीप यादव ने टॉम हार्टले के खिलाफ दो रन लेकर टीम का स्कोर 200 रन तक पहुंचाया।

इस दौरान उनके साथ ध्रुव जुरेल क्रीज पर मौजूद रहे।भारत का सातवां विकेट 56वें ओवर में गिरा। आर अश्विन महज एक रन बनाकर आउट हो गए। टॉम हार्टले को इस इनिंग का दूसरा विकेट मिला। इंग्लैंड की तरफ से अब तक शोएब बशीर चार विकेट ले चुके हैं। टॉम हार्टले को दो सफलताएं मिली। जेम्स एंडरसन को एक विकेट मिला। इंग्लिश स्पिनर टॉम हार्टले ने सरफराज खान को भारतीय पारी के 52वें ओवर में आउट कर दिया।

उन्होंने सरफराज को जो रूट के हाथों कैच कराया। हार्टले का इस इनिंग में यह पहला विकेट रहा। सरफराज ने 53 गेंदों का सामना कर 14 रन बनाए।शोएब बशीर ने यशस्वी जायसवाल को भारतीय पारी के 47वें ओवर में क्लीन बोल्ड कर दिया। इसके साथ ही बशीर के अब तक 4 विकेट हो गए हैं। जायसवाल ने 117 गेंदों का सामना कर 73 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी 8 चौके और एक सिक्स लगाया।शोएब बशीर के ओवर में सरफराज खान रन आउट होने से बच गए। कमेंटेटर सुनील गवास्कर ने कहा कि वह लकी रहे, कि बच गए। सरफराज रन लेने के दौरान क्रीज पर गलत तरीके से बैट ड्रैग कर रहे थे। दरअसल भारतीय पारी के 40.4 ओवर में सरफराज खान, बशीर की गेंद पर रन के लिए दौड़ पड़े। वहीं दूसरे छोर पर खड़े यशस्वी जायसवाल ने रन लेने से मना कर दिया। जिसके बाद सरफराज को लौटना पड़ा। तभी फील्डर ने गेंद विकेटकीपर को थ्रो किया। जिसके बाद कीपर ने स्टंप को बिखेर दिया। हालांकि, यह करीबी मामला हो सकता था। लेकिन सरफराज बच गए। गावस्कर ने सरफराज के बैट ड्रैग करने के तरीके को गलत बताया और कहा कि मुंबई क्रिकेट में रनिंग के दौरान बैट फ्रंट साइड से क्रीज पर रखने की प्रैक्टिस कराई जाती है। जबकि सरफारज ने बैट को उल्टे साइड से क्रीज पर रखा था। वह लकी रहे कि बच गए।टीम इंडिया के ओपनर यशस्वी जायसवाल के इस सीरीज में 600 पूरे हो गए हैं।

डेवोन कॉनवे और डेविड वार्नर टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच से हुए बाहर

नईदिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच सीरीज का तीसरा टी-20 मैच 25 फरवरी को खेला जाना है। सीरीज के इस आखिरी टी-20 मैच से न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर बाहर हो गए हैं।कॉनवे की जगह पर कीवी टीम में टिम सीफर्ट को शामिल किया है, जबकि वार्नर के स्थान पर किसी खिलाड़ी को नहीं जोड़ा गया है।

कॉनवे शुक्रवार को खेले गए दूसरे टी-20 में विकेटकीपिंग के दौरान अपने बाएं अंगूठे में चोट लगा बैठे थे।वह उसके बाद बल्लेबाजी करने नहीं आए थे। वह अपने घर वेलिंग्टन वापस लौटेंगे और उनके स्थान पर सीफर्ट टीम से जुड़ जाएंगे।न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी भी गेंदबाजी समूह के कवर के रूप में टीम में शामिल होंगे।न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने इस बारे में जानकारी दी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम से वार्नर चोट (ऐडक्टर इंजरी) के कारण सीरीज के आखिरी मैच से बाहर हो गए हैं।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने स्पष्ट किया है कि वार्नर की चोट ज्यादा गम्भीर नहीं है। उनकी इस चोट का IPL 2024 और उसके बाद होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलने को लेकर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।वार्नर की अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड की सलामी जोड़ी ऑस्ट्रेलिया से पारी की शुरुआत करते हुए नजर आ सकती है।ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई हुई है। पहले टी-20 में ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी।जीत के लिए मिले 216 रन के विशाल लक्ष्य को कंगारू टीम ने आखिरी गेंद पर हासिल किया।इसके बाद दूसरे टी-20 में ऑस्ट्रेलिया ने 72 रन से जीत दर्ज की थी। जीत के लिए मिले 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम 102 रन ही बना सकी थी। ऐसा भी माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया तीसरे टी-20 में जोश हेजलवुड और पैट कमिंस के बिना उतर सकता है।मेहमान टीम सीरीज पर तो कब्जा जमा ही चुकी है।

क्रोएशिया के इवानकोविच को चीन की पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया

बीजिंग। चीनी फुटबॉल एसोसिएशन (सीएफए) ने शनिवार को घोषणा की कि क्रोएशियाई ब्रैंको इवानकोविच को एशियाई कप के खराब नतीजों के बाद सर्बिया के अलेक्जेंडर जानकोविच की जगह चीनी पुरुष राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।सीएफए के एक बयान में कहा गया है, आगामी 2026 विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए, सीएफए ने विशेषज्ञों के मूल्यांकन के बाद ब्रैंको इवानकोविच को चीन की पुरुष राष्ट्रीय टीम के नए मुख्य कोच के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया। इवानकोविच, जो अगले सप्ताह 70 वर्ष के हो जाएंगे, ने जर्मनी के हनोवर 96 और क्रोएशिया के जीएनके डिनामो ज़ग्रेब के साथ-साथ ईरान और ओमान की राष्ट्रीय टीमों सहित कई यूरोपीय क्लबों को कोचिंग दी थी।अनुभवी कोच ने शेडोंग ताइशान के नेतृत्व में 2010 सीज़न में चीनी सुपर लीग ट्रॉफी भी जीती।जांकोविक को पिछले साल फरवरी में चीन का कोच नियुक्त किया गया था, और फिर पिछले नवंबर में 2026 विश्व कप क्वालीफायर के शुरुआती मैच में चीनी टीम ने थाईलैंड को 2-1 से हराया था।लेकिन हनीमून अवधि जल्द ही समाप्त हो गई क्योंकि चीन इस साल जनवरी में एशियाई कप में दो गोल रहित मुकाबलों और 1-0 की हार के साथ ग्रुप चरण में टिकने में विफल रहा।सीएफए ने कहा, एशियाई कप में नॉकआउट चरण में प्रवेश करने में चीनी टीम की विफलता के कारण, सीएफए और जांकोविक के बीच अनुबंध स्वचालित रूप से समाप्त हो गया। सीएफए कोच जांकोविक और उनकी कोचिंग टीम की कड़ी मेहनत के लिए आभारी है, और उन्हें शुभकामनाएं देता है।इवानकोविच मार्च में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, जब चीन लगातार विश्व कप क्वालीफायर में सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा।

मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया

बेंगलुरु। यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के सीजन 2 के उद्घाटन मैच में यास्तिका भाटिया (57) और हरमनप्रीत कौर (55) के तूफानी अर्धशतकों के बाद नवोदित संजीवन सजना के आखिरी गेंद पर छक्के की मदद से मुंबई इंडियंस ने आखिरी ओवर के रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हरा दिया।

उद्घाटन समारोह में सुपरस्टार शाहरुख खान की अगुवाई में बॉलीवुड सितारों के जलवे बिखेरने के बाद ऐलिस कैप्सी ने 53 गेंदों में 75 रनों की पारी खेली और मेग लैनिंग (31) और जेमिमा रोड्रिग्स (42) के साथ मिलकर दिल्ली कैपिटल्स को 20 ओवरों में 171/5 तक पहुंचने में मदद की। गत चैंपियन ने उन्हें पहले बल्लेबाजी करने को कहा। मुंबई इंडियंस टीम लगातार दम दिखाते हुए अंतिम ओवर में पहुंच गई। जब उसे छह गेंदों में 12 रनों की जरूरत थी, एलिस कैप्सी ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर पूजा वस्त्रकार (1) को वापस भेजा। शेफाली वर्मा के अच्छा बचाव करने के बाद अमनजोत कौर ने दो रन लिए और फिर एक रन लिया। जब तीन गेंदों पर नौ रनों की जरूरत थी, तब हरमनप्रीत ने एक चौका लगा दिया। लेकिन जब दो गेंदों पर पांच रन की जरूरत थी, तब भीड़ स्तब्ध रह गई, क्योंकि हरमनप्रीत आउट हो गईं। एनाबेल सदरलैंड ने जोरदार हीव पर एक स्कीयर पकड़ा। मुंबई इंडियंस को आखिरी गेंद पर पांच रन चाहिए थे और पहली बार सजना क्रीज पर थीं। इस भारतीय युवा खिलाड़ी ने कैप्सी को पहली ही गेंद पर मिडिल और लेग के स्लॉट में छक्का लगाकर जीत पक्की कर दी। इससे पहले, हेले मैथ्यूज के शून्य पर आउट होने के बाद यास्तिका भाटिया ने मुंबई इंडियंस को बचाए रखा। उन्होंने और नेट साइवर-ब्रंट ने दूसरे विकेट के लिए 33 गेंदों पर पचास रन जुटाए, इससे पहले यास्तिका ने 35 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। साइवर-ब्रंट के 19 रन पर आउट होने के बाद यास्तिका और हरमनप्रीत कौर ने तीसरे विकेट के लिए 56 रन जोड़े। हरमनप्रीत, जिन्होंने 32 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया, ने पारी को आगे बढ़ाया और अमेलिया केर (24) के साथ चौथे विकेट के लिए 44 रन जोड़े, जिससे मुंबई इंडियंस ने खुद को संभाले रखा। हालांकि, आखिरी मिनट का ड्रामा सुनिश्चित होने से पहले चीजें आगे बढ़ने पर अमेलिया केर और पूजा वस्त्राकर आउट हो गईं।

बिजनेस

मार्च में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक

नई दिल्ली। अगर आपने मार्च में किन्हीं जरूरी कामों की वजह से बैकों के ज्यादा चक्कर लगाने हैं तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मार्च में 14 दिन बैंक बंद रहेंगे। इन 14 दिनों में महीने के दूसरे और चौथे शनिवार की छुट्टियां भी शामिल हैं। इसके अलावा रविवार, सार्वजनिक छुट्टी और कुछ रीजनल छुट्टियां हैं। मार्च के महीने में होली का त्यौहार पड़ रहा है।

25 मार्च को होली के मौके पर देशभर में पब्लिक हॉलिडे रहेगी। 1 मार्च को चापचूर कुट के कारण मिजोरम में, 3 मार्च को रविवार की साप्ताहिक छुट्टी के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। 8 मार्च को महा शिवरात्रि/शिवरात्रि अवकाश और 9 मार्च को दूसरे शनिवार के कारण सभी बैंकों की छुट्टी रहेगी। 10 मार्च को रविवार के कारण पूरे देश के बैंक बंद रहेंगे, 12 मार्च को रमजान की शुरुआत के कारण प्रतिबंधित अवकाश रहेगा। 17 मार्च को रविवार होने की वजह से देशभर में बैंकों की छुट्टी रहेगी।

22 मार्च को बिहार दिवस के कारण पटना में बैंक बंद रहेंगे, 23 मार्च को भगत सिंह के शहीदी दिवस के कारण कई राज्यों में बैंकों की छुट्टी रहेगी। ऋब्ढ्ढ की गाइडलाइंस के मुताबिक,मार्च में सभी रविवार, दूसरे और चौथे शनिवार को बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (ऋब्ढ्ढ) ने 1, 8, 22, 25, 26,27 और 29 मार्च को भी बैंक हॉलिडे का ऐलान किया है। आपको बता दें कि मार्च में 5 रविवार पड़ रहे हैं यानी 3,10,17,24 और 31 मार्च को बैंकों में नियमित अवकाश रहेगा।

अब जीमेल को टक्कर देने आ रहा एक्समेल, मस्क ने किया बड़ा दावा

नई दिल्ली। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने गूगल को धमकी देते हुए कहा कि उनका एक्स प्लेटफॉर्म पर जल्द ही जीमेल सेवा का विकल्प देगा। जब एक्स से पूछा गया कि क्या वह ईमेल सेवा की योजना बना रहा है, तो उन्होंने कहा कि सेवा जल्द ही आ रही है। एक्स की इंजीनियरिंग और सुरक्षा टीम के सदस्य नैट मैकग्राडी ने पूछा था कि एक्समेल कब लॉन्च किया जाएगा। मस्क ने जवाब दिया, आ रहा है। इससे टेक उद्योग में भूचाल आ गया क्योंकि एक हेरफेर की गई तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने के बाद अफवाह फैल गई थी कि गूगल जीमेल को बंद कर रहा है। एक फॉलोवर ने कहा, जीमेल पर से भरोसा उठ गया है। जल्द से जल्द एक्समेल पर स्विच करने का समय आ गया है। एक अन्य ने टिप्पणी की कि मैं अपने जीमेल का उपयोग वैसे ही करूंगा जैसे मैं अब अपने हॉटमेल का उपयोग जंक के लिए करता हूं। इससे पहले एक्स पर कथित तौर पर गूगल द्वारा जारी एक ईमेल की तस्वीर वायरल हो गई थी जिसमें लिखा था कि अगस्त 2024 में जीमेल का सूर्यास्त होगा। कंपनी इस वर्ष मूल एचटीएमएल को बंद कर रही है और यूजरों को सेवा के मानक दृश्य पर स्विच किया जाएगा।

एनटीपीसी की पहली सौर परियोजना का वाणिज्यिक संचालन शुरू

नई दिल्ली। राजस्थान के छत्तरगढ़ में एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनटीपीसी-आरईएल) की पहली सौर परियोजना ने 70 मेगावाट क्षमता का वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है।

छत्तरगढ़ सौर परियोजना की निर्धारित पूर्ण क्षमता 150 मेगावाट है और मार्च 2024 तक चालू होने की उम्मीद है। यह क्षमता एसईसीआई- किस्त ढ्ढढ्ढ के तहत हासिल की गई थी और इस परियोजना का लाभार्थी राजस्थान राज्य है।यह परियोजना प्रतिवर्ष 37 करोड़ यूनिट ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जो 60,000 घरों के लिए पर्याप्त है। साथ ही हर साल 3 लाख टन सीओटी 2 उत्सर्जन की बचत और 1,000 एमएमटीपीए पानी का संरक्षण भी करती है। यह एक वर्ष में 5,000 से अधिक घरों के लिए पर्याप्त है। इस समय एनटीपीसी-आरईएल की 17 परियोजनाएं चल रही हैं, जिनकी कुल क्षमता 6,000 मेगावाट से अधिक है। एनटीपीसी समूह की कुल नवीकरणीय ऊर्जा परिचालन क्षमता 3,448 मेगावाट है।

मेटा ने भारत में लॉन्च किया इंस्टाग्राम का क्रिएटर

नई दिल्ली। मेटा (पूर्व में फेसबुक) ने कहा कि वह इंस्टाग्राम के क्रिएटर मार्केटप्लेस का भारत सहित आठ नए बाजारों में विस्तार कर रहा है, ताकि अधिक ब्रांडों और क्रिएटर्स को साझेदारी पर एक साथ काम करने में मदद मिल सके। क्रिएटर मार्केटप्लेस ब्रांडों और क्रिएटर्स के लिए साझेदारी के अवसरों से जुड़ने और सहयोग करने का एक उपकरण है। टेक दिग्गज ने 2022 में अमेरिका में क्रिएटर मार्केटप्लेस का परीक्षण शुरू किया था।

मेटा ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, अगले कुछ सप्ताह में, हम इंस्टाग्राम के क्रिएटर मार्केटप्लेस में शामिल होने के लिए कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, जापान, भारत और ब्राजील में स्थित क्रिएटर्स और ब्रांडों को आमंत्रित करने की योजना बना रहे हैं। चीनी निर्यात ब्रांडों को भी दूसरे देशों के ऑनबोर्ड क्रिएटर्स के साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा, मेटा ने नई मशीन लर्निंग-आधारित अनुशंसाओं का परीक्षण भी शुरू कर दिया है जो ब्रांडों को ऐसे रचनाकारों को खोजने में मदद करने के लिए इंस्टाग्राम डेटा का उपयोग करते हैं जो उनके अभियानों के लिए सबसे उपयुक्त हैं। योग्य ब्रांड आने वाले महीनों में मेटा बिजनेस सूट में इंस्टाग्राम के क्रिएटर मार्केटप्लेस पर इन सिफारिशों तक पहुंच सकते हैं। मेटा ने कहा, इंस्टाग्राम का क्रिएटर मार्केटप्लेस ब्रांडों को किसी भी तरह के सहयोग के लिए प्रासंगिक क्रिएटर्स को आसानी से ढूंढने में मदद कर सकता है। साथ ही यह सबसे शक्तिशाली साझेदारी विज्ञापनों में से एक है। इस बीच, मेटा ने कहा है कि वह इंस्टाग्राम और थ्रेड्स पर डिफ़ॉल्ट रूप से यूजरों को राजनीतिक कंटेंट का सुझाव नहीं देगा। इंस्टाग्राम के बॉस एडम मोसेरी ने थ्रेड्स पोस्ट में बदलाव की घोषणा की और कहा कि यूजर अभी भी उन खातों से राजनीतिक कंटेंट देखेंगे जिन्हें वे फ़ॉलो करते हैं, लेकिन ऐप्स अब ऐसे पोस्ट को सक्रिय रूप से बढ़ा-चढ़ाकर नहीं दिखाएंगे।

करीना, तब्बू और कृति सेनन स्टारर फिल्म क्रू का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी, 29 मार्च को होगा रिलीज

करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन राजेश कृष्णन के निर्देशन में बनी फिल्म द क्रू को लेकर सुर्खियों में हैं। बीते दिनों इस फिल्म से फर्स्ट लुक वीडियो जारी कर रिलीज डेट का एलान किया गया था। वहीं, आज इसका फर्स्ट लुक पोस्टर जारी हुआ है, जिसमें करीना, कृति और तब्बू का लुक रिवील किया गया है। ये फिल्म 29 मार्च को रिलीज होगी।

कृति सेनन ने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से फिल्म द क्रू से पहला लुक पोस्टर साझा किया है। पोस्टर में करीना कपूर, तब्बू और कृति एयर होस्टेस के किरदार में नजर आ रही हैं। तीनों अभिनेत्रियां रेड कलर की अपनी फ्लाइट अटेंडेंट वर्दी पहने खूब जच रही हैं। कृति ने पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, चैक इन के लिए तैयार हो जाइए, अब द क्रू के साथ उड़ान भरने का समय है।द क्रू फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन को एक साथ बड़े पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में तीनों अभिनेत्रियों के अलावा कपिल शर्मा और दिलजीत दोसांझ भी अहम रोल में नजर आएंगे। कॉमेडी किंग कपिल फिल्म में कैमियो रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म को एकता कपूर और रिया कपूर मिलकर प्रोड्यूस कर रही हैं। इससे पहले ये दोनों मिलकर फिल्म वीरे दी वेडिंग बना चुकी हैं। द क्रू की कहानी की बात करें, तो यह फिल्म तीन महिलाओं की कहानी पर आधारित है, जिसमें एयरलाइन इंडस्ट्री के संघर्ष और कठिनाइयों को पेश करने की कोशिश है। करीना, तब्बू और करीना स्टारर फिल्म द क्रू 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि, पहले निर्माता इस फिल्म को 22 मार्च को रिलीज करने की योजना बना रहे थे।

सारा की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन 21 मार्च को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी

प्राइम वीडियो ने विश्व रेडियो दिवस के मौके पर अपनी आगामी ऑरिजिनल मूवी ऐ वतन मेरे वतन के प्रीमियर के तारीख की घोषणा की. एक मोशन पिक्चर के साथ तारीख का खुलासा किया गया, जिसमें उषा का किरदार निभा रही मुख्य अदाकारा सारा अली ख़ान की आवाज़ सुनाई देती है. वह रेडियो के माध्यम से पूरे उत्साह के साथ देश को ब्रिटिश राज के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह कर रही हैं।

कन्नन अय्यर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म की कहानी दरब फ़ारूक़ी और अय्यर ने लिखी है, जिसमें सारा अली ख़ान के साथ सचिन खेडेकर, अभय वर्मा, स्पर्श श्रीवास्तव, एलेक्स ओ नील और आनंद तिवारी मुख्य भूमिकाओं में नज़र आने वाले हैं. वहीं इमरान हाशमी गेस्ट के रोल में दिखेंगे. धर्मा एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने प्रोड्यूस किया है. ऐ वतन मेरे वतन एक काल्पनिक कहानी है जिसमें एक दिलेर युवती द्वारा गुपचुप तरीके से चलाए जा रहे एक रेडियो स्टेशन की बड़ी रोचक दास्तान दिखाई गई है. जिसने भारत की आज़ादी की लड़ाई की दिशा ही बदल दी. स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता के अद्भुत कारनामों से भर सफ़र से प्रेरित यह फिल्म आज़ादी के मशहूर और गुमनाम, दोनों नायकों के सम्मान में बनाई गई है, जो आज़ादी की लड़ाई के दौरान भारत के युवाओं की बहादुरी, देशभक्ति, बलिदान और उनके अटल इरादे को दर्शाती है। दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देने वाली यह ऐतिहासिक थ्रिलर-ड्रामा फिल्म 21 मार्च को प्राइम वीडियो पर हिंदी और तमिल, तेलुगु, मलयालम एवं कन्नड़ में डबिंग के साथ प्रीमियर के लिए तैयार है. फिल्म को देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं।

न्यूज गैलरी

बाइक सवार बस से टकराया, मौत

रायपुर/नवप्रदेश। जोरा ओव्हरब्रीज पर बाइक सवार खड़ी बस से जा टकराया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी व दो बच्चे घायल है। मामले में तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। चरोदा भिलाई निवासी मृतक मूलचंद पटेल 37 वर्ष अपनी पत्नी धनेश्वरी पटेल, बेटी सीता पटेल व बेटा हिमांसु पटेल को बाइक क्रमांक सीजी 07 डीजेड 2306 में बिठाकर कहीं जा रहा था, तभी जोरा ओव्हरब्रीज के ऊपर खड़ी बस क्रमांक सीजी 06 एच 6222 से जा टकराया। इस हादसे में मूलचंद की मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी व दोनों बच्चे घायल हो गए, जिसे पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पार्किंग से एक्टिवा हुई पार

रायपुर/नवप्रदेश। सेंट्रल लाइब्रेरी के पार्किंग में खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी विजय साहू 47 वर्ष रामसागर पारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एलएन 5922 को सेंट्रल लाइब्रेरी की पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 53 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 750 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने लोहराभाठा के पास अवैध शराब के साथ आरोपी जीवन साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 13 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 550 रुपए जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी सूरज हलधर 18 वर्ष के पास से 18 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी संजय शर्मा 42 वर्ष के पास से 22 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 32 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 32 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खम्हारडीह पुलिस ने कचना शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी रामु मिश्रा 42 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी आकाश ध्रुव 27 वर्ष व लोकेश निषाद 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने आरोपी शशीकांत यादव 35 वर्ष एवं डीडीनगर पुलिस ने आरोपी शिवेंद्र सिंह 35 वर्ष व दीनेश शर्मा 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी संतोष गुप्ता 36 वर्ष एवं गुढियारी पुलिस ने आरोपी उमेंद्र मोदी 40 वर्ष, उमेश सिंह 65 वर्ष व जोगेंदर सिंह 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी चंद्रशेखर यादव 27 वर्ष व मोनेश साहू 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी जाफर शफीक 35 वर्ष व अमील खान 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी आदित्य सोनी 19 वर्ष, सुरेन्द्र पटेल 32 वर्ष व जीव राखन ध्रुव 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आरंग पुलिस ने आरोपी संजय टण्डन 30 वर्ष, परमा सोनवानी 21 वर्ष, लेखराम धृतलहरे 43 वर्ष, अशोक जांगडे 24 वर्ष, हेमंत चन्द्राकर 42 वर्ष व उमेश सेन 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने आरोपी भरत कौशिक 30 वर्ष व पूनम विश्वकर्मा 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी नारायण गायकवाड़ 63 वर्ष व सुरेश कुमार गुप्ता 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने आरोपी राकेश सांई 25 वर्ष, नेवरा पुलिस ने आरोपी प्रमोद वर्मा 30 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी लल्लाराम पटेल 42 वर्ष, निरज दुबे 43 वर्ष व नूतन साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

युवक से मारपीट कर कैमरा लूटा

रायपुर/नवप्रदेश। युवक से मारपीट कर कैमरा लूटने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी दुर्गेश ठाकरे 32 वर्ष प्रेम नगर गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी प्रेम विश्वास प्रार्थी को खनिज नगर तेलीबांधा बुलाया और कहा कि 2-4 घंटे वीडियो शुटिंग का काम है कहते हुए पूरा दिन काम कराया। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी को 24 व 26 को भी शुटिंग करना है कहकर बुलाया। जिससे प्रार्थी ने बिना एडवांस लिए काम नहीं करूंगा कहा, तो आरोपियों ने प्रार्थी से मारपीट कर उसके निकॉन कैमरा को लूटकर भाग निकले। लूटे हुए कैमरे की कीमत करीब 42250 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

महिला से की गई मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम गनौद में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थियाा की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रेमिन सोनी 45 वर्ष ग्राम गनौद की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी बलवंत यादव व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर लाठी डंडा से मारपीट किए। प्रार्थिया की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बच्चों ने दिखाई कैनवास पर विकसित भारत की विकसित रेल

- **पेंटिंग के माध्यम से रेलवे स्टेशनों का रूपांतरण**
- **बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे हालिया और प्रस्तावित स्टेशन पुनर्विकास पर पेंटिंग में शामिल हुए**
- **ईसीओआर क्षेत्राधिकार में स्कूली बच्चों के बीच निबंध, ड्राइंग, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।**

भुवनेश्वर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को वर्चुअल मोड के माध्यम से अमृत स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे और 1500 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। अमृत स्टेशनों के तहत ईसीओआर के 22 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा और 30 आरओबी/आरयूबी का शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पित भी किया जाएगा। इसी सिलसिले में

शहर/कस्बों के विभिन्न स्कूलों में विकसित भारत की विकसित रेल विषय पर स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में ईसीओआर क्षेत्राधिकार के 78 स्कूलों के लगभग 11000 छात्रों ने भाग लिया है। सोमवार को अलग-अलग नामित स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई कि कैसे भारतीय रेलवे 2047 तक हमारे माननीय प्रधान मंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए आधुनिकीकरण के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। ईसीओआर ने 2047 तक भारतीय रेलवे पर युवा प्रतिभाशाली दिमागों से विचार, विचार, सुझाव, अपेक्षाएं और दृश्य निकालने की कवायद की।

श्रीराजीव लोचन जन्मोत्सव पर दिव्यरूप का दर्शन

राजिम/नवप्रदेश। माघ पूर्णिमा के अवसर पर भगवान श्री राजीव लोचन के प्रकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ब्रम्हमुहूर्त में मंदिर के पट खुला गया। मंदिर पुजारी समिति के अध्यक्ष रामकुमार सिंह ने बताया कि भगवान श्री राजीव लोचन को दूध, दही, घी, शक्कर से बने पंचामृत और मीठे फलों के रस से अभिषेक कराया गया। इसके पश्चात् बहुत ही सुंदर श्रृंगार किया गया। जिसमें स्वर्ण मुकुट, माला मूंग, (नवरत्न) कर्ण, मकराकृत कुंडल चक्र, पैजब चूड़ा, बाजुबंध, पीतांबरी से सुसज्जित किया गया। श्रृंगार होने के बाद भगवान श्री राजीव लोचन अत्यंत ही मनमोहक नजर आ रहे हैं।

मंदिर के पुजारी ने बताया कि दोपहर में मुकुट को बदलकर पगड़ी पहनाते है। आज के दिन मंदिर पूरा समय श्रध्दालुओ के दर्शन के लिए मंदिर खुला रहता है। रात में आरती प्रसादी-भोग के बाद शयन के समय वृध्द पोषाक पहनाते है। भगवान को रिझाने और आशीर्वाद पाने के लिए प्यारी गाते है। मंदिर के पूजारी ने बताया कि आज के दिन भगवान जगन्नाथ मंदिर का पट बंद रहता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ स्वयं यहां उपस्थित होते है। यहां की प्रतिमा गजेन्द्र मोक्ष हरि अवतार है। भगवान के शयन के लिए प्रतिदिन दोपहर में दो घंटे के लिए एवं रात में पट खुलने तक बिस्तर लगाया जाता है।

गेंदा फूल से सजाया मंदिर का गर्भगृह

भगवान श्री राजीवलोचन का गर्भगृह और मंदिर के महामण्डप में दो क्विंटल से अधिक गेंदा फूल से खंभे एवं दीवाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया हैं, जो कि बहुत ही आकर्षक दिखाई दे रहा है। मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालु इसकी भव्यता और सुन्दरता को देखकर अति प्रसन्न हो रहें है।

मंदिरो में रही अच्छी भीड़

इस बार माघ पूर्णिमा से ही श्रध्दालुओं की भीड़ देखने को मिली। श्री कुलेश्वर नाथ मंदिर में कतारबध्द होकर अपने बारी का इंतजार करते रहें। संगम में हर-हर गंगे, हर-हर महादेव, जय राजीव लोचन शब्द से जयकारा होती रहीं। नारियल धूप अगरबत्ती फूल आदि चढ़ाकर श्रध्दा सुमन अर्पित करते रहें। राजिम कुंभ का पहला दिन से ही भीड़ अच्छी दिखाई दी।

नगरीय निकायों के लिए 70.51 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के 21 नगरीय निकायों के लिए 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कुल 70 करोड़ 50 लाख 76 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत पांच करोड़ 11 लाख 62 हजार रुपए और 15वें वित्त आयोग के तहत 65 करोड़ 39 लाख 14 हजार रुपए की राशि शामिल हैं। नगरीय निकायों में विकास कार्यो में तेजी लाने उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने ये राशि मंजूर की है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सरिया नगर पंचायत के लिए 32 लाख 26 हजार रुपए, रायगढ़ नगर निगम के लिए दस करोड़ 62 लाख 81 हजार रुपए, जगदलपुर नगर निगम के लिए नौ करोड़ 31 लाख 30 हजार रुपए, कवर्धा नगर पालिका के लिए एक करोड़ 21 लाख 18 हजार रुपए और खरसिया नगर पालिका के लिए 34 लाख 78 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। विभाग द्वारा नगरी नगर पंचायत के लिए 62 लाख 96 हजार रुपए, माना कैंप नगर पंचायत के लिए 12 लाख 66 हजार रुपए, लवन नगर पंचायत के लिए 48 लाख 58 हजार रुपए, लैलुंगा नगर पंचायत के लिए दस लाख रुपए, लोरमी नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 44 लाख 84 हजार रुपए, बिलासपुर नगर निगम के लिए आठ करोड़ 73 लाख 61 हजार रुपए, कोरबा नगर निगम के लिए 11 करोड़ 56 लाख 25 हजार रुपए, रायपुर नगर निगम के लिए 17 करोड़ 28 लाख 11 हजार रुपए, सरायपाली नगर पालिका के लिए 70 लाख 52 हजार रुपए, कुंरा नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 15 लाख 78 हजार रुपए, डभरा नगर पंचायत के लिए 26 लाख रुपए तथा मुंगेली नगर पालिका के लिए एक करोड़ सात लाख 50 हजार रुपए की स्वीकृति 15वें वित्त आयोग के तहत प्रदान की गई है।

मांगलिक भवन और उद्यान निर्माण के लिए 1.2 करोड़ रुपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सरिया नगर पंचायत में मांगलिक भवन और उद्यान के निर्माण के लिए एक करोड़ 20 लाख 13 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद दोनों कार्यों के लिए स्वीकृति आदेश जारी कर दिए गए हैं।

उप मुख्यमंत्री साव ने दोनों कार्यों को अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा सरिया नगर पंचायत में डॉ. बी.आर. अंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन के लिए 73 लाख 73 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

विभाग द्वारा सरिया में उद्यान निर्माण के लिए 46 लाख 40 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

पीठ के मांस से बनाया होंठ, स्वांस नली की दुरुस्त

- **करंट से झुलसे युवक को 40 दिनों बाद मिली नई जिंदगी**

रायपुर/नवप्रदेश। करेंट से झुलसने के बाद एक युवक का आंख के नीचे का पूरा हिस्सा झुल गया। मरीज जब अस्पताल पहुंचा तो वो सांस भी नहीं ले पा रहा था। क्योंकि उसकी स्वांस नली पूरी तरह झुलस गई थी। इसी युवक की प्लास्टिक सर्जन डॉ कमलेश अग्रवाल ने पीठ का मास निकालकर न केवल होठ बनाएं बल्कि इस युवक की जान भी बचाई। महादेवघाट रोड स्थित ओम हॉस्पिटल में ओडिशा के रहने वाले एक मरीज करीब 40 दिनों तक भर्ती रहने के बाद सकुशल डिस्चार्ज हुआ है। अस्पताल के डायरेक्टर और प्लास्टिक सर्जन डॉ कमलेश अग्रवाल ने बताया कि 19 वर्षीय मरीज को हाईटेंशन तार टूटने के बाद उसकी चपेट में आ गया था और उसका मुंह पूरी तरह झुलस गया था। इसके अलावा मरीज का पेट और हाथ भी बुरी तरह से झुलस गया था। जब अस्पताल पहुंचा मरीज तो केवल उसके चेहरे में केवल दांत ही दिखाई दे रहे थे। परिजन उसे ओडिशा के अस्पताल ले गए, लेकिन वहां इलाज संभव नहीं था,